


पैन कार्ड आवेदन के नए नियम पहली अप्रैल से होंगे लागू - 12




पीएनजी का तेजी से नेटवर्क बढ़ाने पर राज्यों को मिलेगी ज्यादा एलपीजी- 12



ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा, स्पष्ट समयसीमा बताने से इन्कार - 13



पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी है : सिंधू - 14



आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
20.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 06.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या 06:53 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 207, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये




नई दिल्ली के पालम इलाके में बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग को कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। ● एजेंसी

# दिल्ली और इंदौर में भीषण अग्निकांड, 17 लोगों की मौत

## पालम इलाके में आवासीय इमारत में लगी आग, तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की जान गई

## इंदौर में इलेक्ट्रिक कार चार्ज करते वक्त हुआ हादसा 8 मृतकों में एक ही परिवार के दो बच्चे, तीन महिलाएं

**नई दिल्ली/इंदौर, एजेंसी**

दिल्ली और इंदौर की आवासीय इमारतों में हुए भीषण अग्निकांड में 17 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह बहुमंजिला इमारत में लगी आग में एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। इंदौर में तीन मंजिला मकान में तड़के इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करते वक्त धमाके के बाद आग लग गई। यहां भी एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ की जान चली गई।

दिल्ली के पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में स्थित इमारत के बेसमेंट, भूतल



इंदौर में घटनास्थल पर मौजूद बचावकर्मी।

और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जिसके मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। कश्यप के परिवार में पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियां थीं। मृतकों में राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियां शामिल हैं। तीनों बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी मौत हो गई। राजेंद्र का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इस पर अनिल ने खुद भी छलांग लगा दी। आग से बचने के लिए पास की एक इमारत से कूदा सचिन (29) भी घायल हो गया।

इंदौर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के मकान में तड़के 4:00 आग लगी। पुलिस के मुताबिक मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। अचानक चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी भीषण आग ने मकान को चपेट में ले लिया। इसके बाद घर में रखे रसोई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए जिससे आग और विकराल हो गई। घटना में मकान के अंदर मौजूद तन्मय (6), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) की मौत हो गई। दरवाजों पर इलेक्ट्रॉनिक ताले लगे थे जिन्हें तोड़ने में पुलिस को काफी मुश्किल हुई।

### दिल्ली: सौंदर्य उत्पादों से भड़की आग

पड़ोसियों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आग पहली मंजिल पर लगी और तेजी से फैल गई। दुकान में मौजूद ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। शोरूम में थिनर, नेल पॉलिश और रिमूवर जैसे कई ज्वलनशील पदार्थों का भंडार था।

### 30 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

बचाव अभियान के तहत पुलिस, बीएसईएस, एनडीआरएफ कर्मियों और वायुसेना पुलिस के साथ लगभग 30 दमकल गाड़ियां और 11 एम्बुलेंस सेवा में लगाई गईं। काले धुएं के घने गुबार और आग की लपटों के बीच भीड़ वाले बाजार में आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल को काफी संघर्ष करना पड़ा।

### मोदी ने इंदौर की घटना पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से देने की घोषणा की।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपये में 49 पैसे की बड़ी गिरावट, 93 के करीब



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और 92.41-92.89 के बीच कारोबार करता रहा। अंत में 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो 49 पैसे की बड़ी गिरावट है। मंगलवार को रुपया 92.47 का स्तर छूकर 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

### विवादास्पद गीत पर दिया एनएचआरसी ने नोटिस

**नई दिल्ली।** विवादास्पद गीत 'सरके चुनर' में अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं। संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'केडी द डेविल' के इस गीत को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है।

### खराब मौसम : दिल्ली में 16 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम की खराब स्थिति के कारण बुधवार शाम को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर 16 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। बुधवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी में आंधी आई और भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आईजीआईए की 16 आगमन उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर परिवर्तित किया गया। आईजीआईए देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है जो प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन करता है।

# ईरान के शीर्ष अधिकारियों के मारे जाने के बाद पश्चिम एशिया में और बढ़ा घमासान

## ईरान ने इजराइल पर बरसाईं मिसाइलें, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दूसरे दिन भी हमला

- यूएई में ऑस्ट्रेलियाई सैन्य ठिकाना भी बनाया मिसाइल का निशाना

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के दो शीर्ष अधिकारी अली लारीजानी और जनरल गुलाम रजा सुलेमानी के मारे जाने के बाद बुधवार को पश्चिम एशिया में घमासान और तेज नजर आया। ईरान ने लारीजानी की हत्या का बदला लेने के लिए बुधवार को दोनों की मौत की पुष्टि के साथ जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल पर मिसाइलों की बारिश की, इसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। इसके अलावा, ईरान ने यूएई में ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस को भी निशाना बनाया।

रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक उसने मध्य इजराइल को 'मल्टीपल-वारहेड' मिसाइलों से निशाना बनाया, जिनमें रक्षा प्रणालियों से बचने और रडार को भ्रमित करने की क्षमता होती है। इसके अलावा खुर्रमशहर-4 और कादर मिसाइल भी दागीं। इस बीच, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर बुधवार तड़के



ईरान से दागी गई मिसाइलें बुधवार को मध्य इजराइल के आसमान में तेजी से गुजरीं।

लगातार दूसरे दिन हमला हुआ। मंगलवार को बगदाद स्थित दूतावास परिसर के अंदर एक ड्रोन भी गिरा था। ईरान ने बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात स्थित अल मिनहाद एयर बेस पर भी हमला किया, हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह एयर बेस एडीएफ कर्मियों की तैनाती के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने कहा, 18 मार्च की सुबह बेस के उस हिस्से को निशाना बनाया गया जहां एडीएफ की लंबे समय से उपस्थिति रही है।

**मोसाद के लिए जासूसी के आरोप में फांसी:** ईरान में बुधवार को इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में देश में एक व्यक्ति को फांसी दी गई। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान' ने मृतक की पहचान कुरुश कीवानी के रूप में की है। आरोप हैं कि उसने संवेदनशील स्थानों की तस्वीरें और जानकारी' मोसाद को उपलब्ध कराई थीं।

### ईरान के परमाणु संयंत्र और गैस संयंत्रों पर हमले, नुकसान नहीं

इस बीच, ईरान के बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मिसाइल हमला हुआ, लेकिन इसमें कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा ईरान के विशाल अपतटीय साउथ पार्स क्षेत्र में प्राकृतिक गैस संयंत्रों पर भी बुधवार को हमला हुआ। ईरान और कतर फारस की खाड़ी में स्थित अपतटीय तेल क्षेत्र साझा करते हैं।

### मिसाइल हमलों के बाद दुबई में अलर्ट

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मिसाइल हमलों के कारण बुधवार को अलर्ट जारी कर दुबई के लोगों से सुरक्षित जगहों पर शरण लेने की अपील की। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई रक्षा प्रणालियां मिसाइलों को रोक रही हैं। दुबई के विभिन्न हिस्सों में तेज आवाजें सुनाई देने के बाद अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमेरिका ने होर्मुज के निकट ईरानी मिसाइल ठिकानों पर की बमबारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने ईरान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट स्थित ईरानी मिसाइल ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक ईरान के तटवर्ती क्षेत्र में स्थित सुदृढ़ (हार्डन) ईरानी मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के गहरे पैठ बनाने वाले कई बमों को गिराया है। इन ठिकानों पर मौजूद ईरानी एंटीशिप क्रूज मिसाइलें जलडमरूमध्य से गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा मानी जा रही थीं।

# यूपी में सुरक्षा से विकास तक अब नया मॉडल: मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- योगी ने किया 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन
- कहा, प्रदेश में अब न भय न तनाव, न ही दंगों का खतरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोक भवन में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का नया मॉडल स्थापित किया है। उन्होंने इस परिवर्तन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, सरकार की नीतियों, जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता और जनता के सहयोग का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश पहचान के संकट, कमजोर कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी और पलायन से जूझ रहा था, लेकिन अब न भय है, न अराजकता और न दंगों का खतरा। नवरात्रि और रमजान जैसे पर्व सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। सरकार ने 9 वर्षों में 9 लाख से अधिक नौकरियां दीं, जिनमें 2.19 लाख पुलिस भर्तियां शामिल हैं। पुलिस सुधार के तहत प्रशिक्षण क्षमता बढ़ी, कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुई और हर जिले में साइबर थाने बने। योगी ने कहा कि प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभरा है।

सात शहरों में मेट्रो, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट इसकी पहचान हैं। राज्य में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और जेवर देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। निवेश के क्षेत्र में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश ग्राउंडिंग हो चुकी है, जबकि जापान, सिंगापुर और जर्मनी के निवेशक भी उत्साहित हैं। कृषि विकास दर 8.5 से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई, गन्ना किसानों को 3.16 लाख करोड़ का भुगतान हुआ और सिंचाई का विस्तार हुआ। महिला सशक्तीकरण में 1.75 लाख से अधिक बेटियों को नौकरी मिली, जबकि 1.10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, और ब्रजेश पाठक ने भी उपलब्धियां गिनाई और पुस्तक के विमोचन में हिस्सा लिया।

### संवाद से जन-जन तक पहुंचेगा '9 वर्ष' का विजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 विषयों पर आधारित 9 दिवसीय कार्यक्रम बसंत नवरात्रि से शुरू होगा। इसमें युवा, किसान, महिलाएं व समाज के सभी वर्ग सहभागी बनेंगे। संवाद के जरिए जहां 9 वर्षों की उपलब्धियां साझा होंगी, वहीं आगे के विकास का विजन भी तय किया जाएगा। उन्होंने कहा, 9 पूर्णता का प्रतीक है और यह अभियान उसी दिशा में एक अहम कदम है।

# चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

- 13 आईएएस और पांच आईपीएस की तैनाती, संभालेंगे चुनाव की कमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का नया दौर शुरू करते हुए 13 आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ पांच आईपीएस अधिकारियों को भी उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया है।

आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार तबादला निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर तीन बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह फेरबदल निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद किए गए कई बदलावों के बाद हुआ है।

# राष्ट्रपति आज राम मंदिर में करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

**अयोध्या।** रामनगरी गुरुवार को एक बार फिर आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व के क्षण की साक्षी बनेगी। राष्ट्रपति श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना करेंगी। यह कार्यक्रम नव संवत्सर और नवरात्रि के प्रथम दिन पर आयोजित हो रहा है। बताया गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह करीब 11 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह राम मंदिर पहुंचेंगी। यहां वह सबसे पहले रामलला के दर्शन- पूजन करेंगी। मुख्य अनुष्ठान राम मंदिर के द्वितीय तल पर स्थित गर्भगृह में होगा, जहां अभिजित मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम यंत्र की स्थापना संपन्न होगी।



# उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त शुल्क न वसूल करें विमानन कंपनियां

- ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतों के बीच सरकार ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमानन कंपनियों को घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने का निर्देश दिया है। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब सीट चयन सहित विभिन्न सेवाओं के लिए विमानन कंपनियों की ओर से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि उड़ान में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच तय हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क बुक की जा सकती हैं, बाकी सीटों के लिए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है।

### एक ही पीएनआर पर अब साथ-साथ देनी होगी सीट

नए निर्देशों के तहत एक ही पीएनआर पर बुक कराए गए टिकट पर अब यात्रियों को फ्लाइट में एक साथ सीट देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि जहां तक संभव हो उन्हें अगल-बगल की सीट दी जाएं। आमतौर पर एक ही परिवार के लोगों को एक ही पीएनआर पर बुक टिकट पर काफी दूर-दूर बैठने के लिए सीट आवंटित की जाती थीं।

# होर्मुज संकट पर मोदी ने की कुवैत के युवराज से बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना भारत की सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाए रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बातचीत कर उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता जताई। मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

# सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाएं दुनिया भर में बाधित

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को बुधवार को बड़ी तकनीकी खराबी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण भारत सहित बड़े पैमाने पर दुनिया भर के यूजर्स के लिए इसकी सेवाएं बाधित हो गईं।

सेवाओं के बाधित होने पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार भारत में रात आठ बजे इस मंच के काम न करने की खबरें आईं। मोबाइल एप और कंप्यूटर वेबसाइट दोनों में समस्या आई। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरों के यूजर्स ने टाइम लाइन को अपडेट करने, उत्तर देखने और नए संदेश साझा करने में दिक्कतें झेलीं।

## कैबिनेट के फैसले

### सरकार ने दी 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी

# देश भर में विकसित होंगे 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। कहा गया है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को



गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग एंड प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत उत्पादन शुरू कर सकती हैं।

### बाराबंकी से बहराइच तक राजमार्ग होगा 6969.04 करोड़ से फोरलेन

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच एनएच-927 का 101.5 किमी का हिस्सा चार लेन का बनाया जाएगा। इस पर 6969.04 करोड़ लागत आएगी। चार लेन होने से इन जिलों के शहरी क्षेत्रों में भीड़ की समस्या हल होगी। साथ ही नेपालगंज सीमा के जरिए भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन गलियारे के रूप में काम करेगी।

### कैबिनेट ने 2584 करोड़ लागत की लघु जल विद्युत विकास योजना की मंजूर

देश के दूरदराज के क्षेत्रों में पन बिजली क्षमता का दोहन करने के लिए 2584.60 करोड़ रुपये की लागत से ''लघु जल विद्युत विकास योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया गया है जिसके अंतर्गत करीब 1500 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। वैष्णव ने बताया कि योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए स्वीकृति दी गई है।

### समर्थन मूल्य पर कपास खरीद के लिए 1,718.56 करोड़ रुपये

भारतीय कपास निगम को 2023-24 के कपास सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था के तहत दिए गए मूल्य समर्थन को लेकर 1,718.56 करोड़ रुपये दिए जाने की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के दौरान कपास के बाजार भाव एमएसपी से नीचे गिरने के कारण सरकारी एजेंसी को 32.84 लाख गांठ के लिए एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ी।

# डीजीपी के लिए चार अफसरों के नामों का पैनल भेजा यूपीएससी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीते चार वर्षों से कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के सहारे चल रहे यूपी को जल्द ही पूर्णकालिक डीजीपी मिल सकता है। इसके लिए सरकार ने चार वरिष्ठ आईपीएस अफसरों का पैनल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेज दिया है।

पैनल में वरिष्ठता के आधार पर पुलिस अफसरों के नाम शामिल किए गए हैं। मौजूदा समय में प्रदेश की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वर्ष 1990 बैच की रेणुका मिश्रा का नाम सबसे ऊपर है। उसके बाद दूसरे नंबर पर 1991 बैच के आलोक शर्मा, जबकि तीसरे नंबर पर पीयूष आनंद का नाम है। चौथे नंबर पर कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण का नाम शामिल किया गया है।

### राजीव कृष्ण के नाम पर मुहर लगना तय



विभागीय सूत्रों का दावा है कि यूपीएससी इन चार नामों में से तीन नामों का पैनल तैयार करेगा। उसके बाद पैनल को राज्य सरकार के पास भेज देगा। पैनल की सबसे वरिष्ठ अधिकारी रेणुका मिश्रा जब 2024 में पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष थीं। उस समय सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। उसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पुलिस सेवा से वीआरएस के लिए आवेदन किया है, जो कि अभी विचाराधीन हैं। पैनल में दूसरे नंबर वाले आलोक शर्मा इसी साल जून में रिटायर हो रहे हैं, जबकि डीजीपी के लिए छह माह तक का कार्यकाल होना जरूरी है। तीसरे नंबर वाले पीयूष आनंद केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। ऐसे में पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में राजीव कृष्ण के नाम पर ही मुहर लगना तय माना जा रहा है।

# निवेश व नवाचार का उभरता केंद्र बना यूपी : उच्चायुक्त कनाडा


## मुख्यमंत्री योगी से कनाडा के उच्चायुक्त की मुलाकात, यूपी में निवेश व टेक्नोलॉजी सहयोग पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रीन एनर्जी, एआई, डिफेंस व शिक्षा क्षेत्र में सहयोग की कनाडाई पक्ष ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया।

उच्चायुक्त ने प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उच्चायुक्त ने कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं।



कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

### कनाडा की कंपनियों को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी ने राज्य में उपलब्ध निवेश-अनुकूल वातावरण, औद्योगिक विकास और नीतिगत सुधारों का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए कनाडा की कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कहा कि कनाडा के साथ तकनीक, कौशल और नवाचार आधारित सहयोग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव संस्थागत समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### नव संवत्सर, नवरात्र और चेटी चंद पर्व की योगी ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र और चेटी चंद के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि ये पर्व प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव संवत्सर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो नवचेतना और नवसंकल्प का संदेश देता है। वहीं चैत्र नवरात्रि को आदिशक्ति की उपासना का विशेष काल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने चेटी चंद के अवसर पर विशेष रूप से सिंधी समाज को बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भगवान झूलेलाल जी की जयंती के रूप में आस्था, समरसता और एकता का प्रतीक है।

### 1.67 करोड़ से होगा श्री जम्भेश्वर मंदिर का पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद स्थित लोदीपुर धाम के कायाकल्प को गति मिल गई है। यहां स्थित करीब 200 वर्ष पुराने श्री जम्भेश्वर मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण पर 1.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में सत्संग भवन, यज्ञशाला, विश्राम गृह, रसोई, आधुनिक शौचालय, भव्य प्रवेश द्वार और ढका हुआ परिक्रमा मार्ग विकसित किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह स्थल प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लोदीपुर धाम का विकास प्रदेश की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत आध्यात्मिक और कम प्रसिद्ध स्थलों को नई पहचान दी जा रही है।

### उत्तर भारत दर्शन परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर भारत दर्शन परिषद का 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन 19 मार्च से चित्रकूट में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश के विद्वान भारतीय दर्शन के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे। यह अधिवेशन 21 मार्च तक चलेगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी इसमें सहभागिता कर रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'वैश्विक शांति : चुनौतियां और समाधान' रखा गया है।

### आंदोलन के साथ ही पर्वों पर बिजली सुचारू रखेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में प्रदेश स्तर पर आंदोलन तो जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों के प्रति जिम्मेदारी को समझते हुए गुरुवार को शुरू होने जा रहे नवरात्र और ईद के पर्व को देखते हुए बिजली कर्मचारी उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 19 मार्च से 27 मार्च तक निजीकरण के विरोध में आंदोलन चल रहा है। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सुचारु रखा जाए। इसी क्रम में बुधवार को लखनऊ समेत प्रदेश भर की सदर तहसील परिसरों संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने निजीकरण के विरोध में धरना दिया गया।

# प्रदेश में अब विश्वास की सरकार : योगी

## 2017 से पहले भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण का था दौर, डबल इंजन सरकार ने यूपी को 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' में बदला



लोक भवन में 'उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष' पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक व अन्य।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास और विश्वास का मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और वसूली तंत्र हावी था, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित होता था।

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति से प्रदेश को पीछे धकेला, जबकि वर्तमान सरकार ने 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचाया। आज 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा रहे हैं और वंचित समुदायों मुसहर, वनटांगिया, थारू, सहरिया तक पहली बार योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि यूपी अब 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' की छवि से निकलकर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में बढ़ चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 6 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी हुए, एम्स और मेडिकल कॉलेजों का विस्तार हुआ और इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार ने समस्याओं की पहचान कर उन्हें खत्म किया और प्रदेश को ठहराव से निकालकर तेजी की राह पर लाया। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### गुंडाराज-परिवारवाद की राजनीति नहीं चलेगी : चौधरी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्षों में यूपी ने 'माफियाराज' से 'विकास मॉडल' तक का सफर तय किया है। जनता ने 2017 और 2022 में विकास पर भरोसा जताया और 2027 में भाजपा हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश के कारण यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना है। एक्सप्रेसवे, बिजली आपूर्ति और किसानों के भुगतान में रिकॉर्ड सुधार हुआ है। जनता अब गुंडाराज और परिवारवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

### बदली यूपी की पहचान : पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में यूपी की पहचान पूरी तरह बदल गई है। पहले जहां गुंडाराज और खराब सड़कें थीं, वहीं आज बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और कानून-व्यवस्था है। शिक्षा में नकलविहीन परीक्षा और स्कूलों में सुधार हुआ है, जबकि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि यूपी अब विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है और इसे आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा।

### 2027 के चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेगी : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी सरकार के 9 वर्ष सुशासन और विकास की मिसाल हैं। 2017 से पहले कानून-व्यवस्था बदहाल थी और निवेशक आने से कतराते थे, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हुई है और किसानों को 99 हजार करोड़ रुपये सीधे खातों में मिले हैं। जनता अब विकास की राजनीति को समझ चुकी है और 2027 में भाजपा पहले से बड़ी जीत दर्ज करेगी।

# हर घर जल योजना को लेकर सरकार ने किया एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्र और प्रदेश सरकार के बीच एमओयू से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का नया चरण
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में वर्चुअली हुआ समझौता

**अमृत विचार:** प्रदेश में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र और उप्र. सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से यह समझौता हुआ, जिससे मिशन के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत हो गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य को अब और तेजी और मजबूती से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब केवल कनेक्शन देने तक सीमित न रहकर योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन, रखरखाव और गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणाम बेहतर होंगे।

केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 में गुणवत्ता और स्थायित्व सबसे अहम होंगे।

# फार्मर आईडी बनाने में रामपुर अव्वल

- गाजियाबाद जिला दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में किसानों को योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर आईडी अभियान में रामपुर ने सबसे आगे निकलते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। रामपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है जिसने तय समय सीमा से पहले ही 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया। गाजियाबाद दूसरे और अंबेडकरनगर तीसरे स्थान पर रहा, जबकि टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 1 जनवरी से शुरू हुए इस अभियान के तहत 31 मार्च उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया।

# नवरात्र और ईद एक साथ पड़ने से पुलिस के लिए बढ़ी चुनौती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ड्रोन से होगी निगरानी, जिलों में लागू होगी सेक्टर स्कीम

**अमृत विचार:** होली और रमजान एक साथ पड़ने के बाद अब नवरात्र और ईद-उल-फितर का पर्व भी एक साथ पड़ रहे हैं। इसे लेकर जहां पुलिस के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रदेश भर में में सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के साथ ही सेक्टर स्कीम लागू कर दी गई है, वहीं ड्रोन से निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं।

गुरुवार से हिन्दुओं के लिए विशेष आस्था के पर्व चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। उधर, चांद दिखाई देने के हिसाब से ईद उल फितर का पर्व 20 या 21 मार्च को हो सकता है। दोनों ही समुदायों का अहम पर्व है तो पुलिस खासी चौकन्नी हैं। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, इसे लेकर डीजीपी राजीव कृष्ण की ओर से प्रदेश भर की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खास कर प्रदेश के ऐसे जिले, जहां पर मिली-जुली आबादी है और अति संवेदनशील जिले हैं, वहां पर फोर्स और खुफिया टीमों को अतिरिक्त सुरक्षा बरतने की हिदायत दी गई है। धार्मिक स्थलों पर फोर्स तैनात रहे, वहीं संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाए।

पुलिस द्वारा प्रदेश के अति संवेदनशील जिले लखनऊ, बहराइच, आजमगढ़, कानपुर, बरेली, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली समेत 26 जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है। इन जिलों में पैरा मिलिट्री की कंपनियों को भी उतारा गया है। साथ ही ड्रोन निगरानी करने को कहा है। आला अफसरों ने साफ कहा कि किसी भी नई परिपाटी को शुरू नहीं करने दिया जाए। जिन लोगों को अतीत में पर्व के मौकों पर उत्तेजनापूर्ण रवैया रहा है, उन पर कड़ी नजर रखी जाए। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों को भारी धनराशि पाबंद भी किया जाए।

# सफलता डिग्री से नहीं कौशल से मिलती है : कपिल

## वृहद रोजगार मेला में 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' तीन नए प्लेटफॉर्म लांच

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने राजधानी में 'वृहद रोजगार मेला-2026' की शुरुआत की। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मेले में युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री से नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद क्षमता से मिलती है।

कौशल विकास को डिजिटल बढ़ावा देने के लिए उन्होंने 'कौशल दृष्टि', 'कौशल दर्पण' और 'कौशल दोस्त' जैसे तीन नए प्लेटफॉर्म लांच किए। 'कौशल दृष्टि' के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्रों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। 'कौशल दर्पण' एआई आधारित डैशबोर्ड के रूप में विभिन्न आंकड़ों को एकीकृत करेगा, जबकि 'कौशल दोस्त' चैटबॉट के जरिए 24×7 सहायता उपलब्ध कराएगा।

**15 हजार पद लेकर मेले में आई हैं 116 कंपनियां :** इस मेले में हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, जहां 116 कंपनियों ने करीब 15,000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की। रोजगार मेले में 8,694 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 2,527 युवाओं को जॉब ऑफर मिला।



लखनऊ : रोजगार मेले में नौकरी पाने वाले युवाओं के साथ कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

परियोजना

## लागत घटेगी और निर्यात बढ़ेगा, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़त का लक्ष्य

# वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार लखनऊ में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क को सिर्फ एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि 'वन-स्टॉप टेक्सटाइल इकोसिस्टम' के रूप में तैयार कर रही है। इस मॉडल का लक्ष्य उत्पादन लागत कम करना, सप्लाई चेन को तेज बनाना और निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है, जिससे प्रदेश टेक्सटाइल सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर नई बढ़त हासिल कर सके।

करीब 1000 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क में 'फार्म टू फैशन' की पूरी वैल्यू चेन एक ही स्थान पर स्थापित की जा रही है। इससे कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की प्रक्रिया में समय और लागत दोनों में कमी आएगी। सरकार का मानना है कि बिखरी हुई इकाइयों के बजाय एकीकृत मॉडल से उद्योगों की दक्षता बढ़ेगी और लॉजिस्टिक्स खर्च घटेगा। पार्क में कोर और बाहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 990.71 करोड़ रुपये के कार्य तेजी से चल रहे हैं। सड़क, बिजली, जलापूर्ति और लॉजिस्टिक्स को इस तरह विकसित किया जा रहा है कि निवेशकों को रेडी-टू-यूज औद्योगिक माहौल मिल सके।

यह परियोजना रोजगार के लिहाज से भी बड़ा बदलाव ला सकती है। अनुमान है कि एक पीएम मित्र पार्क में करीब 3 लाख तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर अवसर मिलेंगे और पलायन में कमी आएगी। निवेश के मोर्चे पर भी परियोजना तेजी से आकर्षण का केंद्र बन रही है। देशभर के सात पीएम मित्र पार्कों के लिए 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश रुचि सामने आ चुकी है, जिसमें लखनऊ का प्रोजेक्ट प्रमुख भूमिका निभा रहा है। सरकार का फोकस केवल उद्योग स्थापित करना नहीं, बल्कि निर्यात-उन्मुख टेक्सटाइल क्लस्टर तैयार करना है।

### पीएम मित्र पार्क की विशेषता

- लखनऊ में 1000 एकड़ में विकसित हो रहा मेगा पार्क
- 990 .71 करोड़ से इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य प्रगति पर
- 'फार्म टू फैशन' एकीकृत टेक्सटाइल वैल्यू चेन
- उत्पादन लागत कम, लॉजिस्टिक्स तेज
- हर पार्क में 3 लाख तक रोजगार की संभावना
- 63 हजार करोड़ से अधिक निवेश रुचि
- निर्यात बढ़ाने और ग्लोबल प्रतिस्पर्धा पर फोकस



# दो लाख प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं ने चालू नहीं कराए प्रीपेड कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कारपोशन ने की छापेमारी 18 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** प्रदेश भर के 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने मीटर रिचार्ज नहीं कराकर अपना कनेक्शन चालू नहीं कराए हैं। पावर कारपोरेशन ने प्रदेश भर के ऐसे उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत बुधवार को 1211 उपभोक्ताओं के यहां पर छापे मारे गए, जिनमें से 18 के घरों में चोरी से बिजली सप्लाई पाई गई। इनके खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है।

प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के बाद बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करना दंडनीय अपराध है। बकाये पर कटे कनेक्शन का भुगतान प्राप्त होने पर दो घंटे के भीतर जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है, इसलिए इसमें दो घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि 90 प्रतिशत से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही कनेक्शन जुड़ जाते हैं।

### बैलेंस खत्म होने के बाद तीन दिन चलता है कनेक्शन

प्रवक्ता के मुताबिक कनेक्शन एकाएक नहीं कटता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को माह के आरम्भ में एवं उसके द्वारा रिचार्ज की गई धनराशि का क्रमश : 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर प्रत्येक बार एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी तीन दिन का समय दिया जाता है। उसके बाद भी यदि रिचार्ज नहीं होता तो स्वत : ही कनेक्शन कट जाता है।

नववर्ष (नव संवत्सर) की हार्दिक शुभकामनायें

स्थान
श्री राधा कृष्ण मन्दिर
जे.के. मन्दिर
पाण्डु नगर, कानपुर

नव सम्वत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम सम्वत् 2083, युगाब्द 5128, शक सम्वत् 1948
श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास द्वारा आयोजित
भारतीय नववर्ष गीता संदेश यात्रा
के भव्य समापन पर
नववर्ष सांस्कृतिक महोत्सव

॥ श्री परमात्मने नमः ॥
दिनांक
19 मार्च 2026 (गुरुवार)
समय
सायं 5:00 बजे



हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

॥ सनातन धर्म की जय हो ॥
संजय मित्तल
समाजसेवी
मीरा पेंट्स ग्रुप कानपुर
(मेरठ वाले)

# नव संवत्सर पर गीता सन्देश यात्रा

गीता संदेश यात्रा 2026 एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक आयोजन है, जिसका उद्देश्य श्रीमद्भगवद्गीता के कालातीत ज्ञान को जन–जन तक पहुंचाना है। विशेषरूप से इस वर्ष 2026 में इस यात्रा का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि भगवद्गीता को (UNESCO) युनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल कर वैश्विक मान्यता दी गई है। कुरुक्षेत्र की रणभूमि से जन्मा यह दिव्य ज्ञान आज केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यूनेस्को द्वारा इसे शैक्षिक धरोहर के रूप में मान्यता मिलने के बाद यह यात्रा एक नए उत्साह के साथ विश्व मंच पर उभरी है। इस गीता संदेश यात्रा का प्रमुख ध्येय निष्काम कर्म, भक्ति और ज्ञान के योग द्वारा समाज में सकारात्मकता लाना है। वस्तुतः गीता के उपदेश केवल किसी एक धर्म या राष्ट्र के लिए नहीं, अपितु पूरी मानवता के लिए एक अमूल्य विरासत हैं। नवंबर 2025 में मद्रास हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में यह आदेश देकर कि भगवद्गीता वेदांत और योग सिर्फ धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग और दार्शनिक ज्ञान (Moral Education) है। इस प्रकार अब गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ बनाने का रास्ता खोल दिया है। जो कि श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास की पुरानी मांग है।

## श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से ही सम्भव है राष्ट्र निर्माण



स्वयं भगवान श्री कृष्ण के मुखारबिंद से निकली व वेद व्यास जी द्वारा संकलित श्रीमद्भगवद्गीता में समस्त सनातन वैदिक ग्रंथों का सार (निचोड़) है। इस एक ग्रंथ से ही सम्पूर्ण अध्यात्म, दर्शन को काफी हद तक आत्मसात किया जा सकता है। गीता हमेशा से ही मत, सम्प्रदाय, सीमाओं आदि से परे, सभी के लिए अनुकरणीय व प्रेरणास्रोत रही है। अनगिनत महापुरुषों ने इसके माध्यम से जीवन को सार्थक बनाया व दूसरों को प्रेरित किया। इसी ग्रंथ में सबको साथ लेकर चलने की वैश्विक, वैज्ञानिक व समस्त मानवता का धर्म ग्रंथ बनने की स्वीकार्यता, क्षमता है। इस महान ग्रंथ को जन–जन तक पहुंचाकर उन्हें जीवन जीने की कला सिखाने के लिए अनेक मनीषी लगे हुए हैं, उनके प्रयासों को और गति देने और हम सभी का सांस्कृतिक आध्यात्मिक पुनरुत्थान हो सके, इसीलिए इस तरह के अनेक प्रयास रूपी कड़ियाँ जुड़कर भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित कर सकती हैं, जिससे सम्पूर्ण विश्व में शान्ति, समृद्धि व खुशहाली आ सके। मैं आप सभी से गीता में दिखाये गए मार्ग का अनुकरण करने तथा भारतीय परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय नववर्ष धूम–धाम से मनाने की अपील करता हूँ।

**डॉ. उमेश पालीवाल**
अध्यक्ष
श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास



## आज 19 मार्च 2026 को महानगर की यात्राओं का विवरण इस प्रकार है –

✓ **पूर्व भागः** सारी यात्राएँ त्रिमूर्ति मन्दिर, रामादेवी पर एकत्रित होंगी। यहाँ की यात्रा का निर्देशन महंत श्री अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज और श्री राजीव महाना, के. के. शुक्ला व दिलीप सिंह करेंगे।

✓ **पश्चिम भागः** यात्रा पनकी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से महंत श्री जितेन्द्र दास जी महाराज, नेपाली मन्दिर आवास विकास से श्री प्रेम चन्द्र अग्निहोत्री तथा काली मठिया शास्त्री नगर से अरूण मिश्रा व सर्वेश शुक्ला के निर्देशन में निकलेगी।

✓ **उत्तर भागः** बिठूर से आशुतोष द्विवेदी, इस्कॉन मन्दिर, मैनावती मार्ग से श्री मुकेश पालीवाल व उमेश निगम के निर्देशन में तथा सरसैय्या घाट से डॉ. रोचना विश्नोई व डॉ. यू.सी. सिन्हा के नेतृत्व में यात्राएँ निकाली जाएंगी।

✓ **दक्षिण भागः** संकट मोचन मन्दिर से श्री सुधीर भाई मिश्र एवं दीप टॉकीज चौराहा, साकेत नगर में एकत्रित होकर यहाँ से श्री भूपेश अवस्थी, श्री राजेंद्र अवस्थी, श्री अखिलेश शुक्ला, श्री अनुपम मिश्रा व श्री आर. के. त्रिपाठी के नेतृत्व में संयुक्त यात्रा रवाना होगी।

श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के केन्द्रीय अध्यक्ष **डॉ. उमेश पालीवाल ने बताया** कि संस्था श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास समाज में पावन ग्रंथ श्री गीता जी के प्रचार–प्रसार के लिए कार्य कर रही है। संस्था द्वारा गत पाँच वर्षों से कानपुर समेत अन्य जिलों में भी घरों व संस्थानों में गीता ज्ञान यज्ञ, प्रदेशव्यापी गीता संदेश मानव श्रृंखला में गीता कर्मयोगी सम्मान, गीता जयंती वार्षिक स्मारिका, गीता मनीषियों द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा प्रति वर्ष भारतीय नव वर्ष के दिन नव वर्ष गीता संदेश यात्रा आदि कार्यक्रमों के माध्यम से जन आन्दोलन चलाया जा रहा है।

श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के केन्द्रीय **सचिव/महामंत्री श्री परमानन्द शुक्ला ने बताया** कि भारतीय नव वर्ष (विक्रम संवत 2083) के शुभारम्भ दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च 2026, दिन गुरुवार) को गीता संदेश यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, ये यात्राएँ कानपुर के चारों भागों में अनेक स्थानों से शुरू होंगी और पूरे नगर में भ्रमण कर सायं पाण्डु नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मन्दिर (जे. के. मन्दिर) में सम्पन्न होंगी, जहाँ सायं 5:30 बजे से 8:30 बजे तक भारतीय नव वर्ष महोत्सव के अन्तर्गत विशाल व रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

### संस्था द्वारा पिछले वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण कार्य

♦ 2022 में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में श्रीमद्भगवद्गीता के युवाओं के लिए उपयोगी 75 चयनित श्लोकों को सरल संस्कृत व हिन्दी अनुवाद कर रूचिकर बनाने के लिए विभिन्न हेडलाईन लगाकर लघु पुस्तिका तैयार की गई एवं विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों में तथा अन्य स्थानों में कार्यक्रम कराकर अब तक 5 लाख वितरित की गई है।

♦ 2022 की गीता जयन्ती के दिन 04 दिसम्बर को 1 लाख लोगों द्वारा सामूहिक गीता पाठ कराने का संकल्प ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल माध्यम से जुड़कर करने का लिया गया तथा आदरणीय नितिश भारद्वाज जी, पूजनीय आचार्य महामण्डलेश्वर एवं कालीपीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानन्द जी एवं केन्द्रीय मंत्री एवं महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति जी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में अभूतपूर्व प्रयास किया गया। इस प्रयास से प्रेरित होकर 1 लाख लोगों द्वारा 2023 में कोलकाता व 2024 की गीता जयन्ती को सिलीगुड़ी में एवं 2025 में उडपी तथा पुनः कोलकाता में 5 लाख लोगों द्वारा भव्यता के साथ मनायी गयी।

♦ 2023 में सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय कानपुर के अत्याधुनिक विशाल सभागार में गीता संगोष्ठी आयोजित की गयी, जिसमें वैश्विक गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी ने कुरुक्षेत्र से आकर उद्बोधन दिया तथा राष्ट्रवादियों एवं सनातनीजनों के हृदय में बसे प्रखर वक्ता एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय सुधांशु त्रिवेदी जी ने भी ओजस्वी उद्बोधन खचाखच भरे सभागार में दिया।

♦ 2023 के अन्त में सी.एस.जे.एम. कानपुर विश्वविद्यालय में गुरुओं के गुरु कार्षि कार्णि श्री गुरुशरणानन्द जी की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वागंमय शोधपीठ की स्थापना की गयी तथा वेद एवं गीता पर व्याखान हुए। उसके उपरान्त शोधपीठ द्वारा निरन्तर सेमिनार, वर्कशॉप, ज्ञानयज्ञ व प्रतियोगिताएं करायी जा रही हैं।

♦ 2025 के फरवरी माह में संस्था द्वारा स्थापित श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक वांगमय शोधपीठ एवं सी.एस. जे.एम. विश्वविद्यालय कानपुर के साथ मिलकर Timeless Principles for Effective life Management विषय पर नेशनल कांफ्रेस का आयोजन किया गया, जिसमें 175 Delegates (डेलीगेट्स) के अलावा अन्य कई शिक्षकों व छात्रों ने सहभागिता की तथा 50 से अधिक शोध–पत्र प्रस्तुत किए गए। इस कांफ्रेस को आई.आई.एम. बैंगलोर के प्रसिद्ध प्रो. बी. महादेवन एवं आई. आई.एम. लखनऊ के प्रो. कीर्तिवर्धन गुप्ता जी ने आकर सम्बोधित किया तथा ऑनलाईन माध्यम से डॉ. अनिल कुलकर्णी जी ने युनाईटेड किंगडम से सम्बोधित किया।

♦ नवम्बर 2025 में लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में स्वामी ज्ञानानन्द जी के नेतृत्व में संस्था ने सह–आयोजक के रूप में उत्तर प्रदेश स्तरीय दिव्यप्रेरणा उत्सव सम्पन्न कराया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक माननीय मोहन राव भागवत जी ने मुख्य अतिथि व उ.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी कर कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## भारतीय नववर्ष की महत्ता

भारतीय नव वर्ष, जिसे हिंदू नव संवत्सर भी कहते हैं, मुख्य रूप से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि के निर्माण और प्रकृति में बसंत ऋतु के आगमन के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता अनुसार, ब्रह्मा जी ने इसी दिन से सृष्टि की रचना शुरू की थी। यह दिन धार्मिक, ऐतिहासिक व ज्योतिषीय महत्व का संगम है।

### भारतीय नव वर्ष मनाने के प्रमुख कारण

**सृष्टि का सृजन:** हिंदू मान्यता के अनुसार, ब्रह्मा जी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सृष्टि का निर्माण शुरू किया था।

**ऋतु परिवर्तन:** यह समय प्रकृति में बदलाव लेकर आता है, जिसमें वसंत ऋतु शुरू होती है व पेड़–पौधों में नए पत्ते व फूल आते हैं।

**ऐतिहासिक महत्व:** महाराज विक्रमादित्य ने इसी दिन हूणों पर विजय प्राप्त कर 'विक्रम संवत' की शुरुआत की थी।

**नवरात्रि की शुरुआत:** इसी दिन से वासंतिक (चैत्र) नवरात्रि शुरू होती है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है।

**राम राज्याभिषेक:** भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का दिन भी इसी दिन माना जाता है।

**प्रकृति के साथ जुड़ाव:** यह उत्सव स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ तालमेल का प्रतीक है, इसलिए इस दिन नीम की पत्तियां खाने की परंपरा है।

**अन्य नाम व मान्यताएं–** इस पर्व को भारत के अलग–अलग हिस्सों में गुड़ी पड़वा (महाराष्ट्र), उगादी (दक्षिण भारत) और नवसंवत्सर के रूप में जाना जाता है।

## जीवन में प्रेरणा का स्रोत है श्रीमद्भगवद्गीता



गीता संदेश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन न होकर, जन–जन तक भगवद्गीता के अमूल्य उपदेशों को पहुँचाने का एक सराहनीय प्रयास है। भगवद्गीता हमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कर्तव्यनिष्ठा, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की शिक्षा देती है। वर्तमान समय में, जब व्यक्ति अनेक प्रकार के तनाव, भ्रम और चुनौतियों से घिरा हुआ है, तब गीता का संदेश उसे सही दिशा प्रदान करता है। नव संवत्सर, नए संकल्प और सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। गीता यात्रा के माध्यम से समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कारों को सुदृढ़ करने का संदेश देती है गीता जोकि हमारी आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करती है। यह पहल विशेष रूप से युवाओं को अपने जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। आवश्यक है कि हम सभी गीता के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें और एक स्वस्थ, सशक्त एवं संस्कारित समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। यह गीता यात्रा निश्चित रूप से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

Goldiee GROUP KANPUR (UP)
**सुरेन्द्र गुप्ता**
संस्थापक अध्यक्ष

## छात्रों के लिए गुरुमंत्र है गीता का हर सूत्र



भगवद्गीता हमें सिखाती है कि मनुष्य को सिर्फ और सिर्फ अपने कर्म के ऊपर ध्यान देना चाहिए और कर्म करते समय यह दृढ़ विश्वास रखना चाहिए कि जो कर्म हम कर रहे हैं, उसका फल हमें जरूर प्राप्त होगा। गीता के अनुसार व्यक्ति को कभी भी अपने कर्मों पर संदेह नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति खुद का सर्वनाश कर बैठता है। इसलिए आप किसी भी तरह की सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो जो भी कार्य करें, उसे पूरे विश्वास के साथ बिना किसी संदेह के पूरा करें। छात्रों के लिए तो यह सूत्र गुरुमंत्र के समान है, जिसे आत्मसात कर वह हर परीक्षा में विजय हासिल कर सकते हैं।

**डॉ. आर.के. सिंह**
वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन

जीरो एरर घुटना प्रत्यारोपण अब FULLY AUTOMATIC ROBOTIC सर्जरी द्वारा
ग्लोबस हॉस्पिटल | काकादेव कानपुर

## गीता के प्रत्येक अक्षर में बहती ज्ञान धारा



गीता संसार का ग्रन्थ के रूप में अनमोल रतन है। इसके हर अध्याय में कितने–कितने रतन भरे पड़े है। गीता के श्लोकों में अमृत की धारा बहती है। गीता में ज्ञान योग, ध्यान योग, कर्म योग, भक्ति योग आदि जितने भी साधन बतलाए गए हैं, उनमें से कोई भी साधन अपनी श्रद्धा रुचि और योग्यता के अनुसार करने से समस्या का शीघ्र ही निवारण हो सकता है। गीता से हमें यह ज्ञान मिलता है कि व्यक्ति को केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। गीता को बार–बार पढ़ते जाएंगे तो प्रभु के साक्षात् दर्शन भी आपको हो सकते हैं। यह बहुत सारे साधु–संतों और महान पुरुषों का निजी अनुभव है। निश्चित ही श्रीमद्भगवद्गीता से शिक्षा लेकर हम अपने मानव जीवन को सुखमय बना सकते हैं।

**अंशुमान बुधौलिया**
सचिव
अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
सुन्धेला, सरसौल, कानपुर नगर

## जीवन दर्शन हैं गीता के उपदेश



गीता हमें बताती है कि जीवन क्या है और इसे कैसे जीना चाहिए, आत्मा और परमात्मा का मिलन कैसे होता है, अच्छे और बुरे की समझ क्यों जरूरी है। गीता से हमें यह ज्ञान मिलता है कि व्यक्ति को केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। किसी भी ज्ञान को आप पढ़कर या सुनकर छोड़ देंगे और उसे अपनाएंगे नहीं तो उसका फल कैसे मिलेगा। यही बात गीता पर भी लागू होती है। जब हम गीता पढ़ेंगे और उसे पढ़कर उसके उपदेशों को अपने जीवन में उतारेंगे तो निश्चित ही सुपरिणाम सामने आएगा। भगवद्गीता जीवन में हमें अपने कर्तव्य पथ पर बढ़ने का ज्ञान देती है।

**हर्ष त्रिपाठी**
निदेशक
विज्डमवुड पब्लिक स्कूल
Affiliated to CBSE Board | P.G. to class VIII
सेक्टर–एम, केशवपुरम, कल्याणपुर, कानपुर

## सामाजिक समरसता का संदेश देती है गीता



गीता संदेश भगवद्गीता के शाश्वत ज्ञान, कर्मयोग और नैतिक मूल्यों को जन–जन तक पहुँचाकर समाज में सकारात्मकता, शान्ति और आदर्श जीवनशैली स्थापित करने का माध्यम है। यह यात्रा आत्मनिर्भरता, कर्म की प्रधानता और तनावमुक्त जीवन के लिए गीता के उपदेशों को अपनाने हेतु सभी नगरवासियों का आह्वान करती है। निश्चय ही इस प्रकार के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हमें अपने जीवन में सतकर्मों के प्रति प्रेरित करते हैं। धर्मरक्षार्थ इस यात्रा के सभी आयोजकों का हार्दिक आभार।

**अनुज अग्निहोत्री**
प्रबन्ध निदेशक–सोसाइटी मोटर्स लि.
सोसाइटी मोटर्स लिमिटेड
अधिकृत डीलर : टाटा मोटर्स • बजाज आटो लिमिटेड • एम.जी.मोटर्स
मैकरॉबर्टगंज • माल रोड • साकेत नगर • कल्याणपुर • सिविल लाईन्स

## मोह त्यागना ही मानव कल्याण



भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में एक उपदेश में कहा है कि "हे अर्जुन! तुम्हारा क्या गया जो तुम रोते हो, तुम क्या लाए थे जो तुमने खो दिया, तुमने क्या पैदा किया था जो नष्ट हो गया, तुमने जो लिया यहीं से लिया, जो दिया यहीं पर दिया, जो आज तुम्हारा है, कल किसी और का होगा, क्योंकि परिवर्तन ही संसार का नियम है।" इसलिए हमें इसका सही अर्थ समझकर किसी प्रकार का मोह न रखकर समाज सेवा व दूसरों के भले के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहिए। आजकल लोग स्वयं व अपने परिवार मोह में ऐसे फंसे हुए हैं कि उनको दूसरों की परेशानियां दिखाई ही नहीं देतीं। हमें समाज की परेशानियों को दूर करने की इच्छा भी साथ लेकर चलनी होगी। यदि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य का साथ न छोड़ा जाए तो सफलता निश्चित है।

**अंकित अग्रवाल**
प्रबन्ध निदेशक
स्पेजब्लेंड्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
फजलगंज, कानपुर नगर

जैट ECO+ FINE VEST
भारतीय नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Jet Knitwears Ltd.
119/410, B-1 दर्शनपुरवा, कानपुर-208012
व्यापारिक जानकारी +91 6394751050, 9621363636
Email: info@jetknit.com

भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदेश का सबसे बड़ा व उत्तर भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में एक
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स की एक अनूठी सामाजिक पहल
'आरोहम् हैप्पीनेस होम'
A Happiness Home for Senior Citizen
वरिष्ठ नागरिक आवास गृह
निकट वाल्मीकि आश्रम व स्टेट बैंक चौराहा, लवकुश नगर, बिठूर, कानपुर-209217, उ.प्र.
मो.: +91-8081211038, 9415075016
Visit us at www.aroham.org.in
arohkanpur@gmail.com

24 उत्कृष्ट लैब्स | 250+ कलेक्शन सेंटर्स | 270 + पिकअप पॉइंट्स | 10 लाख कुल पेशेंट प्रतिवर्ष (2024-25) में
भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पालीवाल डॉयग्नोस्टिक्स (प्रा.) लि. सहयोग डॉ. लाल पैथलैब्स
29 साल से अधिक आपका विश्वसनीय हेल्थ मित्र
स्वर्णिम वर्ष 1997-2026

24x7 लैब सेवा
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
मुख्य लैब : 117/एच–1/02, पाण्डु नगर, जे.के. मन्दिर के सामने, कानपुर–05
फोन : 0512-2335500, 2235821, 2232962
हमारे विभिन्न किफायती हेल्थ पैकेजेस व अन्य जानकारी के लिए हेल्पलाईन पर संपर्क करें।
होम कलेक्शन/हेल्पलाईन नं.
9305028499, 7311130006, 9336843141
6390335500
customercare.pdpl@lalpathlabs.com • www.paliwaldiagnostics.in
NABL & ISO CERTIFIED LAB
सुविधाएं
सभी जाँचें एक छत के नीचे
पैथोलॉजी | सी.टी. स्कैन | अल्ट्रासाउन्ड
एक्सरे (डिजिटल) | इको कार्डियोग्राफी | टी.एम.टी.
कलर डॉप्लर | ई.ई.जी. | ऑडियोमेट्री
पी.एफ.टी. | आई एण्ड ईयर | ओ.पी.जी.
मुख्य शाखा लैब

परख डायग्नोस्टिक सेन्टर
सी.टी. स्कैन, एक्सरे, अल्ट्रासाउन्ड व सभी पैथोलॉजी जाँचें
37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग कैम्पस, द मॉल, कानपुर
फो.: 0512–2363605, 2304005, 9919406571
साउथ ब्रान्च

मातृ छाया बिल्डिंग
621/37, W-2 बर्रा
निकट सचान गेस्ट हाउस
9335093357, 9838900770

## न्यूज ब्रीफ

### आज शुम्बहा धाम से निकलेगी कलश यात्रा

**शिवली।** चैत्र नवरात्र महोत्सव में माता शुम्बहा देवी धाम मैथा में श्रीशतचंडी महायज्ञ की तैयारी है। महायज्ञ एवं जागरण का आयोजन भी होगा। समिति अध्यक्ष सोमेश अवस्थी ने बताया कि 19 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी। स्वामी भास्करानंद आश्रम जल लेने जाएगी। 20 मार्च से श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होगी। 23 मार्च को बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार होगा। 27 मार्च को भंडारा होगा। इसी दिन रात्रि में जागरण होगा। भागवताचार्य धर्म नन्दनजी महाराज वृंदावन होंगे। जागरण में भजन गायक प्रेम मेहरा धूम मचाएंगे। बैठक में राजेश त्रिपाठ, विवेक अवस्थी, महेंद्र कुशवाहा, पुनीत त्रिवेदी, सूरज शुक्ला, महेन्द्र मिश्रा, अनुभव सिंह, शिवकांत पाल, छुट्टन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घाट पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश

**कानपुर देहात।** बुधवार को गंगा स्वच्छता पखवाड़ा में एमएनपी हाई स्कूल सिकंदरा से जागरूकता रैली निकाली गई। मालवीय नगर, गांधी नगर, मोहम्मद नगर होते हुए सुभाष नगर पटेल चौक पर समाप्त हुई। इसके बाद छात्रों को यमुना नदी के अमराहट पंप कैनाल ले जाया गया। जहां डायरेक्टर मो. मारूफ ने पंप कैनाल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नदियों के जल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। घाट पर छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें सौम्या ने प्रथम स्थान, अंश ने द्वितीय तथा अर्शिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद यमुना नदी के अमराहट घाट पर सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### लिव इन रिलेशनशिप के बाद शादी से इंकार

**रसूलाबाद।** तुलसीनगर निवासी मुर्गा व्यापारी ने कस्बे की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया और अब शादी करने से इनकार कर दिया। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि मिथुन खान पुत्र बिल्ले खान शादी का झांसा देकर 5 साल तक शारीरिक शोषण करता रहा। अब वह दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता थाने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। आरोपी युवक व पीड़िता करीब 3 वर्षों से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। युवक शादी से इनकार कर रहा है।

### अवैध खनन नहीं होगा बर्दाश्तः एसडीएम

**रसूलाबाद।** अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी विभाग का कर्मचारी इस में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात उप जिलाधिकारी सर्वेश कुमार ने बुधवार को तहसील क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर तहसील सभागार में पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों की साथ हुई एक संयुक्त बैठक में कहीं। एसडीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में अब अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अवैध खनन में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अमन और शांति का पैगाम देता इस्लाम

**रसूलाबाद।** गरीबों और जरूरतमंदों की दिल खोलकर मदद करें। पड़ोसी किसी भी धर्म, जाति का हो, उसके काम आएं। यदि वह भूखा है तो उसे खाना खिलाएं। यदि कपड़े नहीं हैं तो उसे नए कपड़े दिलाएं। इस्लाम धर्म अमन व शांति का पैगाम देता है। यह बात गुरपीर शाह बाबा परिसर में कतर खान भुट्टो द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार से पहले मौलाना नायाब खान अजहरी ने कही। उन्होंने कहा कि जो इंसान रोजा रखता है, अल्लाह उसको इफ्तार के वक्त दो खुशियां देता है। एक तो इफ्तार की खुशी और दूसरी अल्लाह के दीदार की खुशी। जहां इफ्तार करने वाले को सवाब मिलता है, वहीं उतना ही सवाब इफ्तार कराने वाले को भी मिलता है। रोजा इफ्तार में पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया, जिला अध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा, समरथ पाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश यादव, हाजी भोले कुरैशी, पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी, नीलम कटेरिया, कुलदीप संखवार, नरेंद्र यादव, संतोष त्रिपाठी, आलोक बाजपेई, अकील खान आदि पहुंचे।

# पेट्रोलियम मंत्रालय के पेंच में फंसी अकबरपुर की रसोई गैस

हनुमान गुप्ता, कानपुर देहात

- पेट्रोलियम मंत्रालय में ग्रामीण क्षेत्र के रूप में दर्ज है अकबरपुर शहर
- गाइड लाइन के मुताबिक 45 दिन बाद ही मिल सकता गैस सिलेंडर

**अमृत विचारः** इजराइल-ईरान में जंग से यहां रसोई का हाल बिगड़ गया है। जरूरतमंदों को बुकिंग वाले सिलेंडर मिलने में दिक्कत आ रही है। अधिकारी पर्याप्त भंडार होने का दावा कर रहे हैं, मगर समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। अकबरपुर के कनेक्शनधारकों को एक पेंच से जूझना पड़ रहा है। हकीकत में शहरी होने के बाद भी यहां लोगों को बुकिंग के बाद 45 दिनों का वेटिंग पीरियड दिया जा रहा है। बताते हैं कि पेट्रोलियम मंत्रालय में अकबरपुर सरीखे कई छोटे शहरों को ग्रामीण क्षेत्र के रूप में लिस्टेड किया गया है।

तमाम प्रशासनिक दावों के बाद भी जरूरत मंद लोगों को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हो पा रही। एक अदद सिलेंडर के लिए लोग परेशान फिर रहे। कुछ जगहों पर सिलेंडरों की कालाबाजारी भी हो रही। गैस चूल्हा तथा रसोई के अन्य सामान बेचने वाले दुकानदार जुगाड़ कर सिलेंडर ला रहे, फिर महंगे दामों पर इन्हें बेच रहे। प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा। अधिकारी गैस एजेंसियां और गोदामें देख रहे, बस्ती क्षेत्र की दुकानों की तरफ उनके कदम नहीं बढ़ रहे हैं। इस कारण दुकानों से सिलेंडरों की बिक्री नहीं रूक रही। आपूर्ति निरीक्षक गौरव राजपूत ने बताया कि औचक निरीक्षण किया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ, पेट्रोलियम मंत्रालय की गाइड लाइन ने शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं की दिक्कत बढ़ा दी है। मंत्रालय ने दो तरह के क्षेत्र तय किए हैं। एक शहरी और दूसरा ग्रामीण। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बुकिंग के 25 दिन में सिलेंडर की डिलीवरी देने की व्यवस्था है जब कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह मियाद 45 दिन की है। इस तरह, शहर में आवासित लोगों को सिलेंडर मिलने में 20 दिन का अतिरिक्त समय इस कारण लग रहा कि उनका क्षेत्र भले शहरी है मगर मंत्रालय ने उसे ग्रामीण क्षेत्र के रूप में लिस्टेड किया है। अकबरपुर के अधिवक्ता हर्ष वर्धन श्रीवास्तव ने बताया कि 25 दिन की मियाद मान कर सिलेंडर बुक कराया था। अब घर में गैस खत्म होने को है। एजेंसी में जाकर पता किया तो जानकारी मिली कि अकबरपुर ग्रामीण क्षेत्र में है। इस कारण 25 दिन में नहीं, 45 दिनों में डिलीवरी मिलेगी।

#### प्रमुख सचिव तक पहुंचा पूरा मामला

- अकबरपुर के उपभोक्ताओं की समस्या पर जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने कहा कि शहरी क्षेत्र में होने के कारण यहां लोगों को 25 दिन का वेटिंग पीरियड मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रमुख सचिव से वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई है। बाकी प्रकरणों के साथ उन्होंने यह मामला भी उनके समक्ष रखा है।



#### गैस सिलेंडर को लेकर झगड़ा, एफआईआर दर्ज

- सिलेंडरों को लेकर अब मारपीट और मुकदमे तक होने की नौबत आ पहुंची है। रसूलाबाद में गैस एजेंसी कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने अनुसूचित अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। घटनाक्रम के अनुसार झींझक रोड पर स्थित मेसर्स रसूलाबाद इंडियन गैस एजेंसी में प्रसादपुरवा दशहरा गांव का रहने वाला मंगल राजपूत गैस सिलेंडर लेने के लिए पहुंचा। एजेंसी के कर्मचारी श्रीराम ने बिना बुकिंग गैस सिलेंडर देने से इंकार कर दिया। एजेंसी कर्मचारी का आरोप है कि मंगल सिंह राजपूत ने जातिसूचक शब्दों शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों के बीचबचाव करने के दौरान कर्मचारी रंजन, अवनीश और सर्वेंद्र के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। रसूलाबाद कोतवाली प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि इस मामले में अनुसूचित जाति अधिनियम की धारा समेत मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सट्टी थाना क्षेत्र के कथरी गांव के पास हादसा, चचेरा भाई घायल

**अमृत विचारः** सट्टी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी तरफ युवक के परिवार में हाहाकार मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

हादसा सट्टी थाना क्षेत्र के लिंक रोड पर हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सट्टी थाना क्षेत्र के दिबैर गांव के मजरा स्वरूपपुर निवासी 20 वर्षीय मोहित कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि मोहित मंगलवार शाम अपने चचेरे भाई शिवम् के साथ मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर गया था। रात को गांव लौटते समय सट्टी व कथरी गांव के बीच में लिंक रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए पुखरायां सीएचसी लाया गया।

अस्पताल में मौजूद चिकित्सक गोविंद प्रसाद ने मोहित को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल शिवम् को गंभीर हालत में बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक मोहित के चचेरे भाई संदीप ने बताया कि देर शाम दोनों बाइक से घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। मृतक मोहित का परिवार खेती किसानी का काम करता है। थाना प्रभारी कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# पिता के हत्यारे बेटे को आजीवन कारावास

## विवाद के बाद पिता की ही लाइसेंसी बंदूक से कर दी थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- वर्ष 2020 में सिकंदरा क्षेत्र के नसीरपुर गांव में हुई थी घटना
- 17 हजार रुपये अर्थदंड नहीं भरने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा होगी

**अमृत विचारः** नवंबर 2020 में सिकंदरा थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर में पिता की हत्या करने वाले युवक को उम्र कैद की सजा हुई है। एडीजे/फास्ट ट्रैक कोर्ट नंबर 2 ने बुधवार को हत्यारोपी को दोषी करार देते उम्रकैद की सजा सुनाई और 17 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट के फैसले के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

घटना 4 नवंबर 2020 की है। नसीरपुर गांव के रहने वाले अशोक कुमार कटियार का अपने पिता लालाराम से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। बात यहां तक पहुंची की लालाराम की जान चली गई। अशोक पिता की लाइसेंसी बंदूक लाया और उन पर गोली चला दी। इससे वह लहूलुहान होकर गिरे। उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना के संबन्ध में सिकंदरा थाने में धारा 302, 201 व 504 आईपीसी व धारा 27/30 आयुध अधिनियम की धारा में मुकदमा कायम हुआ।

पुलिस ने घटना के बारे में तथ्य और जानकारियां जुटाई। इसके बाद वादी व गवाहों से मिले वास्तविक तथ्यों के आधार पर 17 मार्च 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर अभियुक्त अशोक कुमार कटियार को दोषी ठहराया गया। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 17 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

#### बालिका के साथ दुराचार करने वाला पहुंचा जेल

- **कानपुर देहात।** रूरा थाना पुलिस ने बालिका के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में आरोपी को धर दबोचा। घटना के संबन्ध में दी गई तहरीर पर कार्रवाई करते हुए धारा 65(2) व 352 बीएनएस व 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा कायम किया गया था। इस मामले में पुलिस ने भटौली गांव के आरोपी रामविलास पुत्र रामस्वरूप को तिंगाई गांव के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### प्रधानों को डिजिटल साक्षरता की ट्रेनिंग

**मंगलपुर।** बुधवार को संदलपुर ब्लॉक में ग्राम प्रधानों को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पंचायत कार्यों को डिजिटल बनाने पर जोर दिया गया।

ट्रेनर विकास यादव ने पीएमएस (पंचायत मैनेजमेंट सिस्टम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायत भवन में उपलब्ध कंप्यूटर के उपयोग के बारे में भी बताया। कंप्यूटर के फीचर्स, उसमें उपलब्ध कार्यों, उसे सही तरीके से संचालित करने की विधि, इंटरनेट चलाने के लिए डोंगल लगाने की प्रक्रिया सहित डिजिटल कार्य के आसान तरीके समझाए गए। बताया गया कि किस प्रकार डिजिटल तरीके से पंचायत के कार्यों को सुगम बनाया जा सकता है। ऑनलाइन रिपोर्टिंग, डेटा फीडिंग और मॉनिटरिंग की जानकारी दी गई। ब्लॉक प्रमुख राहुल तिवारी (मीनू), बीडीओ आशुतोष शुक्ला, एडीओ पंचायत रंजीत सिंह, वीडीओ मधुलता, आशीष केशरवानी, प्रधान रमेश कुशवाहा, बाबू पाल, पंकज तिवारी, वीएन सिंह, अनुराग विन्द आदि रहे।

# 'उत्तर प्रदेश नवनिर्माण' के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** 'उत्तर प्रदेश नवनिर्माण' के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने उपलब्धियां गिनाईं। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 9 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा, निवेश, आधारभूत संरचना, कृषि, महिला सशक्तिकरण तथा डिजिटल सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत अपराधियों एवं माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई है। आधुनिक पुलिसिंग, साइबर क्राइम थानों की स्थापना और बड़े पैमाने पर पुलिस भर्ती से सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है। महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन एवं एंटी रोमियो स्क्वायड जैसे प्रयासों से सकारात्मक परिणाम आए हैं। जनपद में किसानों की समृद्धि के लिए गेहूं, धान एवं श्रीअन्न की बड़े स्तर पर खरीद की गई है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप स्थापित कर सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से हजारों परिवारों को आवास दिए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण कर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया गया है।

स्वयं सहायता समूहों द्वारा देहाती मार्ट, प्रेरणा कैंटीन एवं उत्पादों का संचालन एवं विपणन किया जा रहा है। अक्षरारंभ कार्यक्रम के माध्यम से साक्षरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हजारों परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह, पेंशन योजनाओं एवं आयुष्मान भारत योजना से समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में कराए गए विकास कार्यों के बारे में बताया कि फायर स्टेशन, विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, खेल स्टेडियम, रेल उपरगामी सेतु, आईटीआई एवं पुलिस अवसंरचना से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य विकास योजनाओं में शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र के बारे में बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प एवं प्रोजेक्ट अलंकार के माध्यम से विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है। रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार भी इस मौके पर रहीं।



मंत्री राकेश सचान ने पत्रकारों से वार्ता की। साथ में विधायक पूनम संखवार।

#### पौधरोपण की सूची मांगी

मंत्री राकेश सचान ने वन अधिकारी की क्लास ली। कहा, सरकार करोड़ों रुपया दे रही है। इसके बाद भी चिह्नित जगहों पर कहीं भी पेड़ नहीं लग रहे। उन्होंने पौधरोपण की पूरी सूची मांगी। बोले, पेड़ों की भी सेहत बनाइए।

# रिंद नदी में डूबने से हुई थी श्यामलाल की मौत

संवाददाता, शिवली

- परिवार वाले रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं शव का अंतिम संस्कार रोका

**अमृत विचारः** नहेड़ी गांव में बकरी चराते समय लापता हुए युवक की हत्या कर शव नदी में फेंके जाने का आरोप लगाने पर पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के मुताबिक पानी में डूबकर मौत होने की पुष्टि हुई है। शव गांव लाने के बाद परिजन हत्या का मुकदमा दर्ज कर साथियों को जेल भेजने की मांग पर अड़ गए और शव का अंतिम संस्कार रोक दिया।

नहेड़ी निवासी शिवप्रसाद राठौर का पुत्र श्यामलाल (26) रविवार दोपहर बकरियां लेकर रिंद नदी किनारे चराने गया था, जहां गांव के लोग भी बकरियां, भेंड़े चराने गए थे। श्यामलाल की भेड़, बकरियां तो घर आ गई, लेकिन श्यामलाल नहीं लौटा। एनडीआरएफ और गोताखोरों ने नदी में तलाश की। मंगलवार को नहेडी गांव से करीब एक किलोमीटर दूर रिंद नदी में शव मिला। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगा हंगामा किया था। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराया। शव गांव आने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और साथ बकरियां चराने गए लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की मांग पर अड़ गए। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मृत्यु बताई गई है। परिजनों को समझाया जा रहा है।

# गोदाम में लगी आग, झांकी के सामान के साथ कार भी जली

संवाददाता, मंगलपुर

- झींझक कस्बे में मंगलवार की रात आग की लपटों ने मचाया हड़कंप

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के कस्बा झींझक के वार्ड नंबर 11 सुभाष नगर निवासी पंकज शर्मा पुत्र रामलखन के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना मंगलवार रात करीब 11:30 बजे की है, जब घर के सभी लोग खाना खाकर आराम करने चले गए थे। अग्निकांड में लाखों के नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है।

बताया गया कि पंकज शर्मा जागरण पार्टी व अन्य कार्यक्रमों में झांकी प्रस्तुति का कार्य करते हैं। उनका गोदाम घर के पास अब्दुल कलाम नगर में स्थित है, जहां झांकी का पूरा सामान रखा था। इसी गोदाम में उनकी वैगनआर कार भी खड़ी थी, जो आग की चपेट में आकर धू-धू कर जलने लगी। आग की लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलते ही झींझक चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। चौकी से उपनिरीक्षक उजागिर लाल और दीवान सुरजेश कुमार मौके पर पहुंचे।

करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित पंकज शर्मा के अनुसार, आग से झांकी का सारा सामान और कार जलकर नष्ट हो गई, जिससे लगभग 10 से 12 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना डेरापुर उपजिलाधिकारी को भी दे दी गई है। उपनिरीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



गोदाम में उठती रहीं आग की लपटें।



गर्भवती महिला को फलों की टोकरी भेंट करते मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

# महिलाओं की गोदभराई बच्चों का भी अन्नप्रासन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को बांटे गए प्रमाण पत्र

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम हुआ, जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विभागों के स्टॉलों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि लाभकारी कार्यक्रमों से वंचित पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इसके बाद विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक, टूल किट एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए। सुनीता देवी, अनीता देवी, गौरव कटियार, उर्मिला एवं रेनू को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इसी प्रकार रमेश, सोमप्रकाश, योगेंद्र एवं रजत को टूल किट वितरित की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अंतर्गत रेहान अहमद, रोहित सिंह एवं हर्ष दीप को ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत हर्षित कटियार, शरद कुमार, स्वाती एवं पिंकी को चेक वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत प्यारे लाल एवं मंगली को प्रमाण पत्र दिए गए, वहीं निराश्रित महिला पेंशन एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

ख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। रसूलाबाद की विधायक पूनम संखवार ने कहा कि सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है और प्रदेश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, सीएमओ डा एके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी एके पांडेय, डीसी मनरेगा अशोक कुमार, डीसी एनआरएलएम गंगाराम, जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद, उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव, जिला कृषि अधिकारी उमेश गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल आदि रहे।

**बारीकियां समझाईं** | जनगणना के लिए प्रशिक्षण शुरू, पहले चरण में सूचीकरण के बाद होगा मकानों की गिनती का काम

# 2027 की जनगणना के लिए तैयार होने लगीं टीमें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** साल 2027 की जनगणना के लिए शुरूआती तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। पहले चरण में सूची करण के बाद मकानों की गिनती होगी। इसके लिए ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू हुआ है। यह तीन दिनों तक चलेगा। फील्ड ट्रेनरों को मकानों की सूची तैयार करने और फिर उनकी गणना के बारे में जानकारी दी जाएगी।

यह प्रशिक्षण 20 मार्च तक लगातार चलेगा। प्रथम बैच एवं द्वितीय बैच के लिए दो चरणों में ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय, अकबरपुर में किया जा रहा है। बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी दुष्यंत कुमार मौर्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित कर किया। इसके बाद जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को जनगणना के प्रथम चरण में किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी सभी बिंदुओं पर गहन जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डेटा संकलन की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों का सही तरीके से भराव, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा त्रुटिरहित आंकड़ा संकलन पर विशेष बल दिया जा रहा है। अधिकारियों की ओर से प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की महत्ता बताते हुए निर्देशित किया गया कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसके माध्यम से देश की विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। इसलिए सभी संबंधित कार्मिकों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन क्रने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके। यहां एडीएम के साथ अन्य अधिकारी भी रहे।



अकबरपुर डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेते फील्ड ट्रेनर। अमृत विचार




जनगणना की बारीकियां बताते एडीएम दुष्यंत कुमार मौर्य। अमृत विचार

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं और 27 मार्च को खत्म होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर होगा, जो संघर्ष और सामाजिक अस्थिरता का संकेत माना जाता है। वहीं माता का प्रस्थान हाथी पर होगा, जो अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और खुशहाली का सूचक है। नवरात्र पूरे नौ दिनों के होंगे। इस बार चैत्र नवरात्र एक खास संयोग लेकर आ रहा है। लगभग 72 साल बाद ऐसा योग बन रहा है जब अमावस्या और नवरात्र की शुरुआत एक साथ होगी। 19 मार्च को घटस्थापना का शुभ समय सुबह 6 बजकर 52 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक रहेगा। अगर किसी कारणवश इस समय पूजा न कर सकें तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना की जा सकती है। यह मुहूर्त 12 बजकर 05 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

**बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री ह्रीं शिवाय नमः**

# पुल की घोषणा होते ही ट्रांसगंगा सिटी में 24 भूखंडों के आवेदन

## शहर से सीधी कनेक्टिविटी मिलने का रास्ता साफ होते ही परियोजना को मिली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**20** से ज्यादा उद्यमियों ने इकाई लगाने के संबंध में की पूछताछ और देखी जगह

- औद्योगिक, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों के साथ विकसित होगी हाईटेक मॉडल टाउनशिप

**अमृत विचार।** करीब एक दशक की देरी के बाद ट्रांसगंगा सिटी को शहर से सीधी कनेक्टिविटी मिलने का रास्ता साफ होते ही परियोजना को उड़ान मिल गई है। प्रदेश सरकार की ओर से वीआईपी रोड से ट्रांसगंगा सिटी के लिए पुल बनाने की घोषणा किए जाते ही उद्यमी प्लांट आवंटन के लिए दौड़ पड़े हैं। एक हफ्ते के भीतर औद्योगिक भूखंडों के लिए दो दर्जन आवेदन हो चुके हैं, जबकि 20 से अधिक उद्यमियों ने इकाई लगाने के संबंध में पूछताछ की है। वीआईपी रोड को ट्रांसगंगा सिटी से जोड़ने वाला पुल अंग्रेजी के 'वाई' आकार में बनाया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई चार किमी होगी।

कानपुर से सीधी कनेक्टिविटी के अभाव में गंगा बैराज मार्ग पर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की तरफ से विकसित की जा रही ट्रांसगंगा सिटी परियोजना को गति नहीं मिल पा रही थी। परियोजना में अभी तक औद्योगिक इकाइयों के लिए 72 प्लाट ही आवंटित किए जा सके थे। लेकिन अब पुल निर्माण को योगी सरकार की मंजूरी और बजट मिलने से उम्मीद जताई जा रही है कि पुल का निर्माण पूरा होने तक योजना अपने वास्तविक स्वरूप में धरातल पर आ जाएगी। ट्रांस गंगा सिटी को औद्योगिक, आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों के साथ एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के रूप में विकसित किया जाना है। परियोजना में 381 वर्गमीटर से लेकर 11602 वर्गमीटर तक के भूखंड मौजूद हैं। उद्यमी अपनी आवश्यकता के मुताबिक क्षेत्रफल वाला भूखंड ले सकते हैं। वर्तमान में यहां सबसे बड़ी यूनिट एलिम्को की है, जो 100 करोड़ रुपये निवेश करेगी। यूपीसीडा ने एलिम्को को 3.15 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। सीयूजीएल का निवेश 50 करोड़ है। बड़े औद्योगिक भूखंडों में मार्स कंपनी को 10 हजार वर्ग मीटर जगह दी गई है। परियोजना में 138 औद्योगिक भूखंड अभी बचे हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को ट्रांसगंगा सिटी पुल का निर्माण करना है। 753 करोड़ रुपये से बनने वाले इस पुल में यूपीसीडा को 460 करोड़ रुपये का योगदान करना है, बाकी धन का आवंटन राज्य सरकार कर चुकी है। यूपीसीडा अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल पुल के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने को लेकर काम चल रहा है।

### कानपुर-उन्नाव पुल का डिज़ाइन और मार्ग




ट्रांसगंगा पुल बनने के बाद कुछ ऐसा होगा नजारा। (ग्राफिक अमृत विचार)

# एलिवेटेड रेल ट्रैक के लिए दो रजिस्ट्रियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंधना से अनवरगंज के बीच फर्रुखाबाद रेल ट्रैक के दोनों तरफ 22,306 वर्गमीटर भूमि का होना है अधिग्रहण
- योगी सरकार लोक निर्माण विभाग को मुआवजा वितरण के लिए 35.87 करोड़ रुपये पहले ही उपलब्ध करा चुकी

**अमृत विचार।** मंधना से अनवरगंज एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के लिए अब रजिस्ट्री तथा मुआवजा वितरण का काम भी शुरू कर दिया गया है। विगत दिवस अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि को लेकर राज्य सरकार के नाम पर दो रजिस्ट्रियां करा दी गईं। जानकारी के मुताबिक जल्दी ही करीब 10 और रजिस्ट्रियां कराने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रदेश की योगी सरकार इस एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना में भूमि अधिग्रहण के लिए लोक निर्माण विभाग को 35.87 करोड़ रुपये पहले ही उपलब्ध करा चुकी है।

एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के लिए मंधना से अनवरगंज के बीच मौजूदा फर्रुखाबाद रेल ट्रैक के दोनों तरफ कुल मिलाकर 22,306 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। इसके लिए राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी और रेलवे की संयुक्त टीम ने सर्वेक्षण किया था। इसके लिए मंधना से अनवरगंज तक 16.25 किमी लंबे मार्ग को 25 ब्लॉकों में विभाजित करके करके 147 स्थानों पर चिह्नांकन किया गया था। एलिवेटेड रेलवे ट्रैक निर्माण से 16 क्रॉसिंग खत्म हो जाएंगी, जिससे लगभग 50 लाख लोगों के लिए यातायात की भीड़ और जाम की समस्या कम हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट पर करीब 1100 करोड़ की लागत आएगी। वर्तमान में अनवरगंज-फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर 55 जोड़ी यात्री ट्रेनें और लगभग 35 मालगाड़ियां चलती हैं। इन ट्रेनों की लगातार आवाजाही के कारण हर 30 मिनट में रेलवे क्रॉसिंग बंद हो जाती है, जिससे शहरी यातायात को भारी असुविधा उठानी पड़ती है। एलिवेटेड रेल ट्रैक बनने पर रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर दलहन के समीप बनने वाले नए रेलवे स्टेशन के लिए 3.20 बीघा जमीन भी रेलवे को हस्तांतरित करा दी गई है। नए रेलवे स्टेशन का निर्माण करने वाली कंपनी के इंजीनियर रेलवे इंजीनियरों के साथ स्टेशन का डिजायन तैयार करने का काम शुरू कर चुके हैं।

## बीच सड़क दबंगों ने पीटा, वीडियो वायरल

**कल्याणपुर।** रावतपुर में बीच सड़क एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने घटना की तहरीर रावतपुर थाने में दी है। रावतपुर में रहने वाले करन कटियार अपने साथी शोभित के साथ मसवानपुर स्थित एक मोबाइल शॉप जा रहे थे। इसी बीच वहां पहुंचे जावेद ने करन से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी जावेद ने गाड़ी की चाबी निकालते हुए करन को पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं दबंगों ने बीच- बचाव करने पर करन के साथी शोभित को भी लात-घुसों से जमकर पीटा। वहीं, घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।


भारतीय नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास द्वारा आयोजित भारतीय नवसंवत्सर सांस्कृतिक कार्यक्रम में सायं 5:00 बजे जे.के. मन्दिर प्रांगण में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
सुरेन्द्र गुप्ता
संस्थापक अध्यक्ष
Goldiee GROUP KANPUR (UP)
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
मसाले • हींग • अचार • चाय • पापड़ • गुलाब जामुन मिक्स
वन-वन नूडल्स • सेवईयाँ • अगरबत्ती • धूपबत्ती आदि
www.goldiee.com 1800 123 201201
/goldieegroup1980 | /goldieegroup | /goldieegroup | /goldieegroup



"विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु। रूपं देहि, जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥"
सभी गृहणियों को वासंतिक नवरात्रि की हार्दिक मंगलकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर 'किशोर' के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
मेसर्स - श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज, कानपुर 208001
फोन : 9519456555, 9695416555



फेको विधि द्वारा मोतियाबिन्द ऑपरेशन
लेंस लगाकर बिना टांका
30000 से अधिक लेंस प्रत्यारोपण के अनुभवी
डा. अमित गुप्ता
M.B.B.S., M.S. नेत्र सर्जन
स्पैक्ट्रम हेल्थ केयर
गीतानगर, निकट छपेड़ा पुलिया, कानपुर
पंजीकरण हेतु मो. 9451984816
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा



हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं


## प्रथम-मां शैलपुत्री

**अनंत शक्तियों से संपन्न हैं देवी का पहला स्वरूप**

वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

नवरात्रि में दुर्गा पूजा के अवसर पर दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधि विधान से की जाती है। इन रूपों के पीछे तात्विक अवधारणाओं का परिज्ञान धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक है। आइए जानते हैं मां शैलपुत्री के बारे में...

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित




है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। ये ही सती के नाम से भी जानी जाती हैं। उनकी एक मार्मिक कहानी है।

एक बार जब प्रजापति ने यज्ञ किया तो इसमें सारे देवताओं को निमंत्रित किया, भगवान शंकर को नहीं। सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठीं। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है, उन्हें नहीं। ऐसे में वहां जाना उचित नहीं है।

सती का प्रबल आग्रह देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब घर पहुंचीं तो सिर्फ मां ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार का भाव है। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को क्लेश पहुंचा।

वे अपने पति का यह अपमान न सह सकीं और योगाग्नि द्वारा अपने को जलाकर भस्म कर लिया। इस दारुण दु:ख से व्यथित होकर शंकर भगवान ने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। यही सती अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलाईं। पार्वती और हेमवती भी इसी देवी के अन्य नाम हैं। शैलपुत्री का विवाह भी भगवान शंकर से हुआ। शैलपुत्री शिवजी की अर्द्धांगिनी बनीं। इनका महत्व और शक्ति अनंत है।


नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
द पनेशिया
ए मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड सेंटर फॉर न्यूरोसाईन्सेस
Come Home to Wellness...
स्ट्रोक होने पर, तुरन्त इलाज न मिलने से मस्तिष्क का नुकसान होता है
हर 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में स्ट्रोक का सामना करता है।
117/473, एल-ब्लॉक, काकादेव (नीरछीर चौराहा और डबल पुलिया के मध्य) कानपुर
सम्पर्क करे: 7897997634
9889556689, 7897997361



चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
KIRLOSKAR ELECTRICAL CO. LTD.
AUTHORISED SERVICE PROVIDER SALES AND SERVICE (12.5X500 KVA)
RAMAN ELECTRICALS
124/120 सी-ब्लाक, गोविन्द नगर, कानपुर
9415733368, 9628168108, 9452358672, 8808333368



20 MINUTS केवल 20 मिनट में
चश्मा और कान्टैक्ट लेंस को कहें अलविदा।
• ब्लेड मुक्त लेज़र सर्जरी
• अस्पताल में रुकने की कोई आवश्यकता नहीं
• सभी लेज़िक सुविधाएं उपलब्ध
किसी भी मौसम में सुरक्षित
कैटरैक्ट सर्जरी
चाहे बारिश हो या धूप !
नवीनतम तकनीक और IOLS के साथ। अपना अपॉइंटमेंट आज ही बुक करें। Monofocal, EDOF, Multifocal, Toric
डॉ. संगीता शुक्ला
MBBS, MS Associate Director Dept.of Ophthalmology Regency Health, Kanpur
Regency OPD: 10.30am to 1.30pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Clinic: 2:00pm to 6:00pm (Mon-Fri)
Shahi Darbar Apartment, Swaroop - Nagar (Near LLR Metro Station), Kanpur
Call: +91 9919249414, +91 8853219725



नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
Something Pawsome is YOUR ONE-STOP SOLUTION FOR ALL PET NEEDS!
DOG SALE PURCHASE
Pedigree drools ROSSARI PCG NUTRI JerHigh SUPERCOAT
A. SATGURU PET'S MART
PR-26, Awas Vikas Sector-2, Kalyanpur, Kanpur
9119969696



सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आज ही मिलें...
डॉ. शुक्ला
गुप्त रोग क्लीनिक
9889975347
समय - 09:00 बजे से रात 08:00 बजे
रविवार 09:00 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक
केशव नगर, निकट शिवाजी इंटर कॉलेज, गेट नं0-2 के सामने, कानपुर



चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं
An ISO 9001 : 2008
राही मेडिकल सेन्टर प्रा0 लि0
Dr. M.S. RANA (Director)
Facilities- C.G.H.S, E.C.H.S, C.A.P.F., P.M.J.A.Y.(Ayushman Bharat)
सेन्टर में उपलब्ध विभाग

## सिटी ब्रीफ

### एसीपी ने चोरी के दूसरे दिन किया निरीक्षण

**कानपुर।** चकेरी के अहिरवां न्यू पटेल नगर में सुरंग बनाकर चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान से पांच लाख का माल चोरी किया था। मामले में एसीपी चकेरी अभिषेक पांडे बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। ओमपुरवा लाल बंगला निवासी सोनू वर्मा की पटेल नगर में खाटू ज्वेलर्स नाम से दुकान है। सोमवार की रात में दुकानके पीछे खाली प्लाट से तीन फुट की सुरंग बनाकर चोर अंदर घुसे थे। चोर नकदी, जेवर समेत पांच लाख का माल ले गए थे। घटना को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी नाराजगी जताई थी। दुकान मालिक सोनू वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान सबसे आखिर में है। उसके बगल में खाली प्लाट है। प्लॉट से चोर सुरंग बनाकर अंदर दाखिल हुए थे। चोरों ने सबसे पहले डीवीआर फिर सीसीटीवी कैमरों का तार नोचा था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आधा दर्जन संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 27 को

**कानपुर।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी राकेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, कानपुर की बैठक 27 मार्च 2026 को सायं 5:00 बजे आयुक्त शिविर कार्यालय, छः बंगलिया, आर्यनगर, कानपुर में होगी। इस बैठक में कैरेज बाई रोड एक्ट, 2007 के अंतर्गत "कॉमन कैरियर के पंजीकरण के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार किया जाएगा। साथ ही, उक्त अधिनियम के तहत पंजीकरण नवीनीकरण से संबंधित आवेदनों पर भी निर्णय लिया जाएगा।

### स्कूली वाहनों की घेराबंदी करके चेकिंग

**कानपुर।** आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में बुधवार को विभिन्न रूटों पर स्कूली वाहनों के खिलाफ उनके मानक चेक करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहन को सीज करके थानों के हवाले किया गया।

### सड़क हादसे में युवक की गई जान

**कानपुर।** नजीराबाद में बाइक अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। जिससे युवक की मौत हो गई। कर्नलगंज निवासी स्व. कनकऊ सोनकर का 24 वर्षीय बेटा आयुष गोविंदनगर स्थित रेस्टोरेंट में नौकरी करता था। परिवार में मां सोनी, भाई सौरभ व गौरव हैं। जिसमें सौरभ काफी समय से लापता है। मंगलवार रात आयुष ड्यूटी खत्म कर घर के लिए लौट रहा था। नजीराबाद हवेली रेस्टोरेंट के पास पहुंचने पर युवक की बाइक अचानक बेकाबू हो गई और पोल से टकरा गई।

22 जनवरी से लेकर 16 फरवरी तक ठग ने पीड़ित से विभिन्न खातों में रुपये ट्रांसफर कराए

# निवेश का झांसा दे कारोबारी से 26 दिन में 82 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले शेयर ट्रेडिंग का मैसेज फिर कॉल की, उसके बाद लिंक भेज ग्रुप पर जोड़ा गया



**अमृत विचार।** चकेरी में शेयर मार्केट में निवेश व अधिक मुनाफे लालच देकर साइबर शातिरों ने कारोबारी से 26 दिन में 82 लाख ठग लिए। विभिन्न बैंक अकाउंट में रुपये जमा कराए गए। जब कारोबारी ने लाभांश निकालने का प्रयास किया तो और निवेश का दबाव बनाया। इस पर ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में आईटी एक्ट व धोखाधड़ी का मुकदमा कराया। साइबर टीम खातों की जांच कर रही है।

सनिगवां रोड निवासी कारोबारी सैय्यद फैय्याज अली रिजवी के अनुसार उनके व्हाट्सएप नंबर पर पहले शेयर ट्रेडिंग का मैसेज फिर कॉल आई। मैसेज के जरिए उन्हें बताया गया कि स्टको कंपनी से शेयर ट्रेडिंग करने पर कई गुणा लाभ मिलेगा। इसके बाद बीते 27 अक्टूबर को व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया। खोलते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गए। जिससे उन्हें शेयर मार्केट संबंधी जानकारी मिलने लगी। आईपीओ व एआई म्यूचुअल फंड के लाभ बताए। दिसंबर में ग्रुप में शामिल लोग निवेश व लाभ दिखाने लगे। फिर 20 जनवरी को कंपनी की तरफ से सपोर्ट रिप्रेंजेनटेटिव स्वाति वर्मा से चैट पर बात हुई। उसने बताया कि एचएनआई सदस्य को ज्यादा लाभ मिलता है और 30 दिन निशुल्क सदस्यता का एक वेब लिंक भेजा। लिंक से स्टोको एचएनआई डाउनलोड कराया। मोबाइल नंबर को अकाउंट नंबर के रूप में पंजीकृत कराया। सारी प्रक्रिया के बाद कंपनी से सेबी का पंजीकरण मांगा गया तो स्वाति ने उसका पंजीकरण प्रमाणपत्र ऑनलाइन देखने को कहा। जब जांच की तो सेबी में साउथ एशियन स्टाक्स लिमिटेड के नाम से ब्रोकिंग कंपनी पंजीकृत मिली। स्वाति लगातार उनके संपर्क में रही।

इसके बाद कंपनी ने 120 शेयर आवंटित किए। जिसकी वैल्यू 9000 रुपये दिख रही थी। फिर कंपनी ने रुपये जमा करने को कहा। एप में रुपये जमा करने का विकल्प न होने पर स्वाति ने अलग से बैंक अकाउंट की जानकारी दी। 22 जनवरी को बताए अकाउंट के बीके इंटरप्राइजेज नाम के खाते में 9000 रुपये जमा कर दिए। उसमें 5000 का लाभांश दिखा। फिर 5000 और निवेश करने को कहा गया। इस पर 10000 रुपये जमा किए। 29 जनवरी को 50000 रुपये, अगले दिन 40000 रुपये, 31 जनवरी को 10000 रुपये, फिर दो फरवरी को पांच लाख रुपये जमा किए। स्वाति के बताए अनुसार व एप पर उसके लगातार बढ़ रहे लाभांश के चक्कर में वह रुपये जमा करते रहे।

22 जनवरी से 16 फरवरी के बीच कुल 82 लाख रुपये विभिन्न बैंक अकाउंट में जमा किए। आखिर में जब लाभांश निकालने का प्रयास किया तो और निवेश का दबाव बनाया गया। इस पर ठगी का अहसास हुआ और साइबर सेल में शिकायत की। थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि जांच की जा रही है। जिस बैंक अकाउंट में रुपये ट्रांसफर हुए उनका पता लगाया जा रहा है।

### निवेश का झांसा देकर इंजीनियर से 60 लाख ठगे

- **कानपुर।** जूही में औरैया के मोहम्मद शकील ने निवेश का झांसा देकर लाखों की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप बीटेक करने वाले युवक व उसकी पत्नी पर लगाया है। भराव गांव के रहने वाले मोहम्मद शकील के अनुसार 2011 में बीटेक की पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात हितेश राय से हुई थी। उसने अपने पिता को बड़ा सरकारी ठेकेदार बताया था। उससे फोन पर बात होती रहती थी। कुछ समय पहले पत्रकारपुरम स्थित अपने घर बुलाया। जहां उसने अपनी एक कंपनी में निवेश का झांसा दिया। विश्वास में लेकर उसके नाम पर करीब 1.20 करोड़ का लोन कराकर पूरी रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। फिर नए नाम से दूसरी कंपनी बनाकर उन्हें डायरेक्टर बनाते हुए निवेश करा लिया। भरोसा जीतने और ज्यादा निवेश कराने के लिए 18 लाख रुपये उन्हें लौटा भी दिए। आरोप है कि इसके बाद करीब 60 लाख रुपये निवेश करने के बावजूद न तो लाभ दिया और न ही मूल धन लौटाया। पीड़ित ने अपने परिचितों से भी करीब 50 लाख रुपये निवेश कराए। जो आरोपियों ने कथित रूप से अन्य निजी कारोबार में लगा लिए। आरोप है कि रुपये लौटाने की बात कहने पर हितेश और उसकी पत्नी प्रियंका पाल ने बैंक रसीद भेजकर भुगतान का झांसा दिया, जो कूटरचित निकली। विरोध पर पीड़ित को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जूही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पटेल ने बताया कि जांच की जा रही है। सही रकम विवेचना के बाद ही पता चल सकेगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लापता प्रापर्टी डीलर का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जरूरी काम बताकर 11 मार्च की सुबह निकले थे घर से, तबसे कुछ पता नहीं
- परिजनों का कहना है कि 40 सेकेंड का वीडियो बनाकर व्हाट्सएप पर है भेजा



**अमृत विचार।** चकेरी में सात दिन से लापता प्रापर्टी डीलर का अब तक कुछ पता नहीं है। परिजन तलाश में जुटे हैं। हालांकि बुधवार को सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें वह इशारों में टाटा-बाय, बाय और आसमान की तरफ उंगली उठाते हुए दिख रहे हैं। परिजनों ने इसकी जानकारी चकेरी पुलिस को दी है, लेकिन वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं की जा रही।

गांधीग्राम के रहने वाले राकेश गुप्ता के अनुसार उनका 35 वर्षीय बेटा सुशांत प्रापर्टी डीलर का काम करता है। वह बीते 11 मार्च की सुबह से लापता है। सुशांत उस दिन जरूरी काम के सिलसिले में बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला था। तब से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि लगातार उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। वहीं, घरवालों के अनुसार मंगलवार को सुशांत ने 40 सेकेंड का एक वीडियो बनाकर परिजनों को व्हाट्सएप पर भेजा है। जिसमें वह एक कार्यक्रम के मंच के किनारे बैठा दिख रहा है। टाटा, बाय-बाय ऐसा इशारा करते हुए ऊपर आसमान की तरफ उंगली दिखा रहा है। बुधवार को वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल देखा गया है। पिता ने बताया कि कई जमीन बेचने के बाद भी उसके साथी उसका पैसा नहीं दे रहे थे। जिस कारण वह परेशान चल रहा था। अब वीडियो आने के बाद परिजन डरे व परेशान हैं। उनका कहना है कि कुछ नहीं पता वीडियो कहां का है। पुराना है या मौजूदा समय का। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश की रही है।

# पुष्पा गैस एजेंसी का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लापरवाही की जांच में सहयोग नहीं कर रही गैस एजेंसी
- गैस डिलीवरी नहीं देने की नियमित आ रहीं थीं शिकायतें

**अमृत विचार।** घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर पुष्पा गैस एजेंसी, 12/480 खलासी लाइन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। पुष्पा गैस एजेंसी का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है।

अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर प्राप्त हो रही शिकायतों के आधार पर ये कार्रवाई की गई है। जिला पूर्ति कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 0512-2988763 एवं व्हाट्सएप नंबर 6394616122 पर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद उपभोक्ताओं को समय से घरेलू गैस की डिलीवरी नहीं की जा रही है। उनके निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कर्नलगंज एवं नवाबगंज तथा पूर्ति निरीक्षक कोतवाली व कर्नलगंज की संयुक्त टीम द्वारा उक्त एजेंसी के शोरूम एवं कार्यालय पर औचक छापेमारी की गई।



अधिकारियों को गोदाम बंद मिला। अमृत विचार

### अधिकारी पहुंचे तो भारी भीड़ का आक्रोश दिखा

- जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ मौजूद रही, जो गैस न मिलने से आक्रोशित थी। जांच के समय एजेंसी का प्रोपराइटर एवं मैनेजर दोनों अनुपस्थित पाए गए। मौके पर मौजूद कर्मचारी जावर अली एवं सलोनी मिले, जिन्होंने स्वयं को एजेंसी पर कार्यरत बताया, लेकिन गैस स्टॉक, आवंटन एवं वितरण से संबंधित अभिलेख मांगने पर उपलब्ध नहीं करा सके। टीम द्वारा मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए, जिनमें समय से गैस आपूर्ति न होने की पुष्टि हुई।

### गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराएं नहीं

- जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जनपद में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें।

### एजेंसी का गोदाम बंद मिला

- अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) ने बताया कि जांच टीम जब मैनावती मार्ग स्थित एजेंसी के गैस गोदाम पहुंची तो वह भी बंद मिला। प्रारंभिक जांच एवं उपभोक्ताओं के लिखित बयानों से स्पष्ट हुआ कि एजेंसी द्वारा न केवल उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही थी, बल्कि जांच में भी सहयोग नहीं किया गया। इन गंभीर अनियमितताओं के दृष्टिगत संबंधित कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, लखनऊ को एजेंसी के निलंबन की संस्तुति भेज दी गई है।

### कंट्रोल रूम में शिकायतों में कमी

- जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति सामान्य बनी हुई है और शिकायतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। 18 मार्च 2026 को जिला पूर्ति कार्यालय के कंट्रोल रूम पर कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है।

# छह दिन तक वृद्धा को डिजिटल अरेस्ट कर 21 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- साइबर शातिर ने खुद को मुंबई का पुलिस कमिश्नर बताकर डराया-धमकाया

**80** लाख में एक और मकान बेचने की बात पता चलने पर बाहर जाने दिया

**अमृत विचार।** किदवईनगर में साइबर शातिरों ने खुद को मुंबई का पुलिस कमिश्नर बताकर वृद्धा को छह दिन डिजिटल अरेस्ट रखा। वृद्धा को आतंकी घटनाओं में शामिल होने की बात कहकर डराया व धमकाया। जेल भेजने और घर सील करने की धमकी दी। वृद्धा से बैंक खाता व उसमें जमा रुपयों की जानकारी लेने के बाद 21 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने ठगी के बाद किसी तरह साहस जुटाकर परिचित को आपबीती बताई। तब ठगी का अहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस व साइबर सेल मामले की जांच कर रही है।

किदवईनगर निवासी पीड़ित वृद्धा स्नेहलता ने बताया कि वह किराए के मकान में अकेले रहती हैं। उन्होंने कुछ समय पहले दिल्ली के विकास सदन में स्थित एलआईजी का मकान और कानपुर के कृष्णानगर में जमीन बेंची थी। उसकी रकम उनके खातों में जमा थी। वृद्धा के अनुसार बीती 10 मार्च की सुबह उनके पास अनजान नंबर से पहली कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना परिचय पुलिस अधिकारी के रूप में दिया, जिससे वह डर गई। बातचीत के बाद उसने कहा कि आतंकवादी घटनाओं में तुम्हारा नाम आया है। इसके बाद उसने धमकाना शुरू कर दिया। कहा कि कुछ ही देर में पुलिस तुम्हारे घर पहुंचेगी। इसके बाद कहा कि वीडियो कॉल रिसीब करो। उन्होंने फोन उठाया तो एक पुलिस अधिकारी अपने कार्यालय में बैठा दिखाई दिया। उसने खुद को मुंबई का पुलिस कमिश्नर बताया और उनसे अभद्र तरीके से बात की। जिससे वह डर गईं। कॉल करने वाले आरोपी ने उन्हें गंभीर मामले में फंसाने और जेल भेजने की धमकी दी। भय के कारण वह झांसे में आ गईं। आरोप है कि ठगों ने 13 मार्च को उनके एसबीआई खाते से 20 लाख रुपये ट्रांसफर कराए। इसके बाद 16 मार्च को भी आरटीजीएस व अन्य माध्यमों से 50 हजार, 49 हजार और एक हजार रुपये निकलवाया। उसके बाद से आरोपियों ने कोई कॉल नहीं की। पीड़िता के अनुसार उनका एक मकान शहर में है। उसे बेचने की बात चल रही है।

उन्हें इसी के सिलसिले में बाहर जाना था। वैसे आरोपी उन्हें घर के बाहर जाने या किसी के घर आने-जाने से रोकते थे। लेकिन जब उन्होंने 80 लाख रुपये में मकान का सौदा करने की बात बताई तो आरोपियों ने उन्हें जाने दिया। उन लोगों ने 80 लाख रुपये कब तक खाते में आएंगे, इसकी जानकारी ली। लेकिन वह टाल गईं। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कॉल डिटेल व बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# झाड़ू कारखाने में हुआ खूनी संघर्ष, क्रॉस एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता क्षेत्र में झाड़ू कारखाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। जहां दोनों ओर से मारपीट, चापड़ से हमला, अभद्रता और जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोप लगाते हुए क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें कुल 16 नामजद और करीब 20 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मछरिया गढ़ी में किराये पर रहने वाली मुन्नी बेगम ने आरोप लगाया कि उनका बेटा कारखाने में काम करता है, जहां आसिफ, खालिक, चांद, रिजवान, सत्तार, इरफान, जैद, निजामुद्दीन, शुफी और मेराज समेत अन्य लोग उससे गाली-गलौज करते थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर चापड़ से हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। उनका कहना है कि बेटे सलमान को भी पीटा गया। जबकि बचाने पहुंचे बड़े बेटे महताब और बेटी जोया को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया और बेटी के साथ अभद्रता करते हुए दुष्कर्म की धमकी दी गई। साथ ही करीब 20 अज्ञात लोगों ने भी मिलकर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के अब्दुल सत्तार का कहना है कि 12 मार्च को वह अपने मछरिया स्थित झाड़ू कारखाने में स्टाफ के साथ काम कर रहे थे, तभी वरुण, नज्जो, मुनिया, मजीद, गुलफैशा और जोया समेत कई लोग कारखाने में घुस आए और ईंट-पत्थर चलाने लगे। उन्होंने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की।

# स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले अरशद अली को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेगमपुरवा सफेद कॉलोनी निवासी अरशद ने पुलिस के 112 नंबर पर अनिल कुमार के नाम से फोन कर यह धमकी दी थी।

जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि सेंट्रल स्टेशन कोबम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पांच विशेष टीमें गठित की गई थीं। बुधवार को अरशद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को पुलिस के 112 नंबर पर शाम 7 बजे एक कॉल आई जिसमें फोन करने वाले अपना नाम अनिल बताया और कहा कि मेरा नाम अनिल कुमार है और आदिल उस्ताद नाम के व्यक्ति ने अपने पास असलहा और बम रखा है। सेंट्रल स्टेशन उड़ाने की साजिश रची जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और बम निरोधक दस्ते व डाग स्क्वायड के साथ सेंट्रल स्टेशन पर तलाशी अभियान चलाया गया और चप्पा चप्पा छाना गया लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। जिस नंबर से काल आई थी, उसपर संपर्क करने की कोशिश की गई तो वह स्विच ऑफ मिला। इससे पहले भी इसी नंबर से पहले भी सेंट्रल स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बुधवार को सेंट्रल स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया से अरशद को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अरशद ने बताया कि मोबाइल से सिम निकालकर फेंक दिया है।

### अरशद अली का आपराधिक इतिहास

- थाना जीआरपी कानपुर सेंट्रल स्टेशन 351/4 बीएनएस
- थाना किदवई नगर 458,504, 506 भादवि।
- थाना किदवई नगर 505,506 भादवि।
- थाना बाबूपुरवा 419,468,471,505, 507 भादवि।

उपलब्धि

अभी कानपुर से झांसी 3 घंटे में पहुंचते थे, अब 2 घंटे में पहुंच जाएंगे

# झांसी तक 130 की स्पीड से दौड़ेंगी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सेक्शनल रफ्तार को बढ़ाने की दी गई मंजूरी

**अमृत विचार।** गोविंदपुरी रेल खंड से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तक पहले ट्रेनों की गति 110 किमी प्रति घंटा निर्धिरत थी लेकिन अब ट्रेनों की गति 130 किमी प्रति घंटा निर्धारित कर दी गई है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में झांसी–गोविंदपुरी 211 किमी रेलखंड खंड (422 ट्रैक किमी सेक्शन) पर सेक्शनल गति को 110 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा करने की स्वीकृति मिल गई है। गोविंदपुरी से अभी झांसी की ट्रेनें 3 घंटे में पहुंचती थी लेकिन अब ये ट्रेनें 3 घंटे में ही ये दूरी तय कर लेंगी।

उत्तर मध्य जोन झांसी मंडल के डीआरएम अनिरुद्ध कुमार के मुताबिक यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अत्यंत सीमित समय में ट्रैक, सिग्नलिंग, ट्रैक्शन तथा अन्य आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए हासिल की गई है। सेक्शनल गति में इस वृद्धि से ट्रेनों के परिचालन में उल्लेखनीय सुधार होगा। यात्रा समय में कमी आएगी, जिससे यात्रियों को तेज, सुगम एवं अधिक सुविधाजनक रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही, ट्रेनों की समयबद्धता (पंक्चुअलिटी) में भी सकारात्मक सुधार अपेक्षित है। उच्च गति के अनुरूप बेहतर योजना के साथ मेंटेनेंस कार्यों का निष्पादन संभव हो सकेगा। इससे मेंटेनेंस ब्लॉक्स का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा तथा ट्रैक एवं अन्य परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध होगा। रेल संचालन की सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में और अधिक मजबूती आएगी।

# अवैध संबंध के शक में तेजाब डाल दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फीलखाना में पत्नी से अवैध संबंध के शक में पति ने युवक पर तेजाब डाल दिया। लोगों ने आरोपित को पकड़कर पीटने के बाद पुलिस के हवाले किया। शुक्लागंज स्थित अहमद नगर निवासी चप्पल कारीगर मो. शाहिद ने बताया कि ननिहाल के पास रहने वाली युवती के पति को शक है कि वह उनसे बातचीत करती है। बुधवार दोपहर करीब चार बजे महिला का पति उनके कारखाने पहुंचा। उसने बातचीत करने के लिए बाहर बुलाया और बहस करने लगा। इसके बाद बोतल से उन पर तेजाब डाल दिया। कारखाने के पास खड़े अली, इरफान और तौफीक ने आरोपित को पकड़ लिया। हालांकि आरोपित को पकड़ने के दौरान वह भी मामूली रूप से झुलस गए। घटना से गुस्साई भीड़ ने आरोपित को पीटकर पुलिस के हवाले किया। घायल शाहिद को उर्सला अस्पताल भेजा गया।


अमृत विचार

## क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मेरे पुत्र छोटे का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। गलत आचरण व कार्य व्यवहार को देखते हुए समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **रामकिशन पुत्र महादेव निवासी ग्राम–अमौली, तहसील डेरापुर, थाना रूरा, जिला कानपुर देहात।**

### सूचना

मेरा नाम एलआईसी पॉलिसी संख्या 2369877 30 मे नाम कान्ती देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर है। दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **लक्ष्मी देवी पत्नी निब्बर ग्राम आबर (पैगापुर), पोस्ट खजुरिया, जनपद बलरामपुर।**

### सूचना

मैं अफसर अली पुत्र नुसरत अली निवासी सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरी जन्मतिथि 13.06.1985 है। जो आधार, पैन कार्ड में दर्ज है, पूर्णतया सत्य है। **अफसर अली पुत्र नुसरत अली सदर बाजार नई बस्ती करनैलगंज, गोण्डा।**

### सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD RIJAVAN से बदलकर MOHD RIZWAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MOHAMMAD JAN ADD-KARANDHA, PO-SUNDHIYAMAU, DIST-BARABANKI-225305(U.P)**

### सूचना

संघप्रिय सत्यार्थी पुत्र श्री कृष्ण सत्यार्थी निवासी 134 ब्लॉक G EWS 04 गुजैनी कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (28/KUDP/विक्रय/87 दिनांक 26.06.1987) एवं मूल कब्जा पत्र खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0: 9839741304

### NOTICE

Shapathini Annu Singh, wife of Ashok Singh, is a resident of Gurudin kheda Jajamau, Unnao. Shapathini has a savings account with Indian Bank, Chamrauli, Unnao, with account number 50130673703. Shapathini's name in the account is Shail Kumari, while her Aadhaar and PAN cards show her as Annu Singh. Both Annu Singh and Shail Kumari are Shapathini's names. **Shapathini is known and referred to by both names. Annu Singh W/o Ashok Singh Gurudin kheda Jajamau aadhar number Annu singh 429408863275.**

### सूचना

मैं FIRDOUS JAHAN RAYEEN पत्नी श्री GULAM SABIR RAYEEN, निवासी – मोहल्ला–सुटहटी, अमेठी, जिला – लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR कर लिया है, अतः आज से मुझे FIRDOUS JAHAN W/O GULAM SABIR के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

सिटी ब्रीफ

### नसीम ने लिखा पत्र

**कानपुर।** सपा विधायक नसीम सोलंकी ने विकास कार्यो पर अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष से की है। पत्र में उन्होंने बताया कि तमाम समस्याएं हैं। जिन्हें लेकर वे संघर्ष कर रहीं हैं। कई बार कमिश्नर, डीएम व नगर आयुक्त को फोन करने के बाद भी अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं।

### 10 घंटे चला ऑपरेशन

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज एवं एलएलआर अस्पताल में 10 घंटे की जटिल सर्जरी से 62 वर्षीय मरीज का सफल उपचार किया गया।म रीज को निचले होंठ एवं जबड़े में गंभीर लक्षण पाये गए, जो मुख गुहा के कैंसर का एक गंभीर प्रकार का प्रमाण हैं। मरीज की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने विस्तृत शल्य चिकित्सा की योजना बनाई। यह ऑपरेशन लगभग 10 घंटे तक चला। जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मिलकर समन्वित रूप से कार्य किया। इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ. संजय काला ने किया।

### कार्यशाला में सीखे गुर

**कानपुर।** रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केंद्र, आईआईटी कानपुर के प्रशिक्षण हॉल में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में कलाकारों ने ज्वेलरी निर्माण संबंधी विशेषताएं सीखीं। पांच दिवसीय कार्यशाला में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। आयोजन में दो कार्यशालाएं समानांतर रूप से संचालित हो रही हैं। एक में मिट्टी से आभूषण बनाने पर और दूसरी में धागों एवं क्रोशिया से ज्वेलरी निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### व्यापारियों ने मांगा कामर्शियल सिलेंडर

**कानपुर।** शहर में भारी गैस किल्लत के बीच व्यापारियों ने मंडलायुक्त के साथ मुलाकात की। इस दौरान खासतौर पर कैटरर और रेस्टोरेंट से जुड़े कारोबारियों ने कामर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से व्यापार तक खत्म होने की बात कही। जिस पर मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के अधीन एक कमेटी बनाकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। शहर में गैस किल्लत का मुद्दा लेकर कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर से जुड़े व्यापारी मंडायुक्त के समक्ष पहुंचे। इस दौरान संबंधित संगठन कानपुर कैटरर्स एसोसिएशन व होटल-रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शहर में कामर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई बाधित हो गई हैं। जिससे गंभीर प्रभाव पड़ा है। ईद व नवरात्रि जैसे प्रमुख त्यौहारों के मद्देनज़र होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, कैटरिंग एवं अन्य खानपान से जुड़े व्यवसायों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# विकास को मिली रफ्तार, शहर नई उड़ान को तैयार

## मेट्रो शहर की लाइफ लाइन बनने की राह पर, गंगा बैराज नया पर्यटन स्थल

**योगी सरकार के नौ साल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हवाई कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ नए शहरों के लिए उड़ानों का रास्ता खुला
- हाथीपुर, सरसौल में डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार का काम जमीन पर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में कानपुर में बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास में बड़ा बदलाव आया है। कानपुर मेट्रो जहां शहर की लाइफ लाइन बनने की राह पर है, वहीं चकेरी एयरपोर्ट टर्मिनल ने हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ नए शहरों के लिए उड़ानों का रास्ता खोल दिया है। गंगा बैराज अब नया पर्यटन स्थल बन चुका है। बिजली की उपलब्धता पनकी पावर प्लांट की नई यूनिटों ने और बढ़ा दी है। हाथीपुर, सरसौल में डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार का काम जमीन पर उतर गया है, तो सरसौल के नर्वल मोड़ से डिफेंस कॉरिडोर तक फोरलेन मार्ग का निर्माण शुरू भी हो चुका है। इस विकास यात्रा में अगले तीन साल में बनने वाली सड़कें और पुल रफ्तार की नई उड़ान भरने को तैयार हैं।

मेट्रो का प्रथम कॉरिडोर आईआईटी से मोतीझील होकर सेंट्रल स्टेशन तक पहुंचने के बाद अब इस रूट पर अपने अंतिम पड़ाव नौबस्ता तक पहुंचने की तैयारी के अंतिम चरण में है, वहीं दूसरे कॉरिडोर में सीएसए से बर्रा तक मेट्रो संचालन का काम अब आकार ले चुका है। गंगा बैराज से लखनऊ के अमौसी तक रैपिड रेल संचालन की चल रही कवायद अगर आधुनिक नगरीय परिवहन में नए रंग भर देगी, तो लखनऊ एक्सप्रेसवे एक द्रुतगामी यातायात उपलब्ध कराने के लिए जल्दी ही खुलने वाला है। इसी कड़ी में शुक्लागंज के लिए अंग्रेजों के जमाने का सड़क पुल गिरने के एक साल में ही नया फोरलेन पुल बनाने का काम शुरू किया जा चुका है। ट्रांसगंगा सिटी पुल के तोहफे से ट्रांस गंगा औद्योगिक क्षेत्र अब तेजी से विकसित की होने की राह खुल गई है। अनवरगंज-मंधना एलिवेटेड रेल ट्रैक निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण मुआवजा राशि जारी करके प्रदेश सरकार ने इस प्रोजेक्ट की बड़ी बाधा दूर कर दी है, जबकि जरीब चौकी पुल निर्माण की घोषणा ने लोगों को जाम से निजात दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर भरोसा बढ़ाया है।



फूलबाग का मनोरम नजारा। अमृत विचार

### डिफेंस कॉरिडोर से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

- साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को लगातार बढ़ावा देने में जुटा है। यहां सबसे बड़ी अडानी की यूनिट सैन्य बलों को गोला-बारूद उपलब्ध कराने के साथ निर्यात के अवसर देख रही है। रक्षा उद्योग इकाइयों की मांग पर हाथीपुर, सरसौल में डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार का काम शुरू हो चुका है। डिफेंस कॉरिडोर तक बेहतर कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक सुविधाओं के लिए सरसौल के नर्वल मोड़ से डिफेंस कॉरिडोर तक फोरलेन मार्ग के निर्माण को गति मिल चुकी है।

### हैलट अस्पताल में नई ओपीडी, 100 बेड का अस्पताल

- चकेरी में नए एयरपोर्ट टर्मिनल ने शहर से नई उड़ानों का रास्ता खोला था, अब एयरपोर्ट विस्तार के लिए 100 एकड़ भूमि का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है। शहर के एमएसएमई सेक्टर को राज्य सरकार से मिलने वाली सहूलियतों के चलते बंपर निवेश से कल का मैनचेस्टर नए औद्योगिक पुनरुत्थान की आधारशिला बनने की उम्मीदें जगा रहा है। हालिया बजट में शहर में 715 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, पार्कों के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मंजूरी दी गई है। इसी तरह चकेरी-छतमरा फोरलेन मार्ग से यहां के औद्योगिक क्षेत्र के विकास की बड़ी बाधा दूर हो गई है। इसी क्रम में हैलट अस्पताल में नई ओपीडी बनाने के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, तो दक्षिण क्षेत्र में 100 बेड के अस्पताल की सौगात का उद्घाटन करने का वादा मुख्यमंत्री पिछले दिनों शहर आगमन पर कर गए हैं।

### लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

- कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने नवीन सभागार में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत सुमन लता शर्मा को टूल किट प्रदान की, जबकि मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत कृति सिंह, प्रगति अवस्थी, हर्ष, ललित, सलमान खान, रवि सिंह, मीला कुशवाहा एवं आलोक सिंह को स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना सविता एवं बिंदु देवी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत कई लाभार्थियों को लैपटॉप सूची में शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास को दृश्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एडीएम सिटी राजेश कुमार, पीडी आलोक कुमार सिंह, तहसीलदार सदर विनय द्विवेदी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### 190 युवाओं को मिला रोजगार

**कानपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक में बुधवार को प्रदेश स्तरीय पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस अवसर पर लगभग 500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया। मेले में निजी कंपनी ने कैंपस में भाग लेते हुए 163 विद्यार्थियों का चयन किया तथा उन्हें 2.7 लाख रुपये वार्षिक पैकेज ऑफर किया। इसी तरह दूसरी निजी कंपनी ने 27 युवाओं का चयन किया। इन युवाओं को लगभग 3 लाख रुपये का ऑफर मिला। रोजगार मेले में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल शाखा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में प्रदेश के15 राजकीय पॉलिटेक्निक से आए युवाओं ने शिरकत की। मेले में दो कंपनियां ने 250 पदों पर युवाओं को नौकरी ऑफर की। मेले में 4 सौ युवाओं ने साक्षात्कार दिया। इनमें उन्नाव, कानपुर, कानपुर देहात, मैनपुरी, इटावा, फतेहपुर, हमीरपुर, लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव सहित अन्य जिलों के युवा शामिल रहे। मेले में 27 युवाओं को ऑफर लेटर भी दिया गया।

# कानून-व्यवस्था चौकस, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरसैयाघाट पर सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगी
- एक्सप्रेस-वे, हाईवे-ग्रामीणों से कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए सरसैया घाट स्थित निर्वाचन कार्यालय परिसर में 'नवनिर्माण के 9 वर्ष थीम पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर कई लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

बुधवार को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सरोज कुरील एवं जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर बीते 9 वर्षों में प्रदेश और जनपद में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। बाल विकास एवं महिला कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यान, उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग, पीएम स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री आवास, पीएम सूर्यघर योजना, श्रम, पर्यटन तथा ओडीओपी सहित अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान नवरात्र के अवसर पर मंत्री ने स्टाल में एक बच्ची को टीका लगाया।



प्रदर्शनी में नवरात्र पर बच्ची का पूजनकरते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### पीएम सूर्यघर योजना में 76 मेगावाट बिजली का उत्पादन

- मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत 25,335 सोलर संयंत्रों से 76 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। रिंग रोड, एसटीपी अपग्रेडेशन और चुन्नीगंज कन्वेंशन सेंटर जैसी परियोजनाएं शहर की नई पहचान बना रही हैं। गोविंद नगर का आधुनिक पराग डेयरी प्लांट अप्रैल से शुरू होकर प्रतिदिन चार लाख लीटर दूध प्रसंस्करण करेगा।

### भीमसेन में औद्योगिक विकास को गति मिली-मंत्री

- सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की अध्यक्षता में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश एवं जनपद में विगत 9 वर्षों में हुई प्रगति की विस्तृत जानकारी साझा की गई। मंत्री ने कहा कि डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और भीमसेन में विकसित औद्योगिक केंद्र से औद्योगिक विकास को नई गति मिल रही है। वर्ष 2017 के पूर्व और वर्तमान समय के उत्तर प्रदेश में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। एक्सप्रेस-वे, हाईवे और ग्रामीण सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार हुआ है, वहीं एयर कनेक्टिविटी में तेजी आई है और जेवर एयरपोर्ट शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। कानपुर से भी अब कई उड़ानें संचालित हो रही हैं।

### 24 घंटे बिजली आपूर्ति

- मंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार के चलते प्रदेश देश में बेहतर स्थिति में आया है। विद्युत आपूर्ति में सुधार करते हुए 24, 22 और 18 घंटे की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश का बजट वर्ष 2016 के लगभग 3 .99 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 9 .12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में कायाकल्प योजना और स्कूल चलो अभियान से सुधार हुआ है, वहीं सीसीटीवी आधारित नकलविहीन परीक्षाएं गुणवत्ता बढ़ा रही हैं। "हर घर जल योजना" के तहत अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है। रोजगार के क्षेत्र में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है।

### 1503.89 करोड़ से 252 परियोजनाएं पूरी

- कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने जनपद कानपुर नगर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2017 के बाद विकास को नई गति मिली है। अब तक 1503 .89 करोड़ रुपये की लागत से 252 परियोजनाएं पूर्ण कर जनोपयोगी बनाई जा चुकी हैं। घाटमपुर तापीय परियोजना और पनकी विस्तार जैसी ऊर्जा परियोजनाएं नई पहचान बना रही हैं, जबकि किदवई नगर–गोविंद नगर 220 केवी उपकेंद्र तैयार हो चुका है।

# अनफिट वाहनों को फेल कर देगा टेस्टिंग सेंटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भौंती फिटनेस सेंटर में कहीं के भी वाहन की फिटनेस हो जाएगी
- सेंसरयुक्त सेंटर में वाहनों की फिटनेस का काम शुरु हुआ

**अमृत विचार।** वाहनों की फिटनेस में बड़े पैमाने पर खेल चलता है लेकिन अब भौंती में बनाया गया सेंसरयुक्त आधुनिक फिटनेस सेंटर अनफिट वाहनों को पास ही नहीं करेगा। इस फिटनेस सेंटर को इस प्रकार तैयार किया गया है कि देश के किसी भी कोने का कोई भी वाहन हो, उसकी फिटनेस हो जाएगी।

कानपुर में चौबेपुर के बाद ये दूसरा फिटनेस सेंटर भौंती में खोला गया है। इस सेंटर का ठेका जयपुर की कंपनी मनाली इंडस्ट्रीज को दिया गया है। कानपुर नगर में वाहनों की फिटनेस के लिए अब फिटनेस सेंटर खुल गए हैं, एक फिटनेस सेंटर चौबेपुर से बिठूर जाने वाले मार्ग पर है और दूसरा भौंती में अभी शुरु हुआ है। पनकी में दो पहिया वाहन के लिए ड्राइविंग टेस्टिंग की जाती है। आरआई संतोष कुमार ने बताया कि फिटनेस सेंटर पर सख्त हिदायत दी गई है कि स्कूली वाहनों और स्लीपर बसों पर विशेष निगरानी रखें और किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भौंती के फिटनेस सेंटर पर पनकी, उ्नाव, कानपुर देहात के अलावा कई क्षेत्रों को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि अभी तक कानपुर नगर के वाहनों को चौबेपुर जाना पड़ता था।

### बसों में दो सीट के बराबर एक स्लीपर

- आरआई संतोष कुमार ने बताया कि स्लीपर बसों की फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, बस की लंबाई या चौड़ाई में कोई खेल तो नहीं किया गया है, स्लीपर बसों में स्लाइडर शीशे नहीं हो सकते। बस की छत पर बचाव हैंगर होना चाहि। स्लीपर बस में 5-5 लीटर के अग्निशमन के दो सिलेंडर होना चाहिए। दो सीट के बराबर एक बर्थ मानी जाती है।

### खामियां मिलने पर 250 बसों को नोटिस

- आरआई संतोष कुमार ने बताया कि लगभग 250 बसों में खामियां मिलने के बाद उन्हें संभागीय परिवहन अधिकारी की ओर से नोटिस जारी करते हुए खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं, यदि उसके बाद भी बसों मे मानक पूरे नहीं किये गये तो बस स्वामियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मैक्स हॉस्पिटल की मासिक कार्डियोलॉजी ओपीडी

**कानपुर।** दिल के मरीजों को अब उन्नत हृदय उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने कानपुर में हृदय संबंधी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए मासिक कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवा शुरू करने की घोषणा की है। यह ओपीडी सेवा स्वरूप नगर स्थित कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर के सहयोग से संचालित की जाएगी। डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि वे हर महीने के पहले बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वरूप नगर स्थित कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर में मरीजों को परामर्श, प्राथमिक जांच और फॉलो-अप सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में दिल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में समय पर जांच और विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह बेहद जरूरी है। इस अवसर पर कानपुर कार्डियोलॉजी सेंटर के ओनर एवं कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मनीष गुप्ता मौजूद रहे।



डॉ. विशाल।

# मोबाइल और डिजिटल माध्यमों की लत बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शैक्षणिक व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**अमृत विचार।** पीपीएन कॉलेज में आयोजित मेधावी छात्र अलंकरण व सांस्कृतिक महोत्सव 'स्पंदन'में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने युवाओं को डिजिटल एल्कोहॉलिज्म से बचने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल और डिजिटल माध्यमों की लत आज युवाओं के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनूप कुमार सिंह ने कहा कि सफलता वही पाता है जो परिश्रम की पराकाष्ठा तक पहुंचता है। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय विकास परिषद के अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि कॉलेज में नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सराहनीय परंपरा है।

इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। रसायन विज्ञान विभाग के छात्र ऋतिक वर्मा को सीएसआईआर-यूजीसी नेट में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विशेष सम्मान दिया गया। छात्रों ने कृष्ण लीला, पद्मावत नाट्य मंचन, कथक, लोकनृत्य, कव्वाली और सूफी संगीत की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में शहर के कई महाविद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षक भी मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। अमृत विचार

**विकास की राह** | चंदारी से गोविंदपुरी तक मालगाड़ियों का बाईपास अब व्यस्ततम हो चुका

# सुजातगंज क्रासिंग पर सबसे चौड़ा अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हावड़ा दिल्ली मुख्य रेलमार्ग के बाईपास ट्रैक पर पड़ने वाली सुजातगंज रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज सुरक्षा कारणों से ठंडे बस्ते में चला गया है, अब इस क्रासिंग पर अंडरपास बनाने की योजना तैयार की जा रही है।

सुजातगंज रेलवे क्रासिंग गेट नंबर 78 बी पर ओवर ब्रिज बनाने के लिए 97 करोड़ की लागत से टू लेन का ओवरब्रिज बनाने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। रेलवे क्रासिंग के पास पाइल्स टेस्टिंग होने के बाद मिट्टी डालकर सरिया का जाल बिछाया जाने लगा था लेकिन कैंट एरिया होने के कारण सुरक्षा की लिहाज से इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है। अब इस रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनेगा, वह भी मंजूरी मिलने के बाद ही हो पाएगी। अंडर पास बनाने के लिए पिछले वर्ष 161.84 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को रेलवे अधिकारियों ने भेजा था लेकिन अभी तक इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। सीओडी ब्रिज की तर्ज पर यदि इस अंडरपास बनाने में देरी की गई तो इसका स्टीमेट भी बढ़ता रहेगा।

### अंडरपास बनने पर इन क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

- सुजातगंज रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनने के बाद दर्जनों क्षेत्रों के लाखों को लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्य रुप से सुजातगंज, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा, श्याम नगर, कोयला नगर आदि इलाकों से जोड़ने वाले इस मार्ग पर यह क्रासिंग सबसे बड़ा अवरोध है। टाटमिल चौराहा, घंटाघर आदि इलाकों के इसी क्रासिंग से होकर सुजातगंज, गद्दियाना, रामपुरम, रामादेवी आदि क्षेत्रों के लोगों को जाना पड़ता है। रेलवे के सर्वे बताते हैं कि इस रेल मार्ग से लगभग 1 लाख लोगों का प्रतिदिन आवागमन है। रेलवे क्रासिंग हर समय बंद रहने से बचने के लिए लोग सीओडी और श्याम नगर ब्रिज का चक्कर लगाने को मजबूर होते हैं। इसीलिए आसपास के क्षेत्रों के लोग रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सुजातगंज रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने की जगह नहीं है, इसलिए वहां अंडरपास बनाने पर विचार किया जा रहा है। क्योंकि इस क्रासिंग पर यातायात का लोड अधिक है, इसलिए इस अंडरपास को चौड़ा बनाया जाएगा।

### सवारी गाड़ियां इधर से गुजरतीं, ज्यादातर बंद रहता गेट

- गोविंदपुरी स्टेशन से जूही पावर केबिन होते हुए चंदारी के लिए मालगाड़ियों का काफिला इसी बाईपास रुट से निकलता है लेकिन कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों का लोड कम करने के लिए रेलवे ने कई ट्रेनों को गोविंदपुरी स्टेशन से चलाना शुरु कर दिया है, गोविंदपुरी स्टेशन आने वाली ट्रेनें इसी मालगाड़ी वाले रुट से गुजरने लगी हैं जिससे ये रेलवे क्रासिंग 24 घंटे मे 10 घंटे से अधिक बंद रहती है क्योंकि इस रेल मार्ग से प्रतिदिन 100 से अधिक मालगाड़ी और 50 से अधिक सवारी गाड़ियां चलती हैं।

# व्यापारियों को दिए गए प्रमाण पत्र

**कानपुर।** इजराइल ईरान युद्ध की वजह से कमर्शियल सिलिंडर का संकट दूर किया जाए। संकट दूर होने तक व्यापारी विकल्प का इस्तेमाल करें। यह संदेश बुधवार को यशोदा नगर उद्योग व्यापार मण्डल की आम सभा में दिया गया। इस दौरान संगठन पुनर्गठन, मनोनयन व सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण समारोह भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम मं पुनर्गठन के साथ नवमनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन प्रमाणपत्र वितरित किए गए। संकल्प लिया गया कि सरकारी विभागों के अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न होने पर व्यापारियों की समस्याओं के लिए संघर्ष करने और संगठन को मजबूत किया जाएगा। आम सभा में मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौपे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम, जनपद-चित्रकूट**

पत्र संख्या– 3598/2025–26 दिनांक :– 18 मार्च 2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि नगर तिलक परिषद चित्रकूटधाम द्वारा जिला पंचायत के सामने निर्मित दुकानों में से नीलामी द्वारा पूर्व में आवंटन के उपरान्त शेष दुकान सं0 08 से 18 तक व दुकान सं0 21 से 27 तक एवं 36, 37 एवं कचेहरी गेट के पास श्रीराम मार्केट ब्लाक ए प्रथम तल दुकान सं0 3. 14. 16 को किराये पर उठाये जाने हेतु नॉन–रिफण्डबिल प्रीमियम (पगडी) की खुली नीलामी हेतु बोली करायी जानी है। उक्त नीलामी बोली के इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकानों को किराये पर आवंटन चाहते हो वो व्यक्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में दिनांक 18 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 अपरान्ह 03 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क रू0 2000.00 नगद जमा कर प्राप्त कर दिनांक 25 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक सम्पूर्ण विवरण भरकर आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त निम्न विवरण के अनुसार तहसील सभागार में नियत तिथि व समय पर उपस्थित होकर जमानत धनराशि जमा कर बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। दुकान नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय के कर अनुभाग में किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित अंकित तिथि के उपरान्त दुकान नीलामी से सम्बन्धित फार्म न ही ब्रिकी किये जायेगे एवं न ही जमा किये जायेगें।

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | रजिस्ट्रेशन फार्म शुल्क | जमानत धनराशि | निर्धारित मासिक किराया | नीलामी प्रीमियम (पगड़ी) की न्यूनतम विभागीय/बोली धनराशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पंचायत के सामने निर्मित दुकान | 2000.00 (प्रति फार्म) | 50000.00 (प्रति दुकान) | 2000.00 (प्रति दुकान) | 800000.00 | 28 मार्च 2026 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार कक्ष में |
| 2 | कचेहरी गेट के पास श्रीराम मार्केट ब्लाक ए प्रथम तल दुकान सं0– 3, 14, 16 | 2000.00 (प्रति फार्म) | 50000.00 (प्रति दुकान) | 2000.00 (प्रति दुकान) | 850000.00 | 28 मार्च 2026 समय अपरान्ह 01 बजे तहसील सभागार कक्ष में |

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम

## सिटी ब्रीफ

### नवरात्र में कन्या पूजन अवश्य करें



आचार्य डॉ. अमरेश

**कानपुर।** शकुंतला शक्ति पीठ के संस्थापक आचार्य डॉ. अमरेश मिश्र ने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसलिए दो से 10 वर्ष तक की कन्या का पूजन करना चाहिए। देवी स्वरूप में किए गए पूजन से पद, प्रतिष्ठा, ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। जीवन में आने वाले समस्त विघ्नों का शमन होता है। यदि आप नवरात्र में प्रतिदिन श्रद्धा पूर्वक कन्याओं के चरण धुलते हैं और उसे माथे से लगाते हैं तो आपकी समस्त कामनाओं की पूर्ति होगी।

### सीएसजेएमयू में हुआ एमओयू

**कानपुर।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय व संस्कारशाला– विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय तथा आत्मालय अकादमी बैंगलुरु के बीच कए एमओयू हुआ है। इस दौरान सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार राकेश कुमार मिश्र, विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म महाविद्यालय, कानपुर की ओर से सीए नीतू सिंह, सचिव प्रबंध समिति तथा आत्मालय अकादमी, बैंगलुरु की ओर से डॉ पद्मजा वेंकटेश सुरेश ने परस्पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### छात्र का 5.50 लाख पर चयन

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के सेवायोजन के निदेशक डा विजय कुमार यादव ने बताया कि उनके यहां पर एक छात्र का 5.50 लाख पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के बीटेक इंजीनियरिंग के प्रतिभागित 8 छात्र व छात्राओं का लिखित परीक्षा ली गई। उसके बाद ग्रुप डिस्कसन करने के बाद पर्सनल इन्टरव्यू लिया। साक्षात्कार में ललित मोहन कैरा का चयन 5.50 लाख का पैकेज पर किया गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



बारादेवी मंदिर जगमगाता हुआ। अमृत विचार

### कलश स्थापना मुहूर्त

नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6:52 बजे से लेकर सुबह 10:16 बजे तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट की स्थापना किसी वजह से नहीं हो पा रही है तो दोपहर 11:52 बजे से लेकर 12:41 बजे तक रहेगा।



# आज से नवरात्र, रोशनी से सजे मां के दरबार

## पूजन सामग्री के बाजार में तेज हुई खरीदारी, सड़कों पर भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में नवरात्र के लिए मंदिरों को दूल्हन की तरह सजाया गया है। बुधवार को नवरात्र से एक दिन पहले ही मंदिरों में रौशनी हुई। बारादेवी मंदिर व जंगलीदेवी मंदिर में विशेष रौशनी की गई। भक्तों की भीड़ के चलते कड़े सुरक्षा के इंतजार किए गए हैं। नवरात्रि से पहले बाजारों में भी धूम रही। लोगों ने पूजन के लिए खरीदारी की।

शहर में नवरात्रि की धूम रही। शाम से ही मंदिरों में सजावट भक्तों के लिए खोल दी गई। रंग बिरंगी रोशनी के बीच दूर से ही मंदिर आकर्षक लग रहे थे। खासतौर पर जंगलीदेवी मंदिर, बारादेवी मंदिर व अशोक नगर स्थित दुर्गा मंदिर में विशेष सजावट की गई। उधर नवरात्रि में मनौती मांगने के लिए मंदिरों में अर्पित किए जाने वाली अखंड ज्योति की व्यवस्था होती रही। तपेश्वरी मंदिर में इसके लिए खास व्यवस्था की गई। बारादेवी मंदिर में भी अखंड ज्योति के लिए अलग व्यवस्था हुई। जंगलीदेवी मंदिर में आने वाले भक्तों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मंदिर के भीतर प्रवेश करना होगा। अन्य मंदिरों में भी मैटल डिटेक्टर की सुविधा पुलिस प्रशासन की ओर से दी गई है। बंगाली मोहाल काली मंदिर, शास्त्री नगर काली मंदिर व चकेरी काली मंदिर में माता के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भीड़ के दौरान महिला व पुरुष की लाइन की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। गोविंद नगर स्थित दुर्गा मंदिर में रोजाना होने वाले आयोजनों के लिए भी तैयारी अंतिम दौर तक चलती रही। मंदिरों में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंचने लगेंगे। पुलिस प्रशासन के साथ ही सेवादारों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।



बिरहाना रोड पर चुनरी, नारियल, फूल की खरीदारी। अमृत विचार



तपेश्वरी माता का दरबार सजा। अमृत विचार

### चुनरी, नारियल की खरीदारी

- नवरात्र के एक दिन पहले भक्तों की ओर से पूजन की सामग्रियों की खूब खरीदारी हुई। यह खरीदारी मंदिरों के आस-पास लगी दुकानों के अलावा स्वरूप नगर, आर्य नगर, लाल बंगला, शास्त्री नगर, विजय नगर, कल्याणपुर सहित अन्य बाजारों में हुई। खरीदारी में खासतौर पर हवन सामग्री, आम की लकड़ी, मातारानी की पोटली, नारियल व मिष्टान सहित अन्य खरीदे गए।

# टेककृति में होगी नौकरी, उद्यम और रोबोट में एआई पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर का वार्षिक तकनीकी और उद्यमिता महोत्सव टेककृति 19 से 22 मार्च के बीच आयोजित होगा। इस बार टेककृति पर एआई पर विशेष चर्चा होगी। इस चर्चा में नौकरी, उद्यम व रोबोट पर एआई के प्रभाव को बताने के लिए विशेषज्ञ महोत्सव में शामिल होंगे। इसी तरह तकनीकी महोत्सव में इसबार पांच किलो से लेकर 30 किलो तक रोबोट शामिल होंगे। महोत्सव के तहत 20 से अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

टेककृति के बारे में बुधवारको मीडिया हेड प्रीत मेहता व रिषभ राज ने बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, कार्यशालाएं और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे। वार्ता के दौरान यश पंडित ने बताया कि इस बार टेककृति के प्रमुख आकर्षण में फ्लैगशिप इवेंट्स और प्रतियोगिताएं शामिल होंगी, जिनमें रोबोवार्स प्रमुख है।

जो एक दूसरे से मुकाबला करते नजर आएंगे। इसके साथ ही ग्रैंड प्रिक्स रेसिंग चैंपियनशिप भी आयोजित की जाएगी। जिसमें हाई-स्पीड रिमोट-कंट्रोल रेसिंग मशीनें और अत्याधुनिक ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग का प्रदर्शन होगा। महोत्सव में फ्लैगशिप टॉक्स की एक श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी। जिसमें वक्ताओं में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और डीप माइंड के कृत्रिम बुद्धिमत्ता शोधकर्ता निकोलस हीस शामिल हैं। ये विशेषज्ञ अंतरिक्ष अन्वेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के भविष्य पर चर्चा करेंगे। महोत्सव में रक्षाकृति भी होगा। जो रक्षा और सामरिक प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित रहेगा। इसमें ऑपरेशन सिंदूर पैनल सहित विभिन्न चर्चाएँ और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएँगी, जिनमें रक्षा नवाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा तकनीकों में हो रही प्रगति को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा कई तकनीकी प्रतियोगिताएं, नवाचार चुनौतियां और प्रायोगिक कार्यशालाएँ भी आयोजित होंगी। यह महोत्सव छात्रों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स और उद्योग विशेषज्ञों के बीच नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी प्रदान करता है।



सीएसजेएमयू में रोबो रम्बल में दिखाई युवाओं ने प्रतिभा। अमृत विचार

### रोबोट ने दिखाया दम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह

- **कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तकनीकी महोत्सव रोबो रम्बल में युवाओं ने प्रतिभा दिखाई। तकनीकी महोत्सव के तीसरे दिन रोबोट ने दम दिखाया। रोबो वॉर और रोबो गेम सहित अन्य प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ी जुटे। शाम को रम्बल डीजे नाईट में कलाकार 'लेखक' का लाइव कॉन्सर्ट हुआ। तकनीकी महोत्सव में प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों में पिक एंड प्लेस प्रतियोगिता का आयोजन इनोवेशन सेल में किया गया। जहां प्रतिभागियों ने रोबोट्स के माध्यम से वस्तुओं को सटीकता और समय-सीमा के भीतर स्थानांतरित करने की अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया। रोबो सॉकर फाइनल और रोबो वॉर फाइनल ओपन एयर थिएटर में आयोजित किए गए। जहां टीमों के बीच कड़े और प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले देखने को मिले। लाइन फॉलोइंग रोबोट प्रतियोगिता का आयोजन एल-1 हॉल में किया गया, जो छात्रों के बीच खास आकर्षण का केंद्र रही। ई-स्पोर्ट्स फाइनल आईटी लैब में आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी गेमिंग स्किल्स और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। शाम को हेलिपैड ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें रेडबुल जुगरनॉट पावर-पैक्ड डीजे नाइट और कलाकार 'लेखक' द्वारा लाइव कॉन्सर्ट ने माहौल को पूरी तरह उत्सव में भर दिया।

# नवरात्र पर बारादेवी में बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आज प्रात: 4 बजे से 31 मार्च तक लागू रहेगा रूट डायवर्जन**
- **बारादेवी मंदिर समेत कई मंदिरों के आसपास डायवर्जन किया**

**अमृत विचार।** ट्रैफिक पुलिस ने बारादेवी मंदिर क्षेत्र में 19 मार्च सुबह 4 बजे से 31 मार्च तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया है। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक विभाग ने यातायात में बदलाव किया गया है। किसी भी असुविधा की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

### ऐसे रहेगा यातायात डायवर्जन

- गोविंद नगर चौराहे से बारादेवी चौराहे की ओर जाने वाले वाहनों का रूट बदला गया है। ऐसे वाहन गोविंद नगर चौराहे से सोटे बाबा हनुमान मंदिर और थाना गोविंद नगर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।
- यातायात अधिकारियों के मुताबिक इस अवधि में बारादेवी चौराहे की ओर किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी वाहनों को साइड नंबर-1 से होकर जाना पड़ेगा।

**किसी भी समस्या पर हेल्पलाइन नंबर पर मिलायें**

ट्रैफिक कंट्रोल रूम : 9305104340

ट्रैफिक हेल्पलाइन : 9305104387

# गश्त में तेजी, संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** ईद- उल -फितर व नवरात्र पर्व को लेकर पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में पुलिस टीम ने कस्बे में पैदल गस्त की। इस दौरान संवेदनशील लोगों से पूछताछ किए जाने के साथ स्थानीय लोगों व व्यापारियों से संवाद स्थापित कर अफवाहों पर ध्यान न देकर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

ईद व चैत्र नवरात्रि एक ही समय पर होने के कारण पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर ली है। त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कस्बे की बाजार चौराहों, मंदिर, मस्जिदों व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है। बुधवार को पुलिस बल के साथ पैदल गस्त के लिए निकले प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने स्थानीय लोगों व व्यापारियों से पर्व पर शांति, सौहार्द व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर सभी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कही।

### विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के पिपरी गांव में पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद विवाहिता को घर से निकाल दिया गया। पिपरी गांव निवासी प्रीती पत्नी राजीव ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि कुछ दिन पहले पति से हुए झगड़े के बाद वह नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। इस दौरान वह अपनी 8 वर्ष की बेटी को ससुराल में जबकि छोटे बच्चे को साथ लेकर गई थी। 22 फरवरी को मायके पक्ष में एक विवाह समारोह था। जिसके लिए पति राजीव ने बच्चे के कपड़े दिलाने के नाम पर उसे बर्रा बाईपास के पास बुलाया। इस दौरान जब अपनी भाभी व भांजी के साथ मौके पहुंची, तो पति ने उसके साथ मारपीट की। बताया कि इसके बाद गत दिवस जब वह वापस ससुराल लौटी, तो पति ने उसे घर में घुसने नहीं दिया। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

## जिला स्तरीय रसोइया पाक-कला स्पर्धा में बिल्हौर, ककवन अव्वल

**बिल्हौर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गोविन्द नगर के प्रांगण में 'जनपद स्तरीय रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता' का आयोजन बुधवार को किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के रसोइयों को भोजन की पौष्टिकता, खाद्य सामग्री की शुद्धता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करना था। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि इसका लक्ष्य बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार विद्यालय में ही शुद्ध, गर्म और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

जनपद के सभी 10 विकास खंडों से कुल 23 रसोइयों ने इस स्पर्धा में भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में रसोइयों ने गैस चूल्हों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार 'तहरी' तैयार की। स्वाद, पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवहार (कुल 55 अंक) के आधार पर 10 रसोइयों को अंतिम चरण के लिए चुना गया।

# चला बुलडोजर, करोड़ों की भूमि कब्जा मुक्त

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** डीएम के निर्देशन में भूमाफियाओं के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत घाटमपुर तहसील प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नवेली पावर प्लांट के सामने कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर स्थित चारागाह की बेशकीमती जमीन को बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त करा दिया। 2 बीघा 16 बिस्वा चारागाह, जिसकी बाजार कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये है, को मुक्त कराया गया।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार गाटा संख्या 349 ख (0.3826 हेक्टेयर) तथा गाटा संख्या 350 (1.6800 हेक्टेयर) पशुचर भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि कोयला नगर निवासी राजवीर सिंह पुत्र संतोष सिंह और उनके परिवार के लोगों ने चारागाह की भूमि के करीब 56 बिस्वा हिस्से पर कब्जा कर लिया था। कब्जेदारों ने यहां कालिंदी होटल के नाम से भवन बनाकर होटल लॉन, सड़क और अन्य जनसुविधाएं विकसित कर दी थीं।



अवैध निर्माण गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

### कब्जामुक्त भूमि पर तत्काल चारा बुआई

- कार्रवाई के बाद ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की मौजूदगी में कब्जामुक्त चारागाह भूमि पर सूचना बोर्ड लगाकर इसे सुरक्षित किया। मौके पर ही हरे चारे की बुआई कराई गई, जिससे यह भूमि गोवंशों के चारे के लिए उपयोग में लाई जा सके।

### भूमाफिया को दी चेतावनी

- एसडीएम ने कहा कि जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा है वह स्वेच्छा से शासकीय भूमि खाली कर दें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी भूमि को सार्वजनिक उपयोग तथा जनहित से जुड़ी शासकीय परियोजनाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

एसडीएम घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार अंकिता पाठक, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र चौधरी, राजस्व निरीक्षक इंद्र कुमार तथा लेखपाल शीलेश भारती और रविंद्र तिवारी सहित राजस्व विभाग की टीम पहुंची। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना सजेती की पुलिस फोर्स चौकी प्रभारी नैवेली अनुराग सिंह के नेतृत्व में तैनात रही और कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

बताया कि राजस्व विभाग ने पहले ही निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद कब्जेदारों ने मनमाने ढंग से निर्माण कर सार्वजनिक उपयोग की भूमि को निजी व्यावसायिक उपयोग में ले लिया। शनिवार को भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी घाटमपुर ने होटल संचालक को अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी, लेकिन उसने स्वेच्छा से कब्जा हटाने में रुचि नहीं दिखाई। सोमवार को भी राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर होटल मालिक की उपस्थिति में कब्जा हटाने को कहा, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद मंगलवार सुबह राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।

**कार्रवाई के दौरान विरोध, होटल मैनेजर भेजा गया जेल :** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान होटल प्रबंधन की ओर से विरोध किया गया। मौके पर प्रतिरोध कर रहे होटल मैनेजर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## लूट और टप्पेमारी का शातिर गिरफ्तार

**बिल्हौर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट के थाना ककवन की पुलिस ने अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दबिश देकर शशि कपूर उर्फ बांडिया (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी जनपद कन्नौज के थाना ठठिया अंतर्गत ग्राम दौलतपुर का निवासी है। पुलिस ने उसे विषधन चौकी क्षेत्र के ऐमा नहर पुल के पास से प्रातः करीब 05:00 बजे पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय माती, कानपुर देहात के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी शशि ने जनवरी के महीने में कथा सुनने जा रही कोठी पुरवा गांव की दो महिलाओं के साथ टप्पे बाजी करते हुए उनके कान की बाली उतरवा ली थी। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट थाना ककवन में दर्ज कराई थी। उसके पास से तमंचा जिन्दा कारतूस। लूट 9,300 रुपये बरामद किए।

# डोभा गांव में छत के रास्ते घुसे चोर नकदी और जेवरात किए पार

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** रेवना थाना अंतर्गत एक गांव में आधी रात्रि को चोरों ने एक घर में कूद कर सो रहे परिजनों के कमरों को लॉक कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर में रखे लाखों रुपए के जेवरात व नगदी पार कर ले गए। दो दिन पहले रेवना क्षेत्र के मखौली में चोरी हुई थी। चोरी हुई थी।

घाटमपुर के रेवना थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोभा गांव निवासी सचिन कुमार पुत्र जगदीश ने पुलिस को बताया कि 17 व 18 मार्च की रात को घर में चोरी हो गई। घर पर ही हम लोग सो रहे थे। तभी अज्ञात चोरों द्वारा हमारे घर के कमरे में रखे बक्से वह सूटकेस को छत में ले जाकर उनके ताले तोड़कर 20000 नकद व सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। जेवरों में कंगन, दो जोड़ा अंगूठी व जेंट्स अंगूठियां, कमरबंद, बाजूबंद, तीन सोने के हार, दो सोने की चेन, व 5 जोड़ी टोड़ियां थीं। रेवना थाना क्षेत्र के मखौली गांव में दो दिन पूर्व भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मखौली में एक ही घर में साल में दूसरी बार चोरी से लोगों में दहशत और आक्रोश है। मख़ौली गांव में दो दिन पूर्व सुमित यादव पुत्र सुरेश यादव के घर चोरों ने घुसकर लगभग 95 हजार रुपए नकद व घर से बर्तन व जेवरात चोरी कर लिए थे। इसके पूर्व में एक वर्ष पहले उसके भाई सर्वेश यादव व सुमित यादव के घर चोरी हुई थी। जिसका आज तक खुलासा नहीं हुआ।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

## पतारा में प्रधानाध्यापक प्रधानों की उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

**घाटमपुर।** पतारा खंड शिक्षा अधिकारी परिसर में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत अध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न हुई। मुख्य अतिथि विधायक सरोज कुरील द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विधायक ने उन्मुखीकरण कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षा नीति को बेहतर बनाने में एवं शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों के माध्यम से बेहतर शिक्षा प्रणाली में सामुदायिक जिम्मेदारी भी तय होती हैं। ग्राम प्रधानों के माध्यम से सामूहिक सहभागिता के माध्यम से अमूलचूल परिवर्तन लाने की दिशा में यह सराहनीय पहल है। कार्यशालाओं से आपसी समन्वय स्थापित होता है और शिक्षा नीति बेहतर होती है।

**नवरात्र** | **नगर पालिका अध्यक्ष के पति व ईओ ने मंदिर परिसर की साफ सफाई देखी**

# कूष्मांडा माता मंदिर पर तैयारियों को दिया अंतिम रूप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर की सिद्धपीठ मां कूष्मांडा देवी मंदिर में नवरात्र के प्रारंभ होने के पहले सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बताते चलें कि यहां पर दूर-दूर से भक्तजन दर्शन करने आते हैं और यहां पर नौ दिन लगातार मेल चलता है। माता कूष्मांडा देवी मंदिर में लगने वाले मेले को लेकर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष के पति सहित नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। परिसर में स्थित तालाब की साफ सफाई के साथ साथ तालाब में पानी भराने का निर्देश दिये और मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों के लिए पीने योग्य पानी तथा पूरे मंदिर परिसर को झालरों व फूलों से सजाने को कहा। परिसर में लगी लाइटों को ठीक कराने का निर्देश दिया।

मन्दिर में स्थित फूल माला व श्रृंगार के सामान के विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से परिसर में दुकान लगाने को कहा। इस दौरान वरिष्ठ सभासद गुड्डू पंडित, पूतू पांडे तथा पालिका प्रशासन के कर्मचारी उपस्थित रहे।



सजा माता का दरबार। अमृत विचार



श्रृंगारित कूष्मांडा माता। अमृत विचार

### माता के आगमन को लेकर सजे दरबार

- बिल्हौर। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारंभ गुरुवार से होगा। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भक्ति की बयार बह रही है। मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों को भव्य रूप से सजाया गया है। यहां ककवन का सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर यहां नवरात्रि के अवसर पर भव्य राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह बिल्हौर का सिंह वाहिनी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मकनपुर का खैरापति मंदिर यहां भी भक्तों द्वारा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। न केवल मुख्य कस्बों में, बल्कि अरौल, उत्तरीपुरा और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी जगह-जगह पंडाल सजाए गए हैं।

# चैत्र नवरात्र आज से, शेर पे सवार होके आ जा शेरावालिये...

## शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ घर-घर गूंजेंगे माता रानी के जयकारे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** आस्था व शक्ति की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहा है। देवी मंदिरों व घरों तक मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार देरशाम तक बाजारों में रौनक रही और मंदिरों में साफ-सफाई व रंग-रोगन का कार्य अंतिम चरण में दिखा।

आचार्य पं. गुड्डू द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार से नवरात्रि शुरू प्रारंभ होंगे। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त अलग-अलग होगा। पहला शुभ समय सुबह 6.52 से 7.43 बजे तक रहेगा। इसके बाद अभिजित मुहूर्त 11.38 से दोपहर 12.26 बजे तक का है। बताया कि शुभ समय में ही भक्तों को कलश स्थापना करनी चाहिए। बुधवार को शहर के प्रमुख मंदिरों पौराणिक कल्याणी मंदिर, बड़ा चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर, आवास विकास दुर्गा मंदिर, कॉलेज रोड स्थित गायत्री मंदिर, बाईपास के अन्नपूर्णा धाम में विशेष साज-सज्जा की गई। नवाबगंज स्थित मां दुर्गा व कुशहरी देवी मंदिर को भी भव्य रूप दिया गया है। मंदिर समितियों ने भक्तों की भीड़ को देखते हुए रास्तों को साफ कर चूने का छिड़काव करवाया है। गुरुवार भोरपहर से ही मंदिरों के पट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए जाएंगे। नवरात्र की पूर्व संध्या पर शहर के बाजारों में खासी भीड़ रही। पूजन सामग्री जैसे चुनरी, नारियल, सिंदूर व श्रृंगार का सामान, फल, फूल व कलश के लिए मिट्टी के पात्र, अखंड ज्योति के लिए घी व तेल की दुकानों पर देररात तक खरीददारों का तांता लगा रहा। दुकानदारों ने भी मांग को देखते हुए दुकानों को विशेष रूप से सजाया है।


दुकान पर पूजन सामग्री खरीदती महिलाएं व युवतियां। ● अमृत विचार

### फलों के रेट पहुंचे आसमान पर

- केला 60 से 70 रुपये दर्जन
- सेब 160 से 180 रुपये किलो
- संतरा 120 से 140 रुपये किलो
- अंगूर 160 से 180 रुपये किलो
- अनार 180 से 200 रुपये किलो
- पपीता 50 से 70 रुपये किलो
- नारियल 60 से 80 रुपये किलो

### त्योहारों की खरीदारी को बाजारों में उमड़ी भीड़, यातायात व्यवस्था ध्वस्त

**उन्नाव:** नवरात्रि व ईद को लेकर शहर के मुख्य बाजारों में जबरदस्त रौनक देखी जा रही है। खरीददारी के उत्साह के बीच शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। बुधवार को शहर के बड़ा चौराहा, सदर बाजार, धवन रोड व सब्जी मंडी में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ने से मुख्य मार्गों पर लंबा जाम लग गया। स्थिति यह रही कि शाम 4 बजे से लगे जाम का सिलसिला देररात तक जारी रहा, जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ नियंत्रित करने व यातायात सुचारु बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। घंटों की मेहनत के बाद पुलिस कर्मी स्थिति पर काबू पा सके। लेकिन मुख्य चौराहों पर वाहनों की लंबी कतारें रेंगती नजर आईं।

### चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर जमकर हुई खरीदारी, सजे दरबार

**शुक्लागंज उन्नाव:** चैत्र नवरात्र के एक दिन पहले बुधवार शाम बाजार में पूजन सामग्री खरीदने को भक्तों की भारी भीड़ रही। मां दुर्गा की पूजा व उपासना के लिए मंदिरों के बाहर से लेकर राजमार्ग तक लगी सैकड़ों दुकानों पर लोगों ने चुनरी, देवी प्रतिमा समेत अन्य पूजन सामग्री खरीदी। इसके साथ ही मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। चैत्र नवरात्र की खरीददारी को लेकर बुधवार को नगर में खरीददारों की भारी भीड़ रही। पूजन सामग्री, चुनरी, फल, नरियल, आदि की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। मंदिरों में साफ सफाई व रंगरोगन के बाद राजमार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर व अन्य मंदिरों पर भव्य श्रगांर किया गया व गुरुवार से शुरू साप्ताहिक पर्व की तैयारियां पूर्ण कर ली गईं। वहीं राजमार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में आज सुबह कलश पूजन के साथ पूजन कार्य शुरू किया जायेगा। भोरपहर माता को भोग लगाने के बाद महाआरती होगी। वहीं शाम को भी महाआरती होगी। प्राचीन दुर्गा मंदिर में प्रदेश भर से लोग दर्शन के लिये आते हैं। इसके अलावा कंचन नगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड सोमा गौरी, गांधी नगर काली मंदिर, आंनद नगर अन्नपूर्णां मंदिर, चंपापुरवा में मंशा देवी मंदिर समेत नगर के विभिन्न मंदिरों में पूरे दिन सफाई व सजावट का कार्य चलता रहा। श्रीदुर्गा मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह साधू ने बताया कि नवरात्र को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं।


दुर्गा मंदिर के बाहर सजीं दुकानें। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म का वांछित दबोचा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** एसएसपी के निर्देश पर चल रहे अपराध के नियंत्रण अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। मूल रूप से थाना राधानगर जिला फतेहपुर व वर्तमान में नबीनगर निवासी मो. हासिम पुत्र मो. मतीन पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज थी। वह काफी समय से फरार था। बुधवार को मरहला चौकी पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी निर्माणाधीन सरैयां क्रासिंग के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जरूरी कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट भेज दिया। टीम में दरोगा मूलचंद्र पाठक, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह व सनी कुमार शामिल रहे।

### ट्रेन से कटे युवक की नहीं हो सकी पहचान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** मंगलवार सुबह गंगाघाट रेलवे स्टेशन से मगरवारा की ओर जा रही झांसी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना सहजनी के पास पोल संख्या 62/28 और 62/30 के बीच हुई, जहां करीब 27 वर्षीय युवक ट्रेन से कट गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। मरहला चौकी इंचार्ज मूलचंद्र पाठक ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### दहेज हत्या में पति को पुलिस ने भेजा जेल

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर कोतवाली पुलिस ने नव विवाहिता की हुई संदिग्ध मौत के मामले में पति को दहेज हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बता दें कि शहर के कब्बा खेड़ा सिविल लाइन निवासी कौशल किशोर मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी काजल की शादी 5 मई-2025 को लखनऊ के चिनहट निवासी आशीष मिश्रा से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों के अनुसार 24 नवंबर को ससुराल पक्ष ने काजल को जहर दे दिया। हालत बिगड़ने की जानकारी पर पहुंचे पिता ने उसे पहले लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया फिर वहां से उन्नाव लाए। जहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पोस्टमार्टम के दौरान जहर मिलने की आशंका पर बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया था। बुधवार को सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति को रामलीला मैदान के पास से पकड़ लिया। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि जरूरी कार्रवाई पर उसे जेल भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है

## यूपी सरकार के 9 वर्ष, विकास प्रदर्शनी में दिखीं सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र सरकार के 9 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर निराला प्रेक्षागृह में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकास प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के स्टालों से जनसंवाद किया गया। शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता ने फीता काटकर किया।

उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व विकास कार्यों से संबंधित चित्रों व लेखों को प्रदर्शित किया गया था। विधायक ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित कर विधायक ने 524 निपुण विद्यालयों के उन शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले नन्हे मुन्नों को भी सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि आज प्रदेश सरकार के 9 वर्ष व केंद्र के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां जनता के सामने हैं। डीएम गौरांग राठी ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह अपराजिता द्वारा बनाई गई लुंबा राखी और तोरण द्वार की खरीदारी कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिये कि इन गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को स्थानीय व बड़े बाजारों में स्थान दिलाया जाए। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। इसमें सीडीओ कृतिराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, डीडीओ देव चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम, सीडीओ व अन्य।

## बंद पड़ी फैक्ट्री में मिला निजी सुरक्षा गार्ड का शव

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** अचलगंज थानाक्षेत्र के बंथर औद्योगिक क्षेत्र की एक बंद फैक्ट्री में तैनात गार्ड का शव फैक्ट्री परिसर में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने परिजनों की प्रबंधन से वार्ता कराकर 7 लाख का चेक दिलाया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें सर्पदंश से मौत होने की पुष्टि हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के मजरा भगौतीखेड़ा निवासी बृजलाल यादव (65) औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड था। सोमवार रात वह ड्यूटी पर आया था। लेकिन मंगलवार दोपहर तक घर नहीं लौटा। बेटे रामकुमार ने उसे फोन मिलाया लेकिन वह बदं था। इस पर बेटा फैक्ट्री पहुंचा तो गेट अंदर से बंद मिला। बगल की फैक्ट्री की छत से देखा तो परिसर में बृजलाल का शव पड़ा था। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिजन हंगामा करने लगे। गए। सूचना पर एसओ अचलगंज फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। बाद में फैक्ट्री प्रबंधन से बात कर देररात आश्रितों को 7 लाख का चेक दिलवाया। इसके बाद शव मोर्चरी भेजा। बेटे रामकुमार ने बताया कि पिता पहले होमगार्ड थे। सेवानिवृत्त होने के बाद से गार्ड की नौकरी करते थे। 5 बेटियों में दो की शादी हो चुकी है। पत्नी सोनी की पहले ही मौत हो चुकी है। एसओ बृजेश शुक्ल ने बताया कि फैक्ट्री बंद थी। मालिक से कहकर मुआवजा की चेक दिलवाई गई है।

## रोहिंग्याओं की तलाश में जुटी इंटेलीजेंस टीम

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट चौकी अंतर्गत मनोहर नगर में रह रहे रोहिंग्या परिवार के फरार सदस्यों की तलाश अब इंटेलीजेंस टीम को सौंपी गई है। करीब 10 माह बाद भी पुलिस आधा दर्जन आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है। जबकि दो माह पूर्व यह परिवार अपना सामान लेने के लिए यहां आया था और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

मामले की शुरुआत 21 मई 2025 को हुई थी। जब कानपुर के सदर कोतवाली पुलिस ने संदिग्ध भाषा बोलने पर साहिल नामक युवक को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसके म्यांमार का निवासी होने व अवैध रूप से भारत में रहने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद गंगाघाट पुलिस ने पूरे परिवार के विरुद्ध विदेशी अधिनियम आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। परिवार के सदस्यों में साहिल, अनवर, हबीबुल्ला, असमत, रोहिमा, याहिया, सिनवारा बेगम, जुनैद, अजीदा व नूरकायदा शामिल हैं। पुलिस ने 25 मई 2025 को कार्रवाई करते हुए सिनवारा बेगम, अजीदा व नूरकायदा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन अन्य सदस्य फरार हो गए। पुलिस के अनुसार अनवर, हबीबुल्ला, असमत, रोहिमा, याहिया और जुनैद अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। इस मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के आरोप में पूर्व सभासद शहजादे को भी जेल भेजा जा चुका था। विवेचक मान सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। अब इंटेलीजेंस विभाग की टीम भी सक्रिय कर दी गई है।


मनोहर नगर में इसी झोपड़ी में रहता था रोहिंग्या परिवार।

● दो माह पूर्व सामान समेटकर गए पुलिस को नहीं लगी भनक

### नहर पटरी पर पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** दही थानाक्षेत्र के मुर्तजानगर नहर पटरी पर युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। कानपुर-लखनऊ हाईवे से 25 मीटर अंदर मुर्तजानगर में सराय कटियान जाने वाली नहर पटरी पर एक शव मिलने से भीड़ एकत्र हो गई। चर्चा रही कि वहां से निकल रहे लोडर में फंसकर करीब (42) साल के युवक को घिसटता देखा गया था। बाद में गड्ढे में पहिया जाने से युवक उसी नहर पटरी के किनारे पड़ा दिखा है। पुलिस ने मामला संदिग्ध देख फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। चेहरा खराब होने से पहचान भी नहीं हो पाई। युवक कमर में बेल्ट की जगह सुतली बांधे है पीली शर्ट व कत्थई पैंट पहनने के साथ कमर में गमछा बांधे है।

### कल्याणी देवी तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग

**उन्नाव, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि के आगमन से पूर्व नर सेवा-नारायण सेवा समिति के संस्थापक व हिंदूवादी नेता विमल द्विवेदी ने अपने सहयोगियों के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ मिलकर नगर के प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर सहित अन्य सिद्धपीठों के मार्गों पर झाड़ू लगाई व चूना डाला। उन्होंने संदेश दिया कि देवालयों की सेवा ही वास्तविक नर सेवा है। उन्होंने नगर के आस्था के केंद्र प्राचीन कल्याणी देवी मंदिर तालाब की वर्तमान स्थिति पर रोष जताते हुए योगी सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन से मांग की कि तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे पर्यटन व आस्था के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। तालाब में गिर रहे नालों व आसपास के घरों से बहने वाले मल-मूत्र को बंद किया जाए। उन्होंने नवरात्रि के दौरान मंदिरों के आसपास खुले में मांस बेचने वालों व शराब दुकानों पर कार्यवाही की मांग भी की। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, संयोजक राकेश राजपूत, कमलेश बाजपेई, योगेंद्र तिवारी, पूर्व सैनिक एके दीक्षित, आरके मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, अखिल मिश्रा, अंकुर, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।


मंदिर के रास्ते पर चूना का छिड़काव करते विमल द्विवेदी।

## रेलवे पुल की ट्रफ बदलने की तैयारी तेज

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा नदी पर स्थित रेलवे पुल की डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ बदलने को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को लखनऊ से पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की।

चीफ वर्कशॉप मैनेजर उत्तर रेलवे जयंत चौधरी, डिप्टी चीफ वर्कशॉप मैनेजर नितिन मंगवाल व डीईएन फाइव प्रवेंद्र कुमार ने टीम के साथ डाउन लाइन का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जर्जर ट्रफ की स्थिति का जायजा लिया और नए एच-बीम चैनल स्लीपर लगाए जाने की योजना पर चर्चा की। साथ ही कार्यदायी संस्था से प्रगति व तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी ली। अधिकारियों के अनुसार, 2 अप्रैल से 13 मई 2026 तक 42 दिनों के लिए रोज सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान पुराने स्टील ट्रफ हटाकर वहां नए एचबीएम चैनल स्लीपर लगाए जाएंगे। कार्य की शुरुआत कानपुर की ओर से की जाएगी। बताया गया कि कानपुर से शुक्लागंज के बीच लगभग 1700 एचबीएम चैनल स्लीपर और 500 से अधिक गार्डर लगाए जाएंगे।


रेलवे पुल पर ट्रफ बदलने को लेकर चर्चा करते रेलवे के अधिकारी। ● अमृत विचार

● 2 अप्रैल से शुरू होना है नये एचबीम स्लीपर डालने का काम

### महाविद्यालय में संगीत संध्या कार्यक्रम संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार:** भारतीय संगीत महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में भारती संगीत संध्या कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ समीक्षा अधिकारी महेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अंशिका यादव ने राग जय-जयवंती गायन, दिव्यांशी राज ने तबला वादन प्रस्तुत किया। अमित कुशवाहा ने कभी राम बनके भजन प्रस्तुत किया। ऐश्वर्या त्रिपाठी ने गीत जमुना किनारे मोरा गांव सांवरिया आ जइयो प्रस्तुत किया। सामूहिक रूप में होली गीत होली खेलत नंदलाल व आज ब्रज में होली रे रसिया प्रस्तुत किया गया। अविरल वाजपेई, सुमुख रस्तोगी, आराध्या, बृजेश, आदित्य, अंश यादव ने चंदन सा बदन गीत प्रस्तुत किया। ढोलक पर प्रखर प्रताप सिंह, तबला पर सिराज अहमद, संजीव सिंह, साइड रिदम पर अरुण मिश्रा, हारमोनियम पर इब्राहिम संगत कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले हो शत-प्रतिशत वसूली: एडीएम

**उन्नाव, अमृत विचार:** कलक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों, एंटी भू-माफिया अभियान, आपदा व चकबंदी से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गोंड ने वाणिज्य कर, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर विकास, वन विभाग व खनन आदि विभागों की वसूली की समीक्षा की।

इस दौरान पाया गया कि कुछ विभागों की वसूली लक्ष्य के मुकाबले कम है। इस पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले शत-प्रतिशत वसूली की जाए। न्यायालयी कार्यों की समीक्षा करते हुए एडीएम ने निर्देश दिए कि जिन अफसरों के न्यायालय में 5 वर्ष से अधिक पुराने वाद लंबित हैं, उनकी प्रतिदिन सुनवाई की जाए। उन्होंने जनपद के 10 बड़े बकायेदारों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की और अधिकारियों को इसमें गंभीरता बरतने की हिदायत दी। आपदा प्रबंधन के मामलों पर कहा कि रिपोर्ट भेजने में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में एडीएम नमामि गंगे विधेश, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सदर विधायक ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण

**उन्नाव, अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में देश के लिए बलिदान देने वाले जिले के लाल, अमर शहीद शशिकांत तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के मोहल्ला पूरन नगर निवासी शहीद की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सदर विधायक पंकज गुप्ता ने निजी संसाधनों से निर्मित उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। शहीद की शहादत के बाद से ही उनके परिजनों द्वारा पार्क व मूर्ति स्थापना की मांग की जा रही थी। शुभारंभ शहीद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन व मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसमें जिले के कई सेवानिवृत्त फौजियों व शहीद वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि अगर आज हम और हमारा देश सुरक्षित है तो वह केवल इन वीर सैनिकों के दम पर है। संचालन नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया। इसमें शहीद की धर्मपत्नी अनीता तिवारी, बेटा देवांश तिवारी, प्रदीप सिंह, पवन सिंह, पूर्व सैनिक एके दीक्षित, आरके मिश्रा, जेके सिंह, सूबेदार शुक्ला, आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।


शहीद की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक।

### गुरु-वंदन, छात्र-अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न

**उन्नाव, अमृत विचार:** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा डिवाइन मिशन व डॉन बॉस्को स्कूल में गुरु-वंदन, छात्र-अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें स्कूल की मेधावी छात्राओं अंशिका व दुर्गा को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर व शिक्षकों में तरन्नुम व दीपक मिश्रा को प्रशस्तिपत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। परिषद के संरक्षक केके श्रीवास्तव ने भारत विकास परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रिंसिपल प्रतिमा सहाय ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य ठाकुर प्रसाद जायसवाल, सुनील, विशाल चंद्र गुप्ता, डॉ. उदय प्रताप, राजीव भारती, पवन निगम आदि रहे।

बोर्ड परीक्षा

1745 डिप्टी हेड व परीक्षकों में 905 अनुपस्थित, सामाजिक विज्ञान की कॉपियां न आने से परीक्षक लौटे

## चार केंद्रों में 840 परीक्षकों ने जांचीं 9215 उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की कापियों का मूल्यांकन चार केंद्रों में शुरू हो गया। पहले दिन उप प्रधान परीक्षकों व सहायक परीक्षकों की उपस्थिति ली गई। जिन विषयों के डिप्टी हेड आए थे उन्हें फाइल दी गई व सहायक परीक्षकों की उपस्थिति लेते हुए उन्हें मूल्यांकन के लिए कापियां आवंटित की गईं। वहीं, मॉडल के रूप में डिप्टी हेड व उनके सहायक परीक्षकों को कापियों को मूल्यांकन हेतु दिया गया।

पहले दिन 4 केंद्रों में 1745 डिप्टी हेड व सहायक परीक्षकों में 840 की उपस्थिति होने से केवल 9215 कापियों का मूल्यांकन हो सका। जीआईसी केंद्र में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की कापियां न आने से उस विषय के परीक्षक निराश लौट गए। डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 52 डिप्टी हेड में 48 उपस्थित हुए तथा 517 में 211 उपस्थित हुए। इससे केवल 975 कापियों का मूल्यांकन हो सका। जीआईसी में हाईस्कूल की कापियों का मूल्यांकन किया गया। जिसमें 52 डिप्टी हेड में 35 और 491 परीक्षकों में 241 उपस्थित हुए। इससे केवल 1887 कापियों का मूल्यांकन हुआ।

प्रधानाचार्य परमात्मा शरण ने बताया कि सामाजिक विज्ञान की कापियां आज तक न आने से उन विषयों के परीक्षकों को वापस कर दिया गया। कहा कि बोर्ड सचिव व डीआईओएस के निर्देश है कि कोई परीक्षक मोबाइल लेकर नहीं आएगा। जीजीआईसी में इंटर की कापियों का मूल्यांकन हो रहा है। जिसमें 31 डिप्टी हेड में 26 व 289 परीक्षकों में 148 परीक्षक पहुंचे। इससे 4065 कापियों का ही मूल्यांकन हो सका। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में इंटर की कापियों के मूल्यांकन के लिए 30 डिप्टी हेड में 26 व 287 परीक्षकों मे 105 परीक्षक पहुंचे। इससे 2289 कापियों का मूल्यांकन हो सका। डीआईओएस सुनील दत्त ने सभी केंद्रों का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।


जीआईसी केंद्र में निरीक्षण करते डीआईओएस सुनील दत्त। ● अमृत विचार

### नवरत्न के खेल से पीकेसी ने यूसीसी को 9 विकेट से हराया

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर-23 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत रामकली स्टेडियम शुक्लागंज में हुए चौथे लीग मैच में पीकेसी ने यूसीसी को 9 विकेट से हराया। मैच के पूर्व पीकेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूसीसी की टीम ने 40 ओवर में 35.4 ओवर बल्लेबाजी की और 197 रन बनाकर आलआउट हो गई। इसमें शुभम यादव ने 95 व प्रियांशु रावत ने 29 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीकेसी की टीम ने नवरत्न के नाबाद शतक के दम पर 9 विकेट से जीत प्राप्त की। नवरत्न को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

### राशन दुकानों में अनाज नहीं, लौट रहे कार्डधारक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** नगर में राशन वितरण प्रणाली के तहत मार्च माह का राशन वितरण संकट में फंसता दिख रहा है। तय समयसीमा नजदीक होने के बावजूद कई दुकानों तक अभी तक पर्याप्त खाद्यान्न नहीं पहुंच सका है। इससे हजारों कार्ड धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर क्षेत्र में कुल 32 राशन की दुकानें हैं। जहां करीब 15 हजार पात्र गृहस्थी व 1700 से 1800 के बीच अंत्योदय कार्डधारक हैं। शासन से मार्च माह में 12 से 28 तारीख के बीच राशन वितरण का आदेश जारी किया गया है लेकिन गंगाघाट क्षेत्र की आधी दुकानों में अब तक गेहूं, चावल व मक्का की आपूर्ति नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि 7 दिन बीतने के बाद भी दुकानों तक पर्याप्त राशन नहीं पहुंचा है। वहीं अंत्योदय कार्डधारकों को मिलने वाली चीनी हर तीसरे महीने दी जाती है जो इस बार 20 मार्च के बाद मिलने की संभावना जताई जा रही है। बुधवार तक स्थिति जस की तस बनी है, जबकि वितरण की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित है। ऐसे में दुकानदारों के सामने सीमित समय में राशन वितरण की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। रोज बड़ी संख्या में कार्डधारक दुकानों पर पहुंच रहे हैं लेकिन अधूरी आपूर्ति के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।



भीतर के साथ बाहर का निश्चित विभाजन अगर बना रहे, तो हमारा जीवन सुविहित, सुश्रृंखलित, सुसंपूर्ण हो जाता है, किंतु वही हमारे जीवन में नहीं हो पा रहा है।

–रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार

## लारिजानी के बाद ईरान

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रभावशाली सचिव अली लारिजानी की हत्या ईरान की रणनीतिक सोच और निर्णय-प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है। इससे पहले अली खामेनेई की हत्या ने जो नेतृत्व शून्य पैदा किया था, लारिजानी उस खाली स्थान को आंशिक रूप से भर रहे थे। अब उनका जाना उस शून्य को और गहरा कर देता है। लारिजानी भले ही प्रत्यक्ष सैन्य कमांडर नहीं थे, लेकिन वे ईरान की युद्ध, कूटनीति और सुरक्षा नीति के केंद्रीय सूत्रधार थे। उनकी भूमिका विचारधारा और व्यवहारिकता के बीच संतुलन बनाने की थी। वे एक ऐसे नेता थे, जो कठोर बयानबाज़ी के बजाय दीर्घकालिक रणनीति पर जोर देते थे, इसलिए उनकी मौत संस्थागत अस्थिरता के रूप में सामने आएगा।

सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल, जो युद्ध और कूटनीति से जुड़े निर्णयों का केंद्र है, अब नेतृत्वहीनता की स्थिति में आ सकती है। ऐसे में दो स्थितियां उभरती हैं- या तो कोई नया काबिल नेता उभरकर इस शून्य को भरे या फिर निर्णय-सत्ता धीरे-धीरे सैन्य प्रतिष्ठान, विशेषकर रिवोल्यूशनरी गार्ड के हाथों में अधिक केंद्रित हो जाए। लारिजानी के रहते ईरान ने 'नियंत्रित टकराव' की नीति अपनाई थी, जहां वह अमेरिका और इजराइल से सीधे युद्ध से बचते हुए दबाव बनाए रखता था, लेकिन अब यह संतुलन बिगड़ सकता है। यदि नेतृत्व अधिक कट्टर या सैन्य-केंद्रित हाथों में चला गया, तो ईरान की रणनीति अधिक आक्रामक हो सकती है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य को लेकर ईरान का रुख़ और सख़्त हो सकता है। लारिजानी इस मार्ग को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में देखते थे। उनके बाद यदि अधिक कठोर नेतृत्व सामने आता है, तो इस जलडमरूमध्य को बाधित करने या उसकी धमकी देने की नीति और तेज हो सकती है, जिसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा, हालांकि ईरान की संस्थागत संरचना केवल एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है। रिवोल्यूशनरी गार्ड, सुरक्षा परिषद और धार्मिक नेतृत्व मिलकर सत्ता का ढांचा बनाते हैं, इसलिए ईरान पूरी तरह कमजोर हो जाएगा, यह मानना जल्दबाज़ी होगी, लेकिन नेतृत्व के स्तर पर स्पष्टता की कमी से निर्णय लेने की गति और दिशा दोनों प्रभावित होंगी। लारिजानी जैसे संतुलित और अनुभवी नेता का विकल्प खोजना आसान नहीं होगा। शीर्ष नेतृत्व के कमजोर होने की स्थिति में सैन्य इकाइयों को अधिक स्वायत्तता मिल सकती है। इससे युद्ध के मैदान में अधिक आक्रामक और असंगठित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं, जो संघर्ष को और जटिल बना देंगी। इसके बावजूद ईरान ने अब तक यह दिखाया है कि वह वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका हवाई क्षेत्र लगातार हमलों के लिए खुला रहना यह बताता है कि उसकी सैन्य सुरक्षा अभी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में है।

ऐसे में कोई भी नया नेता तुरंत निशाने पर आ सकता है, जिससे नेतृत्व संकट और गहरा सकता है। लारिजानी की मौत के निर्णायक मोड़ के बाद आने वाले दिनों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस संकट को संस्थागत मजबूती से संभालता है या फिर वह अधिक सैन्यवादी और आक्रामक रास्ते पर आगे बढ़ता है, जिसका असर पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ेगा।

### प्रसंगवश

## भारत का सबसे पुराना कैलेंडर है विक्रम संवत

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही महाकाल कहा गया। इस जगत में जितनी भी जीवंतता है, वह भगवान सूर्य से प्राप्त होती हैं। सूर्य पृथ्वी के पिता हैं, ऋग्वेद में लिखा है, 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सूर्य ही गतिशील और स्थिर जगत की आत्मा हैं। इसका अर्थ हुआ कि सूर्य संपूर्ण ब्रह्मांड की ऊर्जा, प्राण और जीवन शक्ति के मुख्य स्रोत हैं, जिनके बिना सृष्टि का अस्तित्व संभव ही नहीं है। ज्योतिष शास्त्र में भी सूर्य को आत्मा का कारक और पिता का द्योतक माना जाता है।

शायद उदित होते सूर्य को जल का अर्घ्य देने की सनातन परंपरा भी इसीलिए हमारे ऋषियों ने शुरू कराई थी। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ 'कथा कल्पतरु' में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। ब्रह्मा जी द्वारा घोषित इस सर्वश्रेष्ठ तिथि को प्रथम पद मिला, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व अर्थात वासंतिक नवरात्र का प्रारंभ होता है।



अंजनी निगम

वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद भारत सरकार ने राष्ट्रीय पंचांग तय करने के लिए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक 'कलैंडर रिफार्म कमेटी' बनाई थी, जिसमें विश्व के सभी कैलेंडरों का अध्ययन करने के बाद माना गया कि विक्रम संवत सबसे अधिक वैज्ञानिक है, जिसे राष्ट्रीय संवत बनाना चाहिए। विक्रम संवत, ईसवी संवत से 57 साल पुराना था। दुर्भाग्य से भारत सरकार ने अपने द्वारा नियुक्त वैज्ञानिक की अध्यक्षता में बनी कमेटी के इस सुझाव को नहीं माना। संभवतः उस समय से लेकर अब तक की सरकारों पर पाश्चात्य का अधिक प्रभाव होने के साथ ही इच्छा शक्ति में कमी रही होगी, जो साहा कमेटी की रिपोर्ट नहीं लागू हो सकी।

स्वामी विवेकानंद ने भी कहा था, 'यदि हमें गौरव के साथ जीने का भाव जगाना है, हम अपने दिलों में देशभक्ति के बीज को फलित करना चाहते हैं, तो हमें हिंदू राष्ट्रीय कैलेंडर की तिथियों की शरण लेनी होगी। बाहरियों की तिथियों पर भरोसा करने वाला गुलाम बन आत्म-सम्मान खो देता है।'

त्रेतायुग में वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ और रामराज्य की स्थापना हुई। द्वापर युग में पांडु पुत्र महाराज युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के बाद हस्तिनापुर का सम्राट बनने के 18 दिनों के बाद इसी दिन युधिष्ठिर संवत का प्रारंभ किया और बाद में राजसूय यज्ञ कर चक्रवर्ती सम्राट बने। कलयुग में महापराक्रमी सम्राट विक्रमादित्य के परम वैभवशाली इतिहास को भारत का अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

वास्तव में मालवा राज्य के शासक गर्दभिल्ल थे, स्वतंत्र राज्य मालवा पर शक राजा नहपान ने आक्रमण कर उनकी हत्या कर राज्य पर अधिकार कर लिया। उस समय गर्दभिल्ल की पत्नी वीरमती के दो पुत्र भर्तहरि और विक्रमसेन थे। शकों ने मालवा पर करीब 20 वर्ष शासन किया तब तक विक्रमसेन ने सेना एकत्र की और अपने राज्य को मुक्त करा महाकार की नगरी उज्जैन को राजधानी बनाया। या। उन्हीं महान सम्राट ने ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रम संवत का श्री गणेश किया था। इसी विक्रम संवत को भारतीय समाज ने मान्यता दी। क्या हम लोग विक्रम संवत 2083 को मनाकर उस चक्रवर्ती सम्राट का स्मरण नहीं कर सकते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## एशिया की अहम नस होर्मुज जलडमरूमध्य






जय प्रकाश पांडेय

लेखक

फारस की खाड़ी और अरब सागर के बीच स्थित होर्मुज़ जलडमरूमध्य वह पतला-सा समुद्री रास्ता है, जो आज वैश्विक ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण नाड़ियों में से एक है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम व्यापार का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा रोज़ इसी रास्ते से गुजरता है। तेल और गैस से भरे जहाज़ यहां से निकलते हैं और एशिया, यूरोप तथा दुनिया के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ते हैं, इसलिए जब इस रास्ते पर शांति रहती है, तो दुनिया के शहरों की रोशनियां जलती रहती हैं और उद्योगों की मशीनें चलती रहती हैं। जब इस रास्ते पर तनाव पैदा होता है, तो उसका असर केवल समुद्र तक सीमित नहीं रहता। उसकी लहरें बहुत दूर तक जाती हैं। कारखानों तक, बाजारों तक और अंततः घरों की रसोई तक।

पश्चिम एशिया में इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने हाल के दिनों में यही स्थिति पैदा की है। खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां बढ़ीं, तो समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ गईं। कई शिपिंग कंपनियों ने जहाज़ों की गति धीमी कर दी। कुछ टैंकरों ने रास्ता बदल लिया और कुछ जहाज़ खाड़ी के बाहर ही सुरक्षा अनुमति का इंतज़ार करते दिखाई दिए। समुद्र में पैदा हुई यह अनिश्चितता सीधे उन देशों को प्रभावित करती हैं, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में है।

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है। देश हर साल लगभग 31–32 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी खपत करता है, लेकिन इस गैस का बड़ा हिस्सा भारत को बाहर से मंगाना पड़ता है। अनुमान है कि देश की कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 से 67 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा होता है। यहां सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज़ जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यानी यह संकरा समुद्री रास्ता केवल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का विषय नहीं है; यह भारतीय रसोई की स्थिरता से भी सीधे जुड़ा हुआ है।

> दुनिया के नक्शे पर कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जो यूं सामान्य नजर आती हैं, लेकिन पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की धड़कन उनसे जुड़ी होती है। होर्मुज जलडमरूमध्य ऐसी ही एक जगह है।

भारत की रसोई अब पहले से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ चुकी है। इसका मतलब यह है कि यदि दुनिया के किसी हिस्से में ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर भारत में भी महसूस किया जाता है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत में भी गैस आपूर्ति को लेकर चिंता दिखाई देने लगी। कई शहरों में सिलेंडर बुकिंग अचानक बढ़ गई। लोगों को आशंका होने लगी कि कहीं गैस की कमी न हो जाए। सरकार ने स्थिति को संभालने के लिए घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। करोड़ों परिवारों की रसोई को चलाए रखना स्वाभाविक रूप से पहली जिम्मेदारी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी सामने आया।

वाणिज्यिक एलपीजी, जिसका उपयोग होटल, रेस्तरां, छात्रावास और छोटे उद्योग करते हैं, सबसे पहले प्रभावित होने लगी। कई शहरों में भोजनालयों ने मेन्यू सीमित कर दिए। कुछ संस्थानों को वैकल्पिक ईंधनों का सहारा लेना पड़ा। यह दृश्य आधुनिक भारत की ऊर्जा कहानी की एक विचित्र विडंबना को सामने लाता है।

एक ओर हम डिजिटल अर्थव्यवस्था, अंतरिक्ष विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर कभी-कभी रसोई में फिर से लकड़ी का चूल्हा जलता दिखाई देता है। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। इसका प्रभाव उद्योगों पर भी पड़ता है। गैस आपूर्ति में व्यवधान का मतलब है कि उर्वरक संयंत्रों से लेकर सिरेमिक और वस्त्र उद्योग तक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। तेल और गैस की कीमतों में थोड़ी-सी वृद्धि भी भारत जैसे आयात-निर्भर देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन जाती है। इससे आयात बिल बढ़ता है और महंगाई पर दबाव भी बढ़ता है।

भारत के लिए यह संकट एक और कारण से संवेदनशील है। खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वे हर साल अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं, इसलिए पश्चिम एशिया की स्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था और समाज दोनों से गहराई से जुड़ी हुई है। इसी कारण भारत को इस पूरे संकट में अत्यंत सावधानी से संतुलन बनाना पड़ता है। एक ओर वैश्विक रणनीतिक साझेदारियां हैं, दूसरी ओर ऊर्जा और व्यापारिक हित।

इस पूरे घटनाक्रम से एक बड़ा प्रश्न सामने आता है- क्या भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी उन समुद्री रास्तों पर टिकी हुई है, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं है? ऊर्जा आत्मनिर्भरता का रास्ता आसान नहीं होता, लेकिन संकट अक्सर हमें यह दिखा देते हैं कि हमारी कमजोरियां कहाँ हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य में पैदा हुई हलचल ने हमें एक साधारण, लेकिन गहरा सच फिर से समझा दिया है।

यही कारण है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं रह जाती; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न बन जाती है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार, ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण और नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य की संभावनाएं अवश्य दिखाते हैं, लेकिन वर्तमान में तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से पूरी तरह अलग हो जाना संभव नहीं है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य की हर हलचल भारत के लिए केवल अंतर्राष्ट्रीय समाचार नहीं होती। वह हमें बार-बार यह याद दिलाती है कि ऊर्जा की दुनिया में भूगोल और राजनीति कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं। सच यही है कि दुनिया के किसी दूर समुद्र में पैदा हुई हलचल केवल नक्शे पर एक बिंदु की कहानी नहीं होती। उसकी प्रतिध्वनि हमारे शहरों के कारखानों में, बाजारों की कीमतों में और घरों की रसोई की आग में सुनाई देती है। होर्मुज़ की यह पतली जलधारा हमें बार-बार यह समझाती है कि वैश्विक राजनीति की सबसे दूर की लहर भी अंततः हमारे घर की देहरी तक पहुंच सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



आप तो होटलों में सोए थे। आप जाते थे तो एक पैर में नहीं, दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। यह पट्टी दिखाती थी कि इनके बस की नहीं है जाने की। जहां तक हमारी बात है, हम लगातार काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बिना रुकावट के लोगों की सेवा करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।


–भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा में दो साल में ही हताशा का इतना भाव आ गया है कि वह सामान्य मानवीय संवेदनाओं को भी भूल चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के स्वास्थ्य पर जो बेहूदा टिप्पणी की, वह मुख्यमंत्री पद की गरिमा को गिराने वाली है।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष, राजस्थान



## ईरानी तेल पर क्यों है अमेरिका की नजर



रनबीर सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस और इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है, जिससे देश अपनी गतिविधि को आराम से चलाते रहे हैं। रसायन विज्ञान के अनुसार सभी जगह का कच्चा पेट्रोलियम तेल एक समान तरलता वाला और गुणवत्ता का नहीं होता। जमीन से निकाला जाने वाला कच्चा तेल हज़ारों हाइड्रोकार्बन अणुओं का मिश्रण है, जो कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की आपस में जुड़ी श्रृंखलाएं होती हैं। धरती के गर्भ में पहले से यह अनेक रासायनिक क्रियाओं, गर्मी और दबाव से बना, विशाल मात्रा में मौजूद है और बनता भी रहता है।

हाइड्रोकार्बन्स की छोटी श्रृंखलाएं हल्की होती हैं और परिष्कृत होने पर पेट्रोल और जेट ईंधन बनाती हैं। लंबी, भारी श्रृंखलाएं धीमी होती हैं और उन्हें तोड़ना महंगा होता है, इसलिए अंततः वे कम मूल्य वाले डामर या ईंधन तेल के रूप में ज़्यादातर इस्तेमाल होती हैं। जब कच्चा तेल रिफाइनरी में प्रवेश करता है, तो यह एक ऊंचे आसवन टॉवर से गुज़रता है और क्वथनांक के आधार पर छांटा जाता है। हल्के अणु ऊपर उठते हैं और प्रीमियम ईंधन बन जाते हैं। भारी अणु नीचे बैठ जाते हैं। रिफाइनरी का काम ऊपर से निकलने वाले कच्चे तेल की मात्रा को अधिकतम करना है। किसी भी कच्चे तेल की दो सबसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता विशेषताएं घनत्व और सल्फर की मात्रा हैं।

> ईरान का तेल अर्थात 'ईरानी लाइट', सिर्फ कूटनीतिक और राजनीतिक मामला नहीं है, बल्कि साइंस एंड इंजीनियरिंग और मिनरल फ्यूल से जुड़ा हुआ मामला भी है।

हल्के और कम सल्फर वाले कच्चे तेल आमतौर पर अधिक कीमत वाले होते हैं, क्योंकि इनसे पेट्रोल और डीजल का उत्पादन अधिक आसानी से और सस्ते में किया जा सकता है। घनत्व को एपीआई ग्रेविटी का उपयोग करके मापा जाता है, जो अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एक पैमाना है। इसे इस प्रकार समझें कि पानी की एपीआई ग्रेविटी 10 होती है और 10 से अधिक ग्रेविटी वाला कोई भी पदार्थ पानी पर तैरता है तो उसे तेल माना जाता है।

दस से ऊपर संख्या जितनी अधिक होती है, कच्चा तेल उतना ही हल्का होता है। एपीआई ग्रेविटी 25 डिग्री से कम भारी से लेकर 35 डिग्री से अधिक घनत्व तक होती है। ईरानी लाइट 33 और 36 के बीच है, जो मध्यम और हल्के के बीच की सीमा पर स्थित है। अधिकांश रिफाइनरियां इसी उपयुक्त स्तर को पसंद करती हैं। ईरानी लाइट, ईरान का प्रमुख निर्यात ग्रेड कच्चा तेल है, जिसमें सल्फर की मात्रा 1.36 से 1.5 प्रतिशत तक होती है। कम सल्फर वाले कच्चे तेल को स्वीट कहा जाता है और उच्च सल्फर वाले कच्चे तेल को खट्टा (सोर)। इसके आसवन से लगभग 20 प्रतिशत हल्के अंश और 50 प्रतिशत मध्य आसुत प्राप्त होते हैं।

मध्य आसुत वे उत्पाद हैं, जो आसवन टॉवर के मध्य भाग से निकाले जाते हैं। डीजल, जेट ईंधन और हीटिंग ऑयल, जो विश्व स्तर पर लगातार सबसे अधिक लाभदायक ईंधन हैं। इन आंकड़ों को मिलाकर देखें, तो प्रत्येक बैरल का लगभग 70 प्रतिशत प्रीमियम ईंधन बन जाता है। ईरान से आपूर्ति बंद होने पर रिफाइनरी इंजीनियरों की चिंता का कारण यही रूपांतरण दर है। अर्थात दूसरी जगह के तेल में रूपांतरण दर निश्चित तौर से कम होगी और उत्पादन घटेगा। सल्फर की मात्रा का महत्व होने का एक दूसरा कारण भी है, जिसका कीमत से कोई लेना-देना नहीं है। जब सल्फर युक्त कच्चे तेल को बिना उपचार के जलाया जाता है, तो यह सल्फर डाइऑक्साइड गैस छोड़ता है, जो अम्लीय वर्षा और श्वसन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। इसे रोकने के लिए, रिफाइनरियां ईंधन के पेट्रोल पंप तक पहुंचने से पहले ही सल्फर को अलग कर देती हैं, जिसे हाइड्रोडीसल्फराइजेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु उत्प्रेरकों अर्थात मेटल कैटेलिस्ट्स की उपस्थिति में, 450 डिग्री सेल्सियस तक के उच्च तापमान और 100 वायुमंडल तक के दबाव पर हाइड्रोजन गैस के साथ तेल की प्रतिक्रिया कराकर कच्चे तेल में मौजूद सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है।

यह कारगर तो है, लेकिन महंगा, ऊर्जा-गहन और विशेष औद्योगिक उपकरणों की आवश्यकता वाला भी है। सल्फर की मात्रा जितनी कम होगी, उपकरणों की आवश्यकता भी उतनी ही कम होगी। सल्फर की 1.36 से 1.5 प्रतिशत मात्रा के साथ, ईरानी लाइट एक प्रबंधनीय सीमा में आता है, जिसे एशिया भर की अधिकांश मध्यम-जटिलता वाली रिफाइनरियां बिना किसी बड़े अतिरिक्त निवेश के संभाल सकती हैं। इरानी तेल को संभालना आसान है, क्योंकि यह इतना हल्का है कि इसे सस्ते में संसाधित किया जा सके और इतना भारी कि उन सभी प्रकार के ईंधनों का उत्पादन कर सके, जिनके लिए बड़ी, जटिल रिफाइनरियां बनाई गई थीं। ईरानी कच्चा तेल केवल तेल मात्र नहीं है, बल्कि यह वह सामान है, जिसके इर्द-गिर्द ही वैश्विक रिफाइनिंग प्रणाली की पूरी संरचना निर्मित की गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सबसे महंगा गाना

मुगल-ए-आज़म फिल्म में एक दृश्य है, जिसमें अनारकली और सलीम एक-दूजे से मिलते हैं। उनके बीच कोई संवाद नहीं है। रोमांस है और बैकग्राउंड में शास्त्रीय गायन चल रहा है। कहानी के मुताबिक उस वक्त तानसेन गायन कर रहे थे। के आसिफ ये सोचकर परेशान थे कि इस दृश्य में तानसेन के स्तर की गायकी करने के लिए भला किस गायक को लिया जाना चाहिए। उन्होंने अपने मन की बात नौशाद साहब से कही, 'किससे गायकी कराई जानी चाहिए।'



रंजन शर्मा

रिटायर अफसर

नौशाद बोले, 'कायदे से तो उन्हें ही करनी चाहिए, जिन्हें आज के ज़माने का तानसेन कहा जाता है।' के आसिफ ने पूछा, 'कौन हैं वो?'

'उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ान, लेकिन वो फिल्मों के लिए गाते नहीं हैं।' नौशाद ने जवाब दिया।

दोनों खां साहब से मिलने पहुंचे। उस्ताद ने इंकार करते हुए कहा, 'भई फिल्मों में मैं नहीं गाता।' उस्ताद ने जैसे ही इंकार किया, के आसिफ बोल पड़े, 'खां साहब। गाना तो आप ही गाएंगे।' के आसिफ के इस अंदाज़ से उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली खां झुंझला गए। उन्होंने नौशाद साहब से पूछा, 'ये कौन साहब हैं? नौशाद ने बताया, 'ये ही फिल्म के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं।'

उस्ताद बोले, 'कोई भी हों। मैंने जब मना कर दिया कि मैं नहीं गाऊंगा तो फिर ये क्यों ज़बरदस्ती कर रहे हैं?' नौशाद कुछ बोलते इससे पहले ही के आसिफ फिर से बोले, 'गाना तो आप ही गाएंगे।' उस्ताद बड़े ग़ुलाम अली ख़ा हैरान थे। उस्ताद नौशाद का बाजू पकड़कर उन्हें बालकनी में ले गए और बोले, 'मैं इतनी कीमत मांगता हूं कि ये सुनकर खुद ही भाग खड़ा होगा।' इस पर नौशाद साहब ने कहा, 'हुज़ूर ये तो आप बोल सकते हैं। ये आपका हक है। अपनी गायकी की कीमत आप खुद ही तय कीजिए।'

उस्ताद वापस कमरे में आए और के आसिफ से बोले, 'ठीक है जनाब। मैं आपकी फिल्म में गाऊंगा, लेकिन एक गाने के 25 हज़ार रुपये लूंगा।'

नौशाद साहब ये सुनकर अपने कानों पर यकीन नहीं कर पाए, क्योंकि ये वो ज़माना था, जब बड़े-बड़े प्लेबैक सिंगर पांच सौ से एक हज़ार रुपये ही चार्ज करते थे। नौशाद जी को लगा कि यकीनन अब तो के आसिफ अपनी ज़िद को साइड में रख देंगे।

के आसिफ उस्ताद की बात सुनकर बोले, 'अजी आपकी तो कोई कीमत ही नहीं है। आप तो अनमोल हैं। ठीक है। बात पक्की। के आसिफ ने तुरंत ही दस हजार एडवांस दे दिए।' **–फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## पीरियड लीव: सुप्रीम कोर्ट का फैसला और वैश्विक परिप्रेक्ष्य

13 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए पीरियड लीव (मासिक धर्म अवकाश) को अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस तरह की नीति को कानूनी रूप से अनिवार्य बनाने के कुछ नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि इस प्रकार का प्रावधान कानून के रूप में लागू किया गया, तो कई नियोक्ता महिलाओं को रोजगार देने से ही हिचक सकते हैं, जिससे उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पेड पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग वाली याचिका सुनने से इंकार कर दिया और इस मुद्दे पर व्यावहारिक चिंताओं को सामने रखा।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष रख चुके हैं, इसलिए सरकार सभी हितधारकों से चर्चा कर इस विषय पर कोई नीति बनाने पर विचार कर सकती है। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों को यह सुझाव दिया कि वे इस अभ्यावेदन पर विचार करें और विभिन्न पक्षों से परामर्श करके नीति का प्रारूप तैयार करें। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि देशभर में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को देखते हुए हर महीने कुछ दिनों का अवकाश दिया जाए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने यह भी बताया कि केरल सरकार ने स्कूलों में इस प्रकार की व्यवस्था लागू की है और देश की कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से 'पेड पीरियड लीव' दे रही हैं।



सुनील कुमार महला

लेखक

वहीं दूसरी ओर कुछ महिलाओं का मानना है कि इस विषय में एक संतुलित या मध्य मार्ग होना चाहिए। उनके अनुसार 'पीरियड लीव' को अनिवार्य बनाने के बजाय वर्क फ्रॉम होम या फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर्स का विकल्प दिया जाना चाहिए। इससे महिला का काम भी प्रभावित नहीं होगा और उसे कार्यालय के तनावपूर्ण वातावरण से राहत भी मिल सकेगी। उनका यह भी मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और उनकी पेशेवर गरिमा भी बनी रहेगी। कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान दर्द, ऐंठन, मतली और माइग्रेन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में लगातार काम करना उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन हो सकता है।

यदि हम देशों की बात करें तो जापान में वर्ष 1947 से ही महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अवकाश लेने का अधिकार दिया गया है। यह छुट्टी वेतन सहित होगी या नहीं, यह कंपनी की नीति पर निर्भर करता है। दक्षिण कोरिया में महिला कर्मचारियों को हर महीने एक दिन की मेंस्ट्रुअल लीव का अधिकार प्राप्त है। इंडोनेशिया के श्रम कानून में भी महिलाओं को मासिक धर्म के पहले दो अवकाश लेने की अनुमति दी गई है। जांबिया में 'मदर्स डे लीव' के नाम से हर महीने एक दिन की पीरियड लीव दी जाती है, जिसके लिए चिकित्सकीय प्रमाणपत्र की आवश्यकता भी नहीं होती। स्पेन ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्ष 2023 में 'पेड पीरियड लीव' को कानूनी मान्यता प्रदान की, जिससे गंभीर मासिक धर्म पीड़ा से पीड़ित महिलाएं चिकित्सकीय सलाह के आधार पर अवकाश ले सकती हैं। मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य और गरिमा की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न देशों और संस्थानों में इसके प्रति जागरूकता और नीतिगत पहल लगातार बढ़ रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### टेलीविजन

टेलीविजन शब्द की उत्पत्ति भाषा और विज्ञान के अद्भुत मेल की कहानी है। 'टेलीविजन' शब्द दो अलग-अलग भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना है। इसमें 'टेली' ग्रीक भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'दूर', जबकि 'विजन' लैटिन भाषा से आया है, जिसका अर्थ है 'देखना'। इस तरह 'टेलीविजन' का शाब्दिक अर्थ हुआ-दूर की वस्तुओं को देखना। 19 वीं और 20 वीं सदी के दौरान जब वैज्ञानिक संचार तकनीकों पर काम कर रहे थे, तब एक ऐसी मशीन की कल्पना की गई, जो दूर बैठे स्थानों के दृश्य को तुरंत दिखा सके। कई वैज्ञानिकों के प्रयासों के बाद यह तकनीक विकसित हुई और पहली बार चलती-फिरती तस्वीरों को दूर तक प्रसारित करना संभव हुआ। इस नई खोज के लिए ऐसा नाम चाहिए था, जो इसकी विशेषता को स्पष्ट करे, इसलिए 'टेलीविजन' शब्द चुना गया। धीरे-धीरे टेलीविजन हर घर का हिस्सा बन गया और सूचना, मनोरंजन तथा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा। आज भी यह शब्द हमें यह याद दिलाता है कि विज्ञान ने कैसे दूरी की सीमाओं को खत्म कर दुनिया को एक साथ जोड़ दिया है।



## नोटिस बोर्ड

### रोजगार मेला



- 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला का आयोजिन किया जाएगा। मेले में झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवाओं को मौका मिलेगा। रोजगार मेले से युवाओं को सीधे कंपनी से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। मेले में 100 से अधिक कंपनियां और नियोक्ता शामिल होंगे, जिसके तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल योजना, आईटीआई और पॉलिटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं के साथ-साथ अन्य अभ्यर्थियों को भी रोजगार पाने का मौका मिल सकेगा।

### राहत भरी खबर

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) और परास्नातक (एमए, एमएससी, एमकॉम) द्वितीय वर्ष सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह के अनुसार, पहले यह तिथि 10 मार्च तक निर्धारित थी, लेकिन छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे अब 25 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर शुल्क जमा कर सकते हैं।

# इंटर बाद के लिए उभरता करियर ऑप्शन
# विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी

आज के दौर में जब हर व्यवसाय अपनी पहचान तस्वीरों, वीडियो और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बनाता है, तब विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी केवल शौक नहीं रह गए हैं। यह एक ऐसा पेशेवर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें रचनात्मकता के साथ-साथ अच्छी आय और वैश्विक अवसर भी मौजूद हैं। 12 वीं के बाद करियर चुनने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए यह समझना जरूरी है कि फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन आज की डिजिटल अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं।



शैलेश गोयल
डायरेक्टर
आईआईपी एकेडमी



### बदलते दौर में विजुअल कंटेंट की बढ़ती जरूरत

आज हर कंपनी अपने उत्पाद या सेवा को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोडक्ट फोटोग्राफी, सोशल मीडिया रील्स, डिजिटल विज्ञापन, वेबसाइट विजुअल, कैटलॉग और ब्रांड स्टोरी टेलिंग का सहारा लेती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फोटोग्राफी (IIP) के संस्थापक निदेशक राजेश गोयल कहते हैं, "फोटोग्राफी के बिना किसी उत्पाद या सेवा का प्रभावी विजुअल कम्युनिकेशन करना लगभग असंभव है।" दरअसल फोटोग्राफी केवल कैमरा चलाने का कौशल नहीं है। यह लाइटिंग, कंपोजिशन, विजुअल नैरेटिव और सौंदर्यबोध को विकसित करने की प्रक्रिया है, जो आगे चलकर फिल्म, विज्ञापन, डिजाइन और डिजिटल कंटेंट निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी होती है।

### बढ़ता बाजार और नए अवसर

भारत का मीडिया और एंटरटेनमेंट सेक्टर तेजी से विस्तार कर रहा है। हाल के उद्योग आकलनों के अनुसार 2024 में यह क्षेत्र लगभग 2.5 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच चुका है और इसमें डिजिटल मीडिया सबसे बड़ा सेगमेंट बन गया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हर दिन भारी मात्रा में नए विजुअल कंटेंट की जरूरत होती है। इसी कारण फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एडिटिंग और डिजाइन से जुड़े पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही क्रिएटर इकोनॉमी भी तेजी से विकसित हो रही है। लाखों कंटेंट क्रिएटर और डिजिटल ब्रांड्स के बढ़ने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह क्षेत्र ट्रिलियन-डॉलर से अधिक के उपभोक्ता बाजार को प्रभावित कर सकता है।





### सफलता की वास्तविकता

फोटोग्राफी में सफलता का कोई निश्चित प्रतिशत नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार असफलता का मुख्य कारण यह होता है कि कई छात्र केवल कैमरा चलाना सीखते हैं, लेकिन पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट मैनेजमेंट, सही मूल्य निर्धारण और किसी विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता विकसित नहीं कर पाते। जो छात्र मजबूत बुनियादी प्रशिक्षण, वास्तविक प्रोजेक्ट्स, मेंटरशिप और इंडस्ट्री अनुभव के साथ आगे बढ़ते हैं, उनके सफल होने की संभावना अधिक होती है।

### फोटोग्राफी में करियर के विविध रास्ते

- फोटोग्राफी कई अलग-अलग क्षेत्रों में करियर के अवसर प्रदान करती है।
- कमर्शियल फोटोग्राफी में प्रोडक्ट, ई-कॉमर्स, फूड, ऑटोमोबाइल और विज्ञापन से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल होते हैं।
- फैशन और पोर्ट्रेट फोटोग्राफी में मॉडल, सेलिब्रिटी, मैगजीन और एडिटोरियल शूट किए जाते हैं।
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर फोटोग्राफी में इमारतों, होटलों और रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की तस्वीरें ली जाती हैं, जबकि ड्रोन फोटोग्राफी भी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।
- मीडिया और डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफी में फोटो जर्नलिज्म, ट्रैवल और स्पोर्ट्स फोटोग्राफी शामिल हैं।
- इसके अलावा फाइन आर्ट फोटोग्राफी, म्यूजियम डॉक्यूमेंटेशन और गैलरी इमेजिंग जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं।
- डिजिटल युग में कुछ नई भूमिकाएं भी सामने आई हैं जैसे एआई-असिस्टेड इमेजिंग स्पेशलिस्ट, विजुअल स्टोरीटेलर और कंटेंट प्रोड्यूसर।

### नई शिक्षा नीति और रचनात्मक शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 में भी रचनात्मक शिक्षा और बहुविषयक अध्ययन पर जोर दिया गया है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को कला, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल के साथ तैयार करना है।

इस दृष्टि से देखा जाए, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र अब केवल वैकल्पिक करियर नहीं, बल्कि भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण विकल्प बनते जा रहे हैं।

**संस्थान चुनते समय क्या देखें :** किसी भी प्रशिक्षण संस्थान का चयन करते समय छात्रों और अभिभावकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना चाहिए।

क्या वहां केवल कैमरा संचालन सिखाया जाता है या कॉन्सेप्ट और क्रिएटिव थिंकिंग भी विकसित की जाती है।

क्या छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है।

क्या संस्थान के पास पूर्व छात्रों का मजबूत नेटवर्क और उपलब्धियां हैं।

क्या प्रशिक्षण में पोर्टफोलियो निर्माण, क्लाइंट हैंडलिंग और फ्रीलांसिंग की जानकारी दी जाती है।

### छात्रों के लिए चार सरल कदम

विशेषज्ञों के अनुसार कक्षा-12 के बाद फोटोग्राफी में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को चार कदमों पर ध्यान देना चाहिए-

- अपना क्षेत्र चुनें-जैसे कमर्शियल, फैशन, डॉक्यूमेंट्री या फाइन आर्ट।
- मजबूत पोर्टफोलियो बनाएं-12 से 20 अच्छी तस्वीरें, सैकड़ों साधारण तस्वीरों से बेहतर होती हैं।
- मेंटर्स से फीडबैक लें-सीखने के लिए पेशेवर मार्गदर्शन जरूरी है।
- कमाई का रास्ता बनाएं-इंटर्नशिप, असिस्टेंटशिप और फ्रीलांस प्रोजेक्ट्स से शुरुआत करें।



### बदलती सोच का समय

डिजिटल युग में तस्वीरें और विजुअल कंटेंट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि व्यवसाय, संचार और ब्रांड निर्माण का शक्तिशाली माध्यम बन चुके हैं। ऐसे में यदि किसी छात्र में रचनात्मक दृष्टि, तकनीक सीखने की इच्छा और मेहनत करने का जज्बा है, तो विजुअल आर्ट्स और फोटोग्राफी उसके लिए एक सार्थक और संभावनाओं से भरा करियर साबित हो सकता है।

## कैंपस का पहला दिन

# झिझक से आत्मविश्वास तक का सफर

ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में मेरा पहला दिन, पहला दिन नहीं था, बल्कि मेरे उस सपने की पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने बचपन से अपनी आंखों में सजाया था- एक पत्रकार बनने का सपना। जब मैं ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के परिसर में पहुंची, तो मेरे कदम थोड़े डगमगा रहे थे और दिल की धड़कनें तेज थीं। मन में कई सवाल थे- क्या मैं इस नई दुनिया में खुद को ढाल पाऊंगी? क्या मुझे अच्छे दोस्त मिलेंगे? क्या मैं अपने सपनों के इस सफर में सफल हो पाऊंगी?



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

ओरिएंटेशन और शुरुआती सत्र के दौरान जब हमारे शिक्षकों ने हमसे संवाद किया, तो पत्रकारिता को लेकर मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उन्होंने समझाया कि पत्रकारिता केवल माइक थामने या कैमरे के सामने खड़े होने का नाम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक अटूट जिम्मेदारी है। सच को सामने लाना, लोगों की आवाज बनना और निष्पक्षता के साथ अपनी बात रखना ही एक सच्चे पत्रकार की पहचान होती है। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

पहली क्लास खत्म होने के बाद, जो झिझक मेरे मन में थी, वह धीरे-धीरे कम होने लगी। कॉलेज की कैंटीन और गलियारों में मेरी मुलाकात अपने सहपाठियों से हुई। हम सब अलग-अलग जगहों से आए थे, लेकिन हम सबके बीच एक बात समान थी, वो थी दुनिया को बदलने का जज्बा और कुछ नया सीखने की चाह। बातचीत के दौरान हम अपने-अपने सपनों और उम्मीदों को साझा करने लगे। बातों-बातों में कब अजनबी सहपाठी दोस्त बन गए, पता ही नहीं चला। उस अपनत्व ने मेरे मन का डर काफी हद तक दूर कर दिया।

कॉलेज का माहौल, शिक्षकों का मार्गदर्शन और साथियों का सहयोग, इन सबने मेरे पहले दिन को यादगार बना दिया। हर कोना जैसे कुछ नया सिखाने को तैयार था और हर चेहरा एक नई कहानी कह रहा था। मुझे यह महसूस होने लगा कि मैंने अपने जीवन की सही दिशा चुन ली है। शाम को जब मैं कॉलेज से घर के लिए निकली, तो मेरे पास केवल किताबों का बोझ नहीं था, बल्कि एक नई सोच, आत्मविश्वास और बड़े इरादे भी थे। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज के उस पहले दिन ने मुझे यह सिखाया कि पत्रकारिता का रास्ता चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन यह सम्मान, जिम्मेदारी और समाज सेवा से भरा हुआ है।




## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रीक्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने कुल 208 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। तीन दिन तक चले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें आठ देशों के 257 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75 स्वर्ण, 69 रजत और 64 कांस्य पदक जीते।
- हाल ही में यूनिक्लो ने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी 16 मार्च 2026 को घोषित की गई, जो अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और भारतीय क्रिकेट स्टार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है।
- हाल ही में साउथ इंडियन बैंक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सहयोग से नई ईपीएफ भुगतान सेवा शुरू की है। इस सेवा के माध्यम से नियोक्ता अब कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान का भुगतान सीधे बैंक के इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म SIBerNet के जरिए कर सकेंगे, जिससे वैधानिक भुगतान अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा। इस पहल की घोषणा 12 मार्च 2026 को की गई, जो बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- हाल ही में विश्व बैंक, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल को "उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम" कहा जाता है, जिसमें 299 .66 मिलियन डॉलर का निवेश शामिल है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित उपायों के माध्यम से बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करना है।

## जॉब अलर्ट

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

- पद का नाम- स्पेशलिस्ट ऑफिसर
- पदों की संख्या-275
- वेतन- 48480 - 120940 प्रति माह
- योग्यता- AICTE/UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साइंस/IT/ECE/E&TC/इलेक्ट्रॉनिक्स में B.E./B.Tech या MCA
- आयु सीमा- स्केल I- अधिकतम 30 वर्ष, स्केल II/III- अधिकतम 35 वर्ष, स्केल IV- अधिकतम 45 वर्ष
- अंतिम तिथि- 23 मार्च 2026

### रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (RRB)

- पद का नाम- असिस्टेंट लोको पायलट (ALP)
- पदों की संख्या-11,127 (सभी रेलवे)
- विज्ञापन संख्या-CEN No. 01/2026
- वेतन-7 वें CPC के अनुसार पे लेवल-2/शुरुआती
- वेतन: 19,900/- प्रति माह
- योग्यता- विस्तृत CEN No. 01/2026 के अनुसार (पद-वार शैक्षिक योग्यता और मेडिकल स्टैंडर्ड)
- आयु सीमा-18 से 30 वर्ष (दिनांक 01.07.2026 तक)
- आवेदन शुरू होने की तिथि-15-05-2026
- अंतिम तिथि-14-06-2026
- वेबसाइट-rrbapply.gov.in




### सशस्त्र सीमा बल (SSB)

- पद का नाम-कांस्टेबल (पशु चिकित्सा, ड्राइवर, ट्रेड्समैन और नर्सिंग अर्दली)
- श्रेणी- ग्रुप 'C' नॉन-गजटेड (कॉम्बैटाइज्ड), नॉन-मिनिस्टीरियल
- पदों की संख्या-827 पद
- वेतन-लेवल-3, 21,700–69,100 (7वां CPC)
- नौकरी का स्थान-भारत में कहीं भी / SSB की आवश्यकतानुसार भारत के बाहर भी
- आवेदन का तरीका-केवल ऑनलाइन
- चयन प्रक्रिया-PET, PST, लिखित परीक्षा, ट्रेड/कौशल परीक्षण, दस्तावेज़ीकरण और चिकित्सा परीक्षण

# एआई और हिंदी : रोजगार के नए क्षितिज

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहक और प्रगति का आधार होती है। आज जब दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति (Industry 4.0) के दौर से गुजर रही है, तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने मानव जीवन के हर पहलू को स्पर्श किया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा होने के नाते, हिंदी के लिए यह समय एक ऐतिहासिक मोड़ है। अक्सर यह कहा जाता है कि तकनीक भाषाओं को मिटा देगी, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। एआई ने हिंदी के लिए संभावनाओं के वे द्वार खोल दिए हैं, जो पहले बंद थे। आज हिंदी केवल साहित्य या बोलचाल तक सीमित नहीं है, यह डेटा, कोडिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा बन रही है। एक हिंदी भाषी व्यक्ति तकनीक के इस युग में न केवल प्रासंगिक रह सकता है, बल्कि एआई को अपना हथियार बनाकर वैश्विक बाजार में रोजगार के नए और आकर्षक अवसर पैदा कर सकता है।



प्रो .मीना यादव
हिंदी विभाग
बरेली कॉलेज बरेली




### हिंदी और एआई का संगम

प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी) वह तकनीक है, जिसने मशीनों को हिंदी व्याकरण, मुहावरे और शब्दावली समझने की शक्ति दी है। आज गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई (चैटजीपीटी) जैसी कंपनियां हिंदी डेटा पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंदी का विशाल डेटा सेट तैयार करना और उसे मशीनों के लिए सुलभ बनाना आज एक बड़ी आर्थिक गतिविधि बन चुका है।

### एआई के माध्यम से हिंदी में उभरते रोजगार के क्षेत्र

एआई ने हिंदी को सॉफ्ट स्किल से बदलकर एक तकनीकी स्किल में तब्दील कर दिया है। इसके अंतर्गत रोजगार के प्रमुख क्षेत्र इस प्रकार हैं।

#### भाषा डेटा वैज्ञानिक और एनोटेटर

एआई मॉडल को सिखाने के लिए सटीक हिंदी डेटा की आवश्यकता होती है। हिंदी वाक्यों को व्याकरण के साथ टैग करना और भावनाओं की पहचान करना आज एक बड़ा करियर विकल्प है।

#### प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग

एआई टूल्स से सही काम करवाने की कला। विज्ञापन एजेंसियां और कंटेंट हाउस ऐसे विशेषज्ञों को खोज रहे हैं, जो एआई का उपयोग कर कम समय में सटीक हिंदी विज्ञापन, स्क्रिप्ट या रिपोर्ट तैयार कर सकें।

#### वॉयस टेक्नोलॉजी और स्पीच रिकग्निशन

एलेक्सा और सिरी जैसे असिस्टेंट के लिए हिंदी वॉयस देना, उच्चारण सुधारना और मशीन को स्थानीय बोलियों का लहजा समझाना।

#### चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट डेवलपर

बैंकिंग, ई-कॉमर्स और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हिंदी में बातचीत करने वाले चैटबॉट्स की स्क्रिप्ट लिखना और उन्हें सांस्कृतिक रूप से सही बनाना।

#### अनुवाद और स्थानीयकरण 2.0

अब केवल अनुवाद नहीं, बल्कि 'मशीन ट्रांसलेशन पोस्ट-एडिटिंग' (MTPE) का दौर है। एआई द्वारा अनुवादित सामग्री की जांच करना और उसे मानवीय संवेदनाएं देना एक उच्च-भुगतान वाला कार्य बन गया है।

#### तकनीकी कौशल और चुनौतियां

हिंदी को रोजगारपरक बनाने के लिए केवल भाषा का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। युवाओं को ChatGPT, Gemini और Canva AI जैसे टूल्स का कुशल उपयोग सीखना होगा।

### एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर

एआई हिंदी भाषा के लिए कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। यह भाषा और तकनीक के बीच की उस खाई को पाट रहा है, जिसने दशकों से हिंदी भाषियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रखा था। आज एक अनुवादक, लेखक या शिक्षक एआई की मदद से अपनी कार्यक्षमता को दस गुना बढ़ा सकता है। इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। हमें हिंदी के प्रति भावुकता के साथ-साथ तकनीकी दक्षता को भी अपनाना होगा। यदि हम अपनी भाषाई जड़ों को मजबूती से थामे रखकर एआई जैसे आधुनिक उपकरणों का सही तालमेल बिठा लेते हैं, तो हिंदी न केवल भारत की अस्मिता बनी रहेगी, बल्कि आने वाले समय में दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता भाषा के रूप में भी स्थापित होगी। भविष्य उनका है, जो भाषा की गरिमा और तकनीक की गति, दोनों को साथ लेकर चलेंगे।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### बेनामी लेनदेन में 20 लाख रुपये बरामद

**करीमनगर।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई में कथित रिश्वतखोरी और बेनामी लेनदेन मामले में आबकारी निरीक्षक और एक सरकारी शिक्षक को हिरासत में लिया है। एसीबी द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, करीमनगर अर्बन के आबकारी निरीक्षक श्री गुंडेटी रामू और जगत्याल जिले के मल्लियाल मंडल स्थित एमपीपीएस ओबुलापुर के सेकेंडरी ग्रेड शिक्षक जक्कानी वेणु को 17 मार्च को रात लगभग 8 :25 बजे आय से अधिक संपत्ति और अवैध धनराशि के मामले में पकड़ा गया। एसीबी ने खुलासा किया कि वेमुलावाड़ा में एसएचओ के रूप में तैनाती के दौरान निरीक्षक ने 2022 से 2024 के बीच एक गुड़ व्यापारी से नियमित रूप से अवैध धन वसूला। यह राशि कथित रूप से शिक्षक के माध्यम से ली जाती थी, जो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा था और लेनदेन यूपीआई के जरिए किये जाते थे।

### अमेरिकी वायु अड्डे पर गोलीबारी में एक मरा

**अलामोगोर्डो।** अमेरिका के न्यू मेक्सिको स्थित वायु सेना के एक अड्डे पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। वायु सेना अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि अलामोगोर्डो शहर के निकट होलोमन वायु सेना अड्डे पर एक हमलावर के मौजूद होने की खबरों के कारण मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे उसे बंद कर दिया गया। गोलीबारी में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब अड्डा सुरक्षित है और उसे खोल दिया गया है। बयान में कहा गया है कि आपातकालीन कर्मी स्थिति से निपट रहे हैं और कोई खतरा नहीं है।

### एफबीआई ने वांछितों पर इनाम को बढ़ाया

**वाशिंगटन।** संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने 10 सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में शामिल भगोड़ों के बारे में सूचना देने वालों के लिए इनाम की राशि बढ़ाकर 10 लाख अमेरिकी डॉलर कर दी है। इस सूची में 11 साल पुराने हत्या के मामले में फरार एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और इसमें पहली बार किसी साइबर अपराधी को भी शामिल किया गया है। एफबीआई के आपराधिक प्रभाग के सहायक निदेशक हीथ आर. जानके ने यहां कहा कि 10 सर्वाधिक वांछित भगोड़ों की सूची में फरार हुए तीन आरोपियों ने नामों को पिछले सप्ताह जोड़ा गया था और सूचीबद्ध किए जाने के तुरंत बाद उनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ब्रिटिश कोर्ट में नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई पूरी

- दाखिल याचिका में प्रत्यर्पण मामला पुन: खोलने की मांग



**लंदन, एजेंसी**

फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई लंदन के उच्च न्यायालय में पूरी हो गई जिसमें उसने अपनी प्रत्यर्पण याचिका पर फिर से विचार किए जाने का अनुरोध किया था। इस अर्जी में दावा किया गया है कि भारत में जांच एजेंसियों द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान उसे यातना दिए जाने का खतरा है।

रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में अपील की सुनवाई कर रहे लॉर्ड जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने मंगलवार को दिनभर चली सुनवाई के अंत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

स्टुअर्ट-स्मिथ ने कहा कि यह मामला मोदी और भारत से आए भारतीय अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यथाशीघ्र फैसला सुनाएंगे। भारत में करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक ऋण घोटाला और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के मुकदमे में वांछित हीरा कारोबारी उत्तरी लंदन की पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिये सुनवाई में पेश हुआ।

## क्यों राख में तब्दील हो रहीं जिंदगियां

भारत में आग की घटनाएं अब केवल दुर्घटनाएं नहीं, बल्कि व्यवस्थागत विफलताओं का प्रतीक बन गई हैं। दिल्ली के पालम इलाके और इंदौर के तिलक नगर में हुए भीषण अग्निकांडों ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इन हादसों में कई मासूमों और परिवारों ने अपनी जान गंवा दी। दिल्ली में एक बहुमंजिला इमारत में आग से 9 लोगों की मौत हुई, जबकि इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट ने 7 की जान ले ली। तकनीक और विकास के इस दौर में हम आग जैसी बुनियादी आपदा से निपटने में इतने असहाय क्यों हैं? क्या हमारी सुरक्षा प्रणालियां केवल कागजों तक सीमित हैं? दिल्ली और इंदौर की घटनाओं ने उजागर किया है कि अवैध निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन निकासी के अभाव ने इमारतों को 'डेथ ट्रैप' बना दिया है।

# अग्नि तांडव-सुरक्षा तंत्र



### मौत का मंजर और चूक के बिंदु

- हालिया घटनाओं में सबसे बड़ी चूक बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन और अवैध भंडारण रहा है।
- दिल्ली (पालम हादसा) : इमारत में कॉस्मेटिक और बिजली के तारों का स्टॉक था, जिसने आग को तेजी से भड़काया। एकमात्र सीढ़ी होने के कारण लोग फंस गए।
- इंदौर (तिलक नगर) : घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक कार की चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे वहां रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया।
- निकासी मार्ग का अभाव : इमारतों में केवल एक ही प्रवेश/निकास द्वार होना।
- अवैध व्यावसायिक उपयोग : आवासीय क्षेत्रों में ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण। फायर विभाग से एनओसी लिए बिना संचालन।

### देश के इतिहास में सबसे भीषण अग्निकांड

- भारत ने पिछले तीन दशकों में कई ऐसे हादसे देखे हैं जिन्होंने सुरक्षा नियमों को बदलने पर मजबूर किया, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार अब भी अधूरा है।
- डबवाली स्कूल अग्निकांड (1995) : हरियाणा के सिरसा में एक वार्षिक उत्सव के दौरान लगी आग में 442 लोगों (ज्यादातर बच्चे) की जान गई थी।
- उपहार सिनेमा (1997) : दिल्ली के ग्रीन पार्क में 'बॉर्डर' फिल्म के शो के दौरान आग लगी, जिसमें 59 लोग मारे गए। मुख्य कारण निकास द्वारों का बंद होना था।
- कुंभकोणम स्कूल (2004) : तमिलनाडु में स्कूल में मिड-डे मील की रसोई से लगी भीषण आग में 94 बच्चों की मौत हुई
- आमरी अस्पताल, कोलकाता (2011) : अस्पताल के बेसमेंट में आग के कारण 89 मरीजों की मौत।

### भारत में सुरक्षा बनाम अन्य देश

- भारत में नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) 2016 मुख्य मार्गदर्शिका है, लेकिन यह केवल सिफारिशी है, अनिवार्य नहीं।
- भारत की स्थिति : राज्यों के अपने कानून हैं, लेकिन उनमें एकरूपता की कमी है। राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में आज भी ठोस फायर सेफ्टी कानून का अभाव है।
- यूनाइटेड किंगडम : यहां 'फायर रिस्क असेसमेंट' अनिवार्य है और उल्लंघन पर जेल का प्रावधान है।
- अमेरिका : एनएफपीए मानकों के अनुसार, होटलों में निकास मार्ग की दूरी अधिकतम 23 मीटर होनी चाहिए, जबकि भारत में यह 30 मीटर तक मान्य है।

# ट्रंप बोले-ईरान युद्ध लंबा नहीं चलेगा स्पष्ट समयसीमा बताने से इनकार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से मौजूदा संघर्ष को बताया एक संक्षिप्त अभियान

- सुनिश्चित करेंगे कि संघर्ष के बाद ठीक से संचालित हो ईरान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध ज्यादा लंबा नहीं चलेगा, लेकिन उन्होंने इसके समाप्त होने की कोई स्पष्ट समयसीमा बताने से इंकार किया है जिससे अमेरिकी रणनीति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस संघर्ष को एक संक्षिप्त अभियान बताया और संकेत दिया कि यह कुछ हफ्तों में समाप्त हो सकता है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि वह बीते समय की बात कर रहे थे या आने वाले समय की।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अभी हटने के लिए तैयार नहीं है, लेकिन बहुत जल्द वापसी कर सकता है। ट्रंप ने युद्ध के बाद की योजनाओं पर पूछे जाने पर केवल सामान्य रूपरेखा दी और कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि संघर्ष के बाद ईरान ठीक से संचालित हो। ट्रंप ने वरिष्ठ ईरानी नेताओं की हत्या पर टिप्पणी करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि इससे कूटनीति जटिल हो गयी है और हमें नहीं पता कि बातचीत किससे करें।

नाटो को लेकर अपनी आलोचना दोहराते हुए ट्रंप ने सहयोगियों द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले प्रयास का समर्थन न करने पर नाराजगी जताई और यूरोपीय देशों के रुख को बहुत बड़ी गलती बताया। उन्होंने ब्रिटेन और फ्रांस का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर समर्थन नहीं दे रहे हैं, जो एक बड़ी गलती है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बारे में उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले संकेत दिया था कि पेरिस और लंदन सहित कुछ अन्य देश अमेरिकी पहल में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फ्रांस ने कहा है कि वह नौसैनिक एस्कॉर्ट मिशन पर तभी विचार करेगा जब तेहरान के साथ तनाव कम होगा। वहीं ब्रिटेन ने सैन्य अभियानों में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है, जबकि अन्य एशियाई और यूरोपीय सहयोगी भी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और बहरीन जैसे खाड़ी देशों की रक्षात्मक तैयारियों की सराहना की।



### अप्रयुक्त हथियारों से हमले का जवाब देगा ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना अमेरिका और इजरायल के खिलाफ अपने अभियान में ऐसे हथियारों को तैनात करने की योजना बना रही है जिनका इस्तेमाल पहले कभी नहीं किया गया है। यह बात बुधवार को ईरानी सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कही। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के भीतर कई ठिकानों पर हमले कर अपने सैन्य अभियान की शुरुआत की थी। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जान गयी। ईरान ने इसके जवाब में इजरायल के इलाके और पश्चिमी एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### यूएई ने की ईरान के हमलों की कड़ी निंदा

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नागरिक ठिकानों पर हमले संप्रभुता का घोर उल्लंघन हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। नाहयान ने बुधवार को कहा कि बिना उकसावे के किए गए ये हमले पिछले 18 दिनों से जारी हैं, जिनमें 2,000 से अधिक मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए देशभर में महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों पर हमले किए गए।

# मोदी ने 59 सांसदों को दी विदाई बोले-राजनीति में फुल स्टॉप नहीं

- राज्यसभा में सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को भावभीनी विदाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदाई देते हुए बुधवार को संसद को एक खुला विश्वविद्यालय करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा राजनीति में 'फुल स्टॉप' नहीं होता।

उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है – यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुनः सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।

मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं – पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाई में बिताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है। यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे उपसभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें मृदुभाषी और विनम्र लेकिन कठोर कार्रवाई करने वाला व्यक्ति बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे आठवले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएं देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने दो सदनों वाली संसदीय संरचना में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया की तुलना दूसरी राय लेने से की और कहा कि यह लोकतांत्रिक निर्णय को मजबूत बनाता है।

### राज्यसभा का सदन एक खुला विश्वविद्यालय



प्रधानमंत्री ने कहा एक सदन में लिए गए निर्णय को दूसरे सदन में दूसरी राय के लिए भेजा जाता है। यह पूरे बहस और निर्णय लेने की प्रक्रिया को नई दिशा देता है। मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि सेवानिवृत्त हो रहे कुछ सदस्यों ने पुराने और नए संसद भवन दोनों में सेवा की। उन्होंने छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को जीवन को आकार देने का अमूल्य अवसर बताया और कहा कि इससे सांसदों को राष्ट्रीय मामलों की गहन समझ प्राप्त होती है। छह साल के राज्यसभा कार्यकाल को उन्होंने परिवर्तनकारी अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा यह सदन एक खुला विश्वविद्यालय है। यह राष्ट्रीय जीवन की जटिलताओं की गहन समझ हासिल करने का अवसर देता है। एक तरह से, यहां औपचारिक शिक्षा और प्रारंभिक प्रशिक्षण दोनों मिलता है। संसद में प्राप्त अनुभव वास्तव में व्यापक और मूल्यवान हैं।

# स्वेच्छा से देश छोड़ने पर अवैध प्रवासियों को देंगे 2600 डॉलर

- अमेरिकी गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर की बोनस की पेशकश

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के गृह मंत्रालय ने पोस्टर जारी कर भारत सहित अन्य देशों के अवैध अप्रवासियों को मुफ्त में स्वदेश भेजने के साथ-साथ 2600 अमेरिकी डॉलर का निर्वासन बोनस देने की पेशकश की है। अमेरिका के गृह मंत्रालय (डीएचएस) ने देश में रहने वाले अवैध अप्रवासियों को लक्षित करके शुरू की गई स्व-निर्वासन पहल को बढ़ावा देने के लिए ताजमहल और कोलंबिया और चीन के प्रमुख स्थलों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया है।

डीएचएस ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि सीबीपी होम (अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा विकसित ऐप) का उपयोग करके स्वयं को निर्वासित करने पर आपको घर वापसी की मुफ्त उड़ान और 2,600 अमेरिकी डॉलर का निकासी बोनस मिलेगा।

प्रोजेक्ट होमकमिंग नामक यह पहल पिछले साल मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद शुरू की गई थी। डीएचएस ने प्रवासियों को प्रक्रिया शुरू करने के लिए सीबीपी ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है, जिससे वे स्वेच्छा से देश छोड़ने के अपने इरादे के तहत पंजीकरण कर सकें, अपने विवरण जमा कर सकें और यात्रा सहायता और कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली वित्तीय प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी कर सकें। डीएचएस के मुताबिक जनवरी 2025 में योजना के शुरू होने के बाद से 22 लाख से अधिक अवैध अप्रवासियों ने लाभ उठाया है।

## ऊर्जा संकटः यूएस ने दी जहाजरानी प्रतिबंधों में ढील

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण बढ़ती ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संकट से निपटने के लिए देश के भीतर तेल, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की शिपिंग पर लगे प्रमुख प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस निर्णय की जानकारी दी है। अमेरिकी प्रशासन ने जहाजरानी संबंधी कानून 'जोन्स एक्ट' में अगले 60 दिनों के लिए छूट देने का फैसला किया है। इस छूट के बाद अब विदेशी झंडे वाले जहाजों को भी अमेरिकी बंदरगाहों के बीच तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक और कोयले जैसी वस्तुओं के परिवहन की अनुमति होगी। आमतौर पर जोन्स एक्ट के तहत अमेरिकी बंदरगाहों के बीच माल की ढुलाई केवल अमेरिका में पंजीकृत और निर्मित जहाजों द्वारा ही की जा सकती है।

# राजपाल यादव की सजा एक अप्रैल तक निलंबित

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा, अभिनेता को जेल नहीं भेजेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को अभिनेता राजपाल यादव की सजा को निलंबित रखने की मियाद एक अप्रैल तक बढ़ाते हुए कहा कि चेक बाउंस मामलों में दोषी ठहराए जाने के संबंध में उन्हें जेल नहीं भेजा जाएगा क्योंकि उन्होंने 'पर्याप्त' भुगतान कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने टिप्पणी की कि उच्च न्यायालय सुनवाई अदालत के फैसले के खिलाफ यादव की अपील पर सुनवाई करेगा और अंततः फैसला सुनाएगा। इसी के साथ उच्च न्यायालय ने अभिनेता के वकील को दलीलें पेश करने को कहा।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं आपकी मुख्य याचिका सुन रही हूं। मैं उन्हें अभी जेल नहीं भेज रही हूं। उन्होंने काफी बड़ी रकम का भुगतान कर दिया है। मैं इस मामले पर फैसला करूंगी।



अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए यादव से कहा कि उनके पास पैसा लौटाने या मामले को चुनौती देने का विकल्प है।

शिकायतकर्ता का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि सजा को निलंबित करने के आदेश के खिलाफ उनका आवेदन लंबित है। अदालत ने रेखांकित किया कि यादव पहले ही 4.25 करोड़ रुपये जमा कर चुके हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता। वह भाग नहीं रहे हैं...।

## म्यांमार आतंकी कनेक्शन में सात विदेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह यूक्रेनी नागरिक और एक अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। इन पर म्यांमार में आतंकी गतिविधियों से जुड़े प्रशिक्षण देने का आरोप है। एनआईए के अनुसार, सभी आरोपी अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और म्यांमार में हथियार चलाने तथा ड्रोन ऑपरेशन का प्रशिक्षण देने में कथित रूप से शामिल थे। जांच में यह भी सामने आया है कि प्रशिक्षण में इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन यूरोप से खरीदे गए थे। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 11 दिनों की एनआईए हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल एजेंसी आरोपियों से अवैध प्रवेश, हथियार प्रशिक्षण, ड्रोन संचालन, ड्रोन खरीद नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** – आज अपने रसूख के कारण आप अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क** – आज दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** – आज अकारण लोगों से विवाद हो सकता है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। भाग्य का साथ न मिलने से काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला** – आज सुबह काम का तनाव रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** – आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। व्यापार को लेकर आपके मन में आइडियाज आते रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिंतित रहेंगे।


**मकर** – आज का दिन नए काम की शुरुआत करने के लिए अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**कुंभ** – आज आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं।

**मीन** – आज आपको जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 19 मार्च, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 06 .52 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 20 मार्च 04 .52 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेष, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तर भाद्रपद 20 मार्च 04 .05 तक तत्पश्चात रेवती।

### सुडोकू - 92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

### सुडोकू -93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

## अफगानिस्तान में नशामुक्ति केंद्र पर हमले की जांच हो

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तानी हवाई हमले की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग की है। इस हमले में करीब 400 लोगों की मौत और 250 के घायल होने की खबर है। यूएनएचसीएचआर के प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने कहा कि इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तहत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

**साक्षात्कार** | ईरानी विदेशमंत्री बोले-नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद हम पहले की नीति पर कायम

# ईरान की परमाणु नीति में कोई बड़ा बदलाव नहीं : अराघची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि इजरायल-अमेरिका के हमलों में सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद हुए नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद देश की परमाणु नीति में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अराघची ने अल जज़ीरा को दिए साक्षात्कार में बताया कि 2000 के दशक की शुरुआत में तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा जारी एक धार्मिक फतवे में सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी ऐसे संवेदनशील समय में आई है जब ईरान बाहरी दुनिया को नीति की निरंतरता का संकेत देना चाहता है, हालांकि मौजूदा सैन्य दबाव के बीच नई नेतृत्व व्यवस्था इस सिद्धांत की व्याख्या कैसे करेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

अराघची ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे धार्मिक आदेश उस इस्लामी विधिवेत्ता से जुड़े होते हैं, जो उन्हें जारी करता है। ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रुख का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, फतवे उस इस्लामी विद्वान पर निर्भर करते हैं जो उन्हें जारी करता है" और वह अभी उनके धार्मिक या राजनीतिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी नहीं कर सकते। उनकी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि ईरान की परमाणु नीति अपने मूल रुख में व्यापक रूप से निरंतरता बनाए रखेगी, हालांकि नेतृत्व परिवर्तन से कुछ हद तक रणनीतिक अनिश्चितता भी उत्पन्न हुई है। यह मुद्दा वर्तमान संघर्ष के केंद्र में बना हुआ है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली जैसे पश्चिमी देश तथा इजरायल लंबे समय से ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने का आरोप लगाते रहे हैं।



### ईरान के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य शांतिपूर्ण

ईरान, अमेरिका-इजरायल और अन्य देशों के परमाणु हथियार विकसित करने के आरोपों से इनकार करता रहा है और अपने परमाणु कार्यक्रम को ऊर्जा एवं अनुसंधान जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है। इस तरह की जानकारी है कि उसने उच्च स्तर पर यूरेनियम संवर्धन किया है और उसके पास बड़े यूरेनियम के विशाल भंडार मौजूद हैं।



यह साल बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी निजी प्रदर्शन के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि जिस तरह से हमने विश्व कप खेला और उसे जीता, वह अपने आप में बहुत खास था। लेकिन मेरे लिए व्यक्तिगत तौर पर भी यह साल बहुत अच्छा रहा।
–स्मृति मंधाना

# पूरी जिंदगी नहीं खेल सकते, इसलिए पढ़ाई जरूरी : सिंधु



**गुरुग्राम, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है। क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है।

पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको 'रिटायर' होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी।

- **पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में बातचीत के दौरान शिक्षा के महत्व पर दिया जोर**

इस खिलाड़ी ने कहा आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी।

उन्होंने कहा कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधु ने कहा सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बमबारी के चलते हवाई क्षेत्र बंद करने की वजह से उन्हें कुछ दिनों के लिए दुबई में रुकना पड़ा था। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान लगने वाली चोटों से उबरना मुश्किल हो सकता है, इसलिए उन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों से पढ़ाई का एक विकल्प अपने पास रखने की बात कही। सिंधु ने कहा हो सकता है मेरी बात थोड़ी कड़वी लगे, शायद अभी उन्हें यह बात समझ नहीं आए, लेकिन जिंदगी के बाद के पड़ाव में उन्हें यह जरूर समझ आएगा कि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है।

खेल कभी-कभी बहुत जोखिम भरा हो सकता है। इसमें कभी भी चोट लग सकती है। उन्होंने कहा चोट से आपका करियर खत्म हो सकता है, आपकी सर्जरी हो सकती है। और चोटें बताकर नहीं आतीं, बस हो जाती हैं।

ऐसे समय में, आपको यह पक्का करना होता है कि आप जिंदगी में हर चीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2015 को याद किया जब उनके बाएं पैर में 'स्ट्रेस फ्रैक्चर' हो गया था जिससे उनका करियर खत्म होने का खतरा पैदा हो गया था और उन्हें छह महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था।

## हाईलाइट

### जापान-ऑस्ट्रेलिया में होगा महिला एशिया कप खिताबी मुकाबला

**सिडनी।** खिताब की प्रबल दावेदार जापान की टीम ने बुधवार को सिडनी में दक्षिण कोरिया को 4-1 से आसानी से हराकर महिला एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उसका मुकाबला मेजबान ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार रात यहाँ सेमीफ़ाइनल में मौजूदा चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। रिको उएकी और माइका हमानो ने शुरुआती 25 मिनट में गोल किए, जिसके बाद साकी कुमागाई ने मैच खत्म होने से 15 मिनट पहले हेडर से गोल करके जापान की सेमीफाइनल में शानदार जीत लगभग पक्की कर दी। पूरे मैच के दौरान सटीक पासिंग और बेहतरीन नियंत्रण के साथ खेलते हुए, जापान ने शनिवार को सिडनी में 'मैटिल्डास' (ऑस्ट्रेलियाई टीम) के खिलाफ होने वाले फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

### मारिन ने विश्व कप व एशियाई खेलों के लिए टीम की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन इस साल होने वाले विश्व कप और एशियाई खेलों की टीम को तैयार करने के लिए विदेशी दौरों, मुकाबलों के अनुभव और राष्ट्रीय शिविर के मेल पर भरोसा कर रहे हैं। विश्व कप अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होना है जबकि एशियाई खेल सितंबर में जापान में होंगे। भारतीय महिला टीम 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में एफआईएच हॉकी नेशंस कप में हिस्सा लेगी। टीम के अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा करने तथा जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने का भी कार्यक्रम है। मारिन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमारा अमेरिका और अर्जेंटीना का दौरा है, न्यूजीलैंड में नेशंस कप है और जर्मनी में अभ्यास मैच हैं। हम नीदरलैंड में भी कुछ मैच खेलेंगे।

### शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर और भी मुश्किल : अनाहत



**मुंबई।** विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा मुझे पता है कि यह काफी मुश्किल होने वाला है। शीर्ष-20 में जगह बनाना उतना मुश्किल नहीं था जितना शीर्ष-10 में जगह बनाना होगा क्योंकि अब जब आप इतने ऊंचे स्तर पर होते हैं तो एक भी पायदान ऊपर चढ़ना काफी मुश्किल होता है।

# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में कप्तानी करेंगे ईशान किशन

## आईपीएल 2026 : नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे

**हैदराबाद, एजेंसी**



सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं।

कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, 'पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे।' हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद ईशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सत्र की शुरुआत में ईशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।

### आरसीबी में अब भी कोहली ही हैं मुख्य ताकत : डिविलियर्स


**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में विराट कोहली के हमेशा बने रहने वाले प्रभाव को रेखांकित किया है। उन्होंने कोहली को मौजूदा चैंपियन टीम की पहचान और सफलता के पीछे की मुख्य ताकत बताया है, चाहे वह मैदान के अंदर हो या बाहर। जैसे ही आरसीबी 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपना इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है, 2025 में ऐतिहासिक खिताब जीतने के बाद टीम से उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

### कोहली के आस-पास जुझारू खिलाड़ियों की टीम आरसीबी फिर कमाल कर सकती है: डिविलियर्स

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि 'जुझारू खिलाड़ियों की टीम' विराट कोहली पर से दबाव कम करेगी जिससे मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 में लंबा सफर तय करने के लिए जरूरी ताकत मिलेगी। कोहली आरसीबी के एक अहम खिलाड़ी हैं और वे उस खिताब को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे जिसे उन्होंने 18 साल के लंबे इंतजार के बाद पिछले सत्र में जीता था। आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज डिविलियर्स ने जियोस्टार से कहा विराट यह महसूस कर सकते हैं, उन्हें यह अहसास हो सकता है कि अब सारा बोझ उठाने वाले अकेले वही नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा उनके आस-पास जुझारू खिलाड़ियों की एक टीम है जो सभी ट्रॉफी जीतने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि वे बहुत अच्छी स्थिति में हैं। यह लगभग वही टीम है, उन्हें ज्यादा बदलाव नहीं करने पड़े और उनके पास यह मानने का अच्छा कारण है कि वे आने वाले इस सत्र में फिर से कमाल कर सकते हैं।

### जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के आईपीएल के शुरुआती मैचों में खेलने पर संशय

**बेंगलुरु।** डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड के बिना करने के लिए तैयार दिख रही है और इसमें ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पायेंगे। स्टार खिलाड़ी हेजलवुड अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल पायेंगे, क्योंकि वह चोटों से भरे घरेलू सीजन से उबरने की प्रक्रिया में हैं, इस दौरान वह पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे थे। हेजलवुड को पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, और फिर ठीक होने के दौरान उन्हें एच्लीस टेंडन में भी तकलीफ हो गई थी।



कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 से पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने टीम के साथ जमकर अभ्यास किया। **एजेंसी**

### हर्षित राणा की जगह सिमरजीत आसिफ और वॉरियर पर नजर

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चोटिल हर्षित राणा की जगह भरने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह के अलावा केएम आसिफ और अनुभवी संदीप वॉरियर को अपनी सूची में शामिल किया है। राणा के दाहिने घुटने में खिंचाव आने से केकेआर की तेज गेंदबाजी इकाई को बड़ा झटका लगा है। यह चोट उन्हें भारत के टी20 विश्व कप अभ्यास मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगी थी।



चैंपियंस लीग मैच के दौरान मुकाबला करते रियल मैड्रिड के ब्राहिम डियाज और मैनचेस्टर सिटी के मैथ्यूज नून्स। **एजेंसी**

### चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड व पीएसजी

**मैनचेस्टर।** रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।


पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रियल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया।

# भारत थॉमस और उबेर कप में चीन के ग्रुप में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**थॉमस कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, इंग्लैंड, फिनलैंड
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, डेनमार्क, कोरिया, स्वीडन
ग्रुप डी : इंडोनेशिया, फ्रांस, थाईलैंड, अल्जीरिया।



**उबेर कप ड्रॉ**

ग्रुप ए : चीन, भारत, डेनमार्क, यूक्रेन
ग्रुप बी : जापान, मलेशिया, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका
ग्रुप सी : चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया
ग्रुप डी : कोरिया, थाईलैंड, बुल्गारिया, स्पेन।

भारतीय पुरुष और महिला टीम को क्रमशः थॉमस और उबेर कप के लिए मुश्किल ड्रॉ मिले हैं क्योंकि उन्हें मौजूदा चैंपियन चीन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को ड्रॉ की घोषणा की।

थॉमस कप का 34वां और उबेर कप का 31वां सत्र 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2022 में अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय पुरुष टीम को चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप ''ए'' में रखा गया है। भारत पिछले टूर्नामेंट (2024) के क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गया था जो बाद में विजेता बना था। उबेर कप में भारतीय महिला टीम भी मौजूदा और 16 बार के चैंपियन चीन के साथ ग्रुप ''ए'' में है। मेजबान डेनमार्क और यूक्रेन इस ग्रुप की अन्य टीम हैं। भारत पिछले टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर हो गया था। चीन के पास एक मजबूत पुरुष टीम है जिसमें शी युकी (दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी) और ली शी फेंग (दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी) के अलावा वेंग होंग यांग (दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी) और लू गुआंग झू (दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी) शामिल हैं। भारत को लक्ष्य सेन की हालिया फॉर्म से आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इस खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में उपविजेता रहने के दौरान फेंग को हराया था। भारत ने 2022 में बैंकॉक में अपना पहला थॉमस कप खिताब जीतकर इतिहास रचा था। चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटी कुल 16 टीम राउंड रोबिन लीग खेलेंगी जिसमें हर मुकाबले में पांच मैच (तीन एकल और दो युगल) होंगे। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## हॉकी विश्व कप

नीदरलैंड्स और बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में 15 से 30 अगस्त तक होंगे मुकाबले

# भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को एक ही ग्रुप में जगह

**एम्स्टर्डम, एजेंसी**

भारत व पाकिस्तान की पुरुष टीमों को इसी वर्ष नीदरलैंड्स व बेल्जियम की संयुक्त मेजबानी में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप के एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। 15 से 30 अगस्त तक होने वाले इस वैश्विक आयोजन की ड्रॉ सेरेमनी मंगलवार को एम्स्टर्डम के वैगेनर स्टेडियम में हुई और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही जारी होने की उम्मीद है।

**ग्रुप डी के सभी मैच नीदरलैंड्स में होंगे :** दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों – भारत व पाकिस्तान व इंग्लैंड व वेल्स के साथ पूल डी में जगह दी गई है। इस ग्रुप के सभी मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि क्रिकेट के, जहां भारत व पाकिस्तान कमोबेश हर विश्व कप में एक ही ग्रुप में होते हैं, उलट हॉकी में ये दोनों टीमें 2010 के बाद पहली बार विश्व कप में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

**पुरुष हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस व मलेशिया (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल सी** : ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड व द. अफ्रीका (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
**पूल डी** : इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान व वेल्स (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।

**महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप**

**पूल ए** : नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली व जापान (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।
**पूल बी** : अर्जेंटीना, जर्मनी, अमेरिका व स्कॉटलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल सी – बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड व आयरलैंड (मैच बेल्जियम में खेले जाएंगे)।
पूल डी – चीन, इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका (मैच नीदरलैंड्स में खेले जाएंगे)।



**विश्व कप में 2010 के बाद पहली बार आमने-सामने होंगी भारत-पाक टीमें :** पुरुषों हॉकी विश्व कप के इतिहास में भारत व पाकिस्तान पांच बार एक-दूसरे का सामना कर चुके हैं। भारत तीन जीत के साथ आगे है जबकि पाकिस्तान दो बार जीता है। भारत ने नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पिछले विश्व कप मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी।

**2026 में दोनों टीमों की कम से कम तीन मुलाकातें होंगी :** हॉकी विश्व कप में मुकाबले के अलावा, भारत और पाकिस्तान इस वर्ष दो बार और एक-दूसरे का सामना करेंगे। विश्व कप में मुकाबले से पहले, दोनों टीमें एफआईएच प्रो लीग में दो बार खेलेंगी। इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियन गेम्स में चौथी मुलाकात की संभावना है।

**महिला वर्ग में भारत, चीन, इंग्लैंड व द. अफ्रीका एक ग्रुप में :** इस बीच पुरुष विश्व कप के अलावा महिला हॉकी विव कप के लिए भी ड्रॉ सेरेमनी हुई, जिसमें पाकिस्तान क्वालिफाई नहीं कर पाया है। भारत, चीन, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल डी में है।

